21 फरवरी, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, अष्टमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 124



सीएम हेमंत सोरेन से मिले बोकारो स्टील प्लांट के डायरेक्टर बीरेंद्र कुमार तिवारी।

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

# झारखंड: 10वीं का पेपर लीक विज्ञान और हिंदी की परीक्षा रद्द

## कोडरमा और गिरिडीह से प्रश्न पत्र हुआ लीक, ह्वाट्सएप पर 350 रुपये में बिके

- जैक ने प्रश्न पत्र के मिलान के बाद परीक्षा रद्द का लिया निर्णय, जांच का आदेश
- विपक्ष ने राज्य सरकार पर साधा निशाना

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में मैट्रिक की परीक्षा में पेपर लीक के बाद दो विषयों की परीक्षाओं को रद्द किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड एकेडेमिक काउंसिल (जैक) बोर्ड की 10वीं की परीक्षा में विज्ञान और हिंदी का पेपर लीक हो गया था। इसका खुलासा होने के बाद बोर्ड ने दोनों विषयों की परीक्षा को रद्द करने का निर्णय लिया। यह फैसला प्रश्न पत्र और वायरल हो रहे पेपर का मिलान करने के बाद लिया गया है। उधर, इस मामले को लेकर विपक्ष ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साध रहा है।

**कोडरमा और गिरिडीह से लीक होने की सूचना:** प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों विषयों का पेपर कोडरमा और गिरिडीह से लीक हुआ था। जैक अध्यक्ष ने कोडरमा और गिरिडीह उपायुक्त को जांच करने का आदेश दिया है। बोर्ड ने चौबीस घंटे के अंदर जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है। वहीं, सोशल मीडिया से जुड़े पोर्टल से पूछताछ हो रही है। जैक अध्यक्ष एन हांसदा ने कहा कि पूरे मामले की जांच करने का आदेश दिया गया।





### 18 और 20 फरवरी को हुई परीक्षा रद्द

बता दें कि झारखंड में 18 फरवरी को हिंदी और 20 फरवरी को विज्ञान की परीक्षा का आयोजन किया गया था। हिंदी की परीक्षा से पहले सोशल मीडिया पर वार्षिक परीक्षा में पूछे गये कुछ प्रश्न वायरल हुए थे। पहले तो इसे जैक बोर्ड ने इस बात को खारिज कर दिया था। हालांकि गुरुवार को आयोजित विज्ञान विषय की परीक्षा से पहले बुधवार से ही व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लोगों को 350 रुपये में विज्ञान विषय के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराने का दावा किया जा रहा था। इसके बाद गुरुवार को प्रथम पाली में परीक्षा संपन्न होने के बाद जैक द्वारा पूछे गये प्रश्नों से वायरल प्रश्न पत्रों का मिलान किया गया। कई सवाल एक समान पाये गये। इसके बाद हिंदी और विज्ञान की परीक्षा को रद्द कर दिया गया।

### परीक्षा की नयी तिथि की घोषणा बाद में होगी

झारखंड एकेडेमिक काउंसिल के संज्ञान में यह मामला आने के बाद काउंसिल के सचिव के द्वारा गुरुवार की दोपहर आदेश जारी कर 18 फरवरी को आयोजित हुई वार्षिक माध्यमिक परीक्षा के हिंदी और 20 फरवरी को संपन्न हुई विज्ञान विषय की परीक्षा को रद्द करने का आदेश निकाला है। जैक बोर्ड केआदेश में बताया गया है कि रद्द किये गये विषयों की परीक्षा के आयोजन को लेकर अगली तिथि की घोषणा बाद में प्रकाशित की जायेगी। बता दें कि झारखंड बोर्ड की परीक्षाएं पिछले सप्ताह 11 फरवरी को शुरू हुईं थीं। परीक्षा दो पालियों में हो रही है। बोर्ड की परीक्षाएं तीन मार्च को समाप्त होनी हैं, हालांकि अब दो पेपर रद्द होने के बाद इन्हें आगे बढ़ाया जायेगा। इस बार करीब सात लाख विद्यार्थी जैक बोर्ड की मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

### शिक्षा मंत्री-जैक अध्यक्ष इस्तीफा दें: बाबूलाल मरांडी



रांची (आजाद सिपाही)। जैक की 10वीं की साइंस परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने पर एक बार फिर झारखंड की सियासत गरम हो गयी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि पेपर लीक माफिया के रूप में कुख्यात हेमंत सरकार ने झारखंड को फिर से शर्मसार कर दिया है। शायद यह पहली बार है कि झारखंड में मैट्रिक परीक्षा का पेपर लीक हुआ है। उन्होंने कहा है कि पूरी संभावना है कि जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक करने वाले गिरोह ने ही मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक कांड को अंजाम दिया है। मैट्रिक परीक्षा में पेपर लीक की घटना अस्वीकार्य है। शिक्षा मंत्री और जैक अध्यक्ष नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए तुरंत अपना इस्तीफा दें। राज्य सरकार इस पेपर लीक कांड के सीबीआइ जांच की अनुशंसा कर दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करे।

# रेखा गुप्ता बनी मुख्यमंत्री छह ने ली मंत्री पद की शपथ

## दिल्ली की नौवीं मुख्यमंत्री हैं

प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, कई सीएम और डिप्टी सीएम शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली को रेखा गुप्ता के रूप में नया मुख्यमंत्री मिल गया है। गुरुवार को रेखा गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रेखा गुप्ता को पद की शपथ दिलायी। उनके साथ प्रवेश वर्मा समेत छह विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली। शपथ ग्रहण कार्यक्रम दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत अन्य केंद्रीय मंत्री, एनडीए शासित राज्यों के सीएम, डिप्टी सीएम, सांसद, विधायक और एनडीए के घटक दलों के नेता मौजूद थे।



### यह है रेखा गुप्ता की टीम

रेखा गुप्ता के बाद प्रवेश वर्मा ने दिल्ली के मंत्री पद की शपथ ली। फिर आशीष सूद ने मंत्री पद की शपथ ली। इसके बाद मनजिंदर सिंह सिरसा, कपिल मिश्रा, पंकज सिंह और रविंदर सिंह इंद्राज ने मंत्री पद की शपथ ली। दिल्ली में भाजपा सरकार की शपथ के चार घंटे के बाद ही मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया गया। सीएम रेखा गुप्ता ने गृह और वित्त मंत्रालय अपने पास रखा है। प्रवेश वर्मा को डिप्टी सीएम बनाया गया है। उन्हें शिक्षा, परिवहन और पीडब्ल्यूडी की जिम्मेदारी दी गयी है।

**दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री:** रेखा गुप्ता दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। उनसे पहले आतिशी, शीला दीक्षित और सुषमा स्वराज दिल्ली की महिला सीएम रही हैं। वैसे रेखा दिल्ली की नौवीं सीएम हैं। रेखा गुप्ता शालीमार बाग से चुनाव जीती हैं। उन्होंने तीन बार की आम आदमी पार्टी विधायक रहीं बंदना कुमारी को हराया है।

# हाइकोर्ट जजों के खिलाफ लोकपाल जांच पर लगी रोक

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, यह बहुत परेशान करने वाला

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लोकपाल के उस आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें कहा गया था कि हाइकोर्ट के जजों के खिलाफ शिकायतों की जांच करना लोकपाल के अधिकार क्षेत्र में आता है। जस्टिस बीआर गवई, जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस अभय एस ओका की बेंच ने गुरुवार को मामले पर खुद सुनवाई की और कहा कि यह बहुत परेशान करने वाली बात है। कोर्ट ने केंद्र सरकार, लोकपाल रजिस्ट्रार, शिकायतकर्ता को नोटिस जारी करते हुए निर्देश दिया कि 18 मार्च को अगली सुनवाई होगी। तब तक जजों के नाम और शिकायत का खुलासा नहीं करना है।



### महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी

मुंबई (आजाद सिपाही)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। मुंबई पुलिस को गुरुवार सुबह एक अज्ञात कॉल आया था। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोरेगांव, जेजे मार्ग पुलिस स्टेशनों और राज्य सरकार के मुख्यालय मंत्रालय के कंट्रोल रूम में कॉल आये। कॉल करने वाले ने शिंदे की कार को बम से उड़ाने की धमकी दी।

## न्यूज रील्स

### महाराष्ट्र के कृषि मंत्री को धोखाधड़ी मामले में दो साल की सजा

नासिक। महाराष्ट्र के नासिक में एक अदालत ने गुरुवार को राज्य के कृषि मंत्री और एनसीपी नेता माणिकराव कोकाटे को दो साल की जेल की सजा सुनायी और 50 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। उनके खिलाफ 30 साल पहले सरकारी कोटे के फ्लैट लेने के लिए फर्जी डॉक्यूमेंट जमा करने का आरोप था। कोकाटे ने कॉलेज रोड पर येओलेकर माला में 10 प्रतिशत कोटे के तहत दो फ्लैट प्राप्त किये थे। उन्होंने दावा किया था कि उनके पास फ्लैट नहीं हैं और वे कम आय समूह के अंतर्गत आते हैं।

### कर्नाटक में कश्मीरी एमबीबीएस छात्र से रैगिंग और मारपीट

बेंगलुरु । कर्नाटक के बीजापुर में अल-अमीन मेडिकल कॉलेज में कश्मीर के रहने वाले एमबीबीएस सेकेंड इयर के छात्र के साथ रैगिंग और मारपीट का मामला सामने आया है। मामले में जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया को चिट्ठी लिखकर कार्रवाई की मांग की है। घटना की जानकारी देते हुए जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने बताया कि पीड़ित छात्र हामिम कश्मीर 18 फरवरी को कॉलेज में हो रहे क्रिकेट मैच देखने गया था, उसी दौरान उससे बदसलूकी और मारपीट की गयी।

### एक ही परिवार की तीन महिलाओं की संदिग्ध मौत

कोलकाता। कोलकाता के टेंगरा इलाके में एक ही परिवार की तीन महिलाओं के शव उनके घर में संदिग्ध हालत में मिले, जबकि परिवार के तीन अन्य सदस्य कार दुर्घटना में घायल हो गये। पुलिस के अनुसार तीनों महिलाओं के शव घर की तीसरी मंजिल पर अलग-अलग कमरों में मिली, जिनकी कलाई कटी हुई थी।

# रांची के अपर बाजार में लगी आग, मची अफरा-तफरी

कपड़ा व्यापारियों को करोड़ों रुपये के नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी के कोतवाली थाना क्षेत्र के अपर बाजार स्थित महावीर चौक के पास एक मार्केट कांप्लेक्स में गुरुवार सुबह अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गयी। अग्निशमन विभाग के गाड़िया मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जिस कांप्लेक्स में आग लगी है, उसमें कपड़े के थोक विक्रेताओं की कई दुकानें हैं। लगभग सभी दुकानों को भारी नुकसान हुआ है।

**शॉर्ट सर्किट से लगी आग:** स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार की सुबह रांची में बारिश के साथ बिजली भी लगातार कड़क रही थी। इसी दौरान शॉर्ट सर्किट होने की वजह अपर बाजार के महावीर चौक स्थित शर्मा कांप्लेक्स में अचानक आग लग गयी। इसके बाद तुरंत कोतवाली पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचना दी गयी। आधे घंटे के भीतर अग्निशमन विभाग की टीम छह दमकल वाहनों के साथ मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने की कोशिश में जुट गयी।



**भारी नुकसान का अनुमान:** शर्मा टावर अपर बाजार के थोक कपड़ा व्यापारियों का बड़ा कारोबारी केंद्र है। चार मंजिल के भवन में सबसे ऊपरी तल्ले में आग लगी थी। जो नीचे दो तल्ले तक फैल गयी। इस आग में करोड़ों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

### घंटों मशक्कत के बाद पाया गया काबू

आग लगने की सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मियों ने अपनी जान पर खेलकर आग पर काबू पाया। उन्हें सीढ़ी के सहारे अलग-अलग तल्ले पर पहुंचकर आग पर काबू पाना पड़ा। घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका।

### राहुल गांधी की नागरिकता मामले की सुनवाई 26 मार्च को

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दिल्ली हाइकोर्ट ने केंद्र सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 26 मार्च को तय की है। भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने 2019 में केंद्रीय गृह मंत्रालय में एक शिकायत दर्ज कर आरोप लगाया था कि राहुल गांधी द्वारा ब्रिटिश अधिकारियों को सौंपे गये दस्तावेज में खुद को ब्रिटिश नागरिक घोषित किया है। स्वामी ने तर्क दिया कि यह भारतीय संविधान और नागरिकता अधिनियम का उल्लंघन है और यह ब्रिटिश पासपोर्ट रखने के बराबर है। कोर्ट ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल चेतन शर्मा से कहा कि याचिकाकर्ता (स्वामी) मूल मुद्दे पर कोई फैसला नहीं चाहते, बल्कि केवल यह जानना चाहते हैं कि उनके द्वारा भेजे गये आवेदन पर कोई कार्रवाई होगी या नहीं।





# महाकुंभ में अब तक 56.75 करोड़ श्रद्धालुओं ने किया स्नान

संगम आने और जाने वाले रास्तों पर भीड़

आजाद सिपाही संवाददाता

**प्रयागराज।** संगम में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का पहुंचना लगातार जारी है। महाकुंभ के 39वें दिन भी श्रद्धालुओं में उत्साह देखा जा रहा है। संगम में डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। संगम की ओर आने जाने वाले रास्तों पर भीड़ है। मेले का समापन निकट है फिर भी श्रद्धालुओं के उत्साह में कोई कमी नहीं है। गुरुवार को भी आस्थावान लोग संगम मे श्रद्धा के साथ डुबकी लगाने पहुंचे। अब तक 56 करोड़ से अधिक लोग संगम में डुबकी लगा चुके हैं। अनुमान है कि मेले की समाप्ति तक डुबकी लगाने वालों की संख्या 60 करोड़ के पास होगी या पार होगी। उधर, प्रयागराज में गंगा घाटों की लगातार सफाई की जा रही है। सफाइकर्मी दिनभर गंगा से फूल-माला और अन्य सामग्री निकालते रहते हैं।



**सुबह से ही संगम के रास्तों पर भीड़:** गुरुवार को सुबह से ही संगम आने वाले सभी रास्तों पर 8 से 10 किमी तक श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देने लगी थी, जो देर शाम तक जारी रहा। शहर के बाहर पार्किंग में ही वाहनों को रोका जा रहा है। वहां से शटल बस और ई-रिक्शा से श्रद्धालु महाकुंभ पहुंच रहे हैं। गुरूवार को शाम तक 85 लाख से अधिक श्रद्धालु डुबकी लगा चुके थे। 13 जनवरी से अब तक 56.75 करोड़ श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। संगम तट पर भीड़ न हो, इसलिए पुलिस श्रद्धालुओं से स्नान करके वहां से हटने की अपील कर रही है। यूनेस्को के दक्षिण एशिया क्षेत्रीय कार्यालय के निदेशक टिम कर्टिस ने महाकुंभ में पहुंचकर संगम में डुबकी लगायी।

### 26 फरवरी तक स्कूलों में ऑनलाइन कक्षाएं

प्रयागराज में भीड़ को देखते हुए स्कूलों में आठवीं तक की कक्षाएं ऑनलाइन होंगी। जिला शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार तिवारी ने इस संबंध में 20 फरवरी को आदेश जारी किया। उधर, मेला खत्म होने में 6 दिन और बचे हैं। प्रशासन का अनुमान है कि शुक्रवार से महाकुंभ में भीड़ बढ़ेगी, क्योंकि यह महाकुंभ का आखिरी सप्ताहअंत है। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि स्नान के साथ मेला खत्म हो जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 80700 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 101000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# मोदी और संघ का मास्टर स्ट्रोक है रेखा गुप्ता का चयन

## ■ दिल्ली का मुख्यमंत्री चुनने में हुई देरी का कारण अब आया सामने

## ■ संघ और भाजपा की बेहतरीन केमिस्ट्री ने तैयार किया लंबा प्लान

हरियाणा के जींद की रहने वाली रेखा गुप्ता दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री बन गयी हैं। दिल्ली में भाजपा विधायक दल की बैठक में उन्हें नेता चुना गया। रेखा छात्र जीवन से राजनीति में सक्रिय थीं। रेखा कॉलेज टाइम से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ी रही हैं। आरएसएस ने रेखा गुप्ता के नाम का प्रस्ताव रखा, जिसे भाजपा ने मान लिया। आरएसएस की सहमति के बाद ही भाजपा हाइकमान ने रेखा गुप्ता के नाम को मंजूरी दी। इसके बाद विधायक दल की बैठक में रेखा गुप्ता को दिल्ली का सीएम चुना गया। पीएम मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और हरियाणा सीएम नायब सैनी जैसे भाजपा दिग्गजों ने उनके लिए प्रचार किया था। रेखा गुप्ता को सीएम चुनने के पीछे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोची-समझी रणनीति है। कहा जा रहा है कि इस कारण ही दिल्ली का नया सीएम चुनने में 11 दिन की देरी हुई। अभी भाजपा की 21 राज्यों में सरकार है, लेकिन किसी भी राज्य में महिला मुख्यमंत्री नहीं हैं। रेखा गुप्ता को सीएम बनाने के पीछे पहली वजह उनका वैश्य समुदाय का होना है। इसके अलावा वह महिला हैं, तो स्वाभाविक तौर पर भाजपा को इसका लाभ मिलेगा। भाजपा को दिल्ली में एक ऐसा चेहरा चाहिए था, जो न केवल जातीय और सामाजिक संतुलन की कसौटी पर खरा उतरे, बल्कि आक्रामक हिंदुत्व की विचारधारा को भी आगे बढ़ा सके। इसके अलावा भाजपा को संघ के साथ अपने संबंधों को भी मजबूत दिखाना जरूरी थी। इसलिए उसने रेखा गुप्ता के नाम पर सहमति दे दी। क्या है रेखा गुप्ता को सीएम बनाने के पीछे की रणनीति और क्या है इसकी अंदरूनी कहानी, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष



राकेश सिंह

दिल्ली विधानसभा चुनाव का परिणाम घोषित होने के 11 दिन बाद अंततः भाजपा ने रेखा गुप्ता को राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र की कमान सौंप दी है। रेखा गुप्ता पहली बार विधायक बनी हैं, लेकिन विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के साथ उनका पुराना संबंध है। दिल्ली में रेखा गुप्ता को भाजपा का आक्रामक चेहरा माना जाता है और वह पार्टी के कार्यक्रमों में काफी मुखर भी रही हैं। राजनीतिक हलकों में रेखा गुप्ता को सीएम चुने जाने पर आश्चर्य जताया जा रहा है, लेकिन यदि संक्षेप में कहा जाये, तो उनका चयन पीएम मोदी और संघ के मास्टर स्ट्रोक का नतीजा है। इसके पीछे की कहानी बेहद दिलचस्प है।

### कौन हैं रेखा गुप्ता

रेखा गुप्ता के पिता जयभगवान बैंक ऑफ इंडिया में काम करते थे। साल 1972-73 में वह मैनेजर बने, तो उनकी बदली दिल्ली हो गयी। इसके बाद परिवार दिल्ली शिफ्ट हो गया। इस वजह से रेखा की स्कूल की पढ़ाई से लेकर स्नातक और एलएलबी की पढ़ाई दिल्ली में ही हुई। रेखा की साल 1998 में कारोबारी मनीष गुप्ता से शादी हुई। हालांकि अब भी उनका परिवार जुलाना में कारोबार करता है। दिल्ली से सटे हरियाणा से ताल्लुक रखने की वजह से रेखा गुप्ता का अपने गृह राज्य में आना-जाना होता रहता है। रेखा गुप्ता ने दिल्ली विश्वविद्यालय से पढ़ाई की है और कॉलेज टाइम से ही वह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से जुड़ी रहीं। रेखा गुप्ता दिल्ली यूनिवर्सिटी छात्रसंघ में अध्यक्ष और सचिव पद का चुनाव भी जीता था। इसके अलावा वह तीन बार दिल्ली नगर निगम में पार्षद रही हैं। रेखा ने इससे पहले भी दो बार विधानसभा चुनाव लड़ा। पहली बार वह 11 हजार वोटों से हार गयी थीं, तो पिछले चुनाव में आम आदमी पार्टी की वंदना से साढ़े चार हजार वोटों से हार गयी थीं। इस बार वह शालीमार बाग सीट से पहली बार जीती हैं।

### क्यों चुना गया रेखा गुप्ता को

रेखा गुप्ता को सीएम चुने जाने के पीछे बताया जाता है कि पिछले साल के लोकसभा चुनावों में तालमेल की दिक्कतों के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक बार फिर अपने सबसे अहम काम, यानी भाजपा पर अपनी पकड़ मजबूत करने में जुट गया है। चुनावी माहौल बनाने से लेकर संगठन में एकता बनाये रखने तक संघ ने एक बार फिर अपने संगठनों और अपनी राजनीतिक शाखा-भाजपा पर अपना दबदबा साबित किया है। पहले हरियाणा, फिर महाराष्ट्र और अब दिल्ली में संघ की विचारधारा की मजबूती, सुव्यवस्थित अभियान चलाने और कार्यकर्ताओं में एकता सुनिश्चित करने की क्षमता ने भाजपा और उसके राजनीतिक भविष्य के लिए उसे एक मजबूत आधार बना दिया है। रेखा गुप्ता संघ की पसंद हैं और उनकी नियुक्ति से साबित हो गया है कि संघ और भाजपा के बीच तालमेल में अब कोई दिक्कत नहीं है। दिल्ली में सीएम चुनने के लिए संघ शुरू से ही सक्रिय था। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संघ प्रमुख मोहन भागवत और संगठन महासचिव दत्तात्रेय होसबोले के साथ बैठक की, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद थे। यह बैठक दिल्ली में संघ के नये कार्यालय 'केशव कुंज पथ' में हुई। इसी बैठक के बाद पार्टी ने शाम को रेखा गुप्ता को दिल्ली का नाम घोषित किया।



### रेखा गुप्ता क्यों हैं आरएसएस की पसंद

रेखा गुप्ता का आरएसएस से गहरा नाता रहा है। उनकी राजनीति की शुरुआत अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से हुई थी। यह उनकी विचारधारा और पार्टी के मूल मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। कई वरिष्ठ भाजपा नेता, जिनमें कुछ बड़े नाम भी शामिल थे, मुख्यमंत्री पद के दावेदार माने जा रहे थे, लेकिन संघ ने साफ कर दिया कि वह नहीं चाहता कि भाजपा को 'वंशवाद' को बढ़ावा देने वाली पार्टी के तौर पर देखा जाये। इसी वजह से चर्चित नेता प्रवेश साहिब सिंह वर्मा का नाम रद्द कर दिया गया। संघ ने यह भी दोहराया कि वह एक नया चेहरा चाहता है, जो मातृशक्ति (जैसा कि वह महिला नेताओं को कहता है) हो और जो सबको साथ लेकर चल सके। संघ ने विजेंदर गुप्ता का भी समर्थन किया, जिन्हें अब दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष बनाया गया है, क्योंकि उन्होंने वर्षों तक जमीनी स्तर पर काम किया है और संगठन को एकजुट रखा है।

### हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली पर आरएसएस ने मजबूत की पकड़

हालिया विधानसभा चुनावों और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच आरएसएस ने अपनी भूमिका बढ़ा दी है, चाहे वह हरियाणा में व्यापक जमीनी काम के जरिये हो, महाराष्ट्र में नेतृत्व संतुलन बनाकर हो या फिर दिल्ली में अपनी विचारधारा की पकड़ मजबूत करके। भाजपा के चुनावी अभियान और सरकार चलाने की रणनीति के पीछे आरएसएस का मार्गदर्शन अब साफ दिखाई देता है।

हरियाणा लंबे समय से ऐसा राज्य रहा है, जहां आएसएस-भाजपा का नेटवर्क साथ मिलकर काम करता रहा है, खासकर गैर-जाट वोटों को संगठित करने और हिंदुत्व की भावना को मजबूत करने में। भाजपा के अंदरूनी संघर्षों के बावजूद आरएसएस ने स्थिरता बनाये रखने में अहम भूमिका निभायी, जिससे पार्टी अपनी विचारधारा से जुड़ी रही। हाल ही के चुनावों में संघ से जुड़े संगठन और उसके सहयोगी बूथ स्तर पर काम करने से लेकर हिंदुत्व और राष्ट्रवाद को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से शामिल थे। महाराष्ट्र में संघ की भूमिका सिर्फ कार्यकर्ता जुटाने तक सीमित नहीं थी, बल्कि उसने गठबंधन बनाने और राजनीतिक समीकरण तय करने में भी अहम भूमिका निभायी। शिवसेना के विभाजन के बाद आरएसएस ने यह सुनिश्चित किया कि भाजपा महाराष्ट्र की राजनीति में केंद्र में बनी रहे। संघ का प्रभाव इस बात से साफ झलकता है कि इसने कैसे गुटबाजी को नियंत्रित किया और यह सुनिश्चित किया कि हिंदुत्व जातिगत राजनीति से ऊपर उठकर मुख्य चुनावी मुद्दा बना रहे। लेकिन दिल्ली दूसरे राज्यों के मुकाबले भाजपा के लिए एक बड़ी चुनौती और हमेशा से एक प्रतीकात्मक और रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य रही है। यहां आरएसएस की उपस्थिति अब पहले से कहीं ज्यादा साफ दिखाई दे रही है। चाहे वह संगठनात्मक शिविर हों, विचारधारा से जुड़े प्रशिक्षण सत्र हों या फिर भाजपा की दिल्ली की रणनीति में सीधे तौर पर शामिल होना हो, आरएसएस यह सुनिश्चित कर रहा है कि उसके संगठन और कार्यकर्ता उसकी मूल विचारधारा से न भटकें। झंडेवालान में आरएसएस के दिल्ली मुख्यालय 'केशव कुंज पथ' का पुनर्निर्माण भी राजधानी और देश की राजनीति पर उसके बढ़ते नियंत्रण का संकेत माना जा रहा है। इसके अलावा बड़े भाजपा नेताओं को आरएसएस के साथ अपने सीधे संबंधों को फिर से मजबूत करते हुए देखा जा रहा है, जिससे पार्टी आरएसएस के दीर्घकालिक विजन के साथ बनी रहे।

रेखा गुप्ता को सीएम बनाने के पीछे पीएम मोदी और संघ की रणनीति यही है कि इससे संघ-भाजपा की महिला विरोधी छवि खत्म हो और इसका लाभ इस साल के अंत में होनेवाले बिहार विधानसभा चुनाव में भी उठाया जा सके। यह दांव वाकई एक मास्टर स्ट्रोक है।

---

# कैलेंडर बना कर सभी उपायुक्त कार्यों का करें निपटारा: मुख्य सचिव

**मुख्य सचिव ने योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को दूर करने का दिया निर्देश**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य सचिव अलका तिवारी ने जिला स्तर पर विभिन्न कारणों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं का समाधान समन्वय बना कर करने का दिया निर्देश दिया है। उन्होंने राज्य के तमाम उपायुक्तों को कहा कि वे कैलेंडर बना कर कार्यों का निपटारा करें। कैलेंडर के अनुसार विभिन्न मसलों से जुड़ी बैठकें करें। उसकी रिपोर्ट ससमय विभागों को दें। इससे जहां योजना क्रियान्वयन में गति आयेगी, वहीं विभागों को भी सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि योजनाओं के बाधित होने से उसमें खर्च हुई राशि का लाभ भी राज्य को नहीं मिल पाता है, इसलिए योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करते हुए आ रही समस्या के समाधान पर फोकस करें। वह गुरुवार को विभिन्न विभागों की उन योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं, जो जिला स्तर पर इस या उस कारण से बाधित हैं, अथवा लेटलतीफी के शिकार हैं।



**समन्वय बनाते हुए समस्याएं दूर करें**

**उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से बताया गया कि विभिन्न जिलों में डिग्री कॉलेज, पोलिटेक्निक कॉलेज और राजकीय अभियंत्रण कॉलेज निर्माण के लिए जमीन की समस्या बनी हुई है। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को संबंधित विभाग से समन्वय बनाते हुए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने स्कूली शिक्षा विभाग द्वारा क्वालिटी एजुकेशन के लिए संपर्क फाउंडेशन की सहायता से चयनित स्कूलों में उपलब्ध कराए गये संसाधन के समुचित उपयोग पर बल देते हुए कहा कि यह राज्य के हित में होगा।**

**रुकावटों को जल्द से जल्द दूर करें :** मुख्य सचिव की समीक्षा में उजागर हुआ कि अधिकांश योजनाओं की प्रगति 70 से 80 प्रतिशत तक हो चुकी है और बाकी बचे काम को पूर्ण करने में रुकावटें आ रही हैं। मुख्य सचिव ने नगर विकास विभाग की रांची शहरी सीवरेज स्कीम, वाटर सप्लाई स्कीम और पम्पिंग स्टेशन के क्रियान्वयन में जमीन को लेकर आ रही समस्या का समयबद्ध तरीके से समाधान का निर्देश दिया। रांची के उपायुक्त ने अधिकांश मामले में समाधान होने की जानकारी दी। उसी तरह रामगढ़, धनबाद, कोडरमा, साहिबगंज, सरायकेला-खारसावां, पश्चिमी सिंहभूम, पलामू और बोकारो में शहरी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट और वाटर सप्लाई योजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए जमीन की समस्या सामने आयी। उपायुक्तों को विशेष पहल कर जमीन की उपलब्धता ससमय सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से बताया गया कि नल से जल योजना द्वारा प्रत्येक घर को जोड़ने और शौचालय बना गांवों को ओडीएफ घोषित करने की स्थिति लगभग अंतिम चरण में है, लेकिन गांवों में चार-पांच घरों के इस योजना से आच्छादित नहीं होने से योजना अपूर्ण रह जाती हैं। मुख्य सचिव ने उपायुक्तों को अतिरिक्त रुचि लेकर इस कार्य को यथाशीघ्र संपन्न कराने को कहा।

**योजनाओं को समय पर पूरा करें:** कृषि विभाग से जुड़ी पीएम किसान योजना, बिरसा ग्राम सह समेकित पाठशाला, बिरसा-पीएम फसल बीमा योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, आइसीडीपी एवं डीसीडीसी की समीक्षा के दौरान पाया गया कि फसल बीमा योजना के लिए वास्तविक जमीन से अधिक जमीन पर बीमा का आवेदन दिया गया है। इस मसले को लेकर मुख्य सचिव ने आवेदनों की जांच करते हुए अनाधिकृत दावे को खारिज करने का निर्देश दिया। वहीं मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के तहत लाभुकों को पशु देने के साथ उसका बीमा भी सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही कृषि से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की कार्य प्रगति की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमिटी और डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव डेवलपमेंट कमिटी की नियमित बैठक करने का निर्देश उपायुक्तों को दिया।

**प्रशासनिक स्तर से बाधा को दूर करायें**

**जल संसाधन विभाग की राज्य में चल रही विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान पाया गया कि अधिग्रहित भूमि पर अतिक्रमण, फॉरेस्ट क्लियरेंस, स्थानीय विवाद, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा इत्यादि को लेकर योजनाएं प्रभावित हो रही हैं। मुख्य सचिव ने सभी संबंधित उपायुक्तों को निर्देश दिया कि योजनाओं के सुचारू संचालन के लिए प्रशासनिक स्तर से बाधा को दूर करायें। इसके अतिरिक्त राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग और ऊर्जा विभाग की जिलों से जुड़ी समस्याओं की भी समीक्षा की गयी और उपायुक्तों को यथोचित निर्देश दिये गये।**

---

# जेएसएमडीसी के एमडी हाइकोर्ट में हुए हाजिर, अगली सुनवाई 21 मार्च को

## कर्मचारियों के नियमितीकरण के बकाया भुगतान का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड स्टेट मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड (जेएसएमडीसी) के कर्मचारियों के नियमितीकरण के बकाया भुगतान के मामले में दायर अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। कोर्ट के आदेश के आलोक में जेएसएमडीसी के एमडी कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने उनसे आदेश का अबतक पालन नहीं करने का कारण पूछा, कहा कि यह अवमानना के दायरे में आता है। मामले में उनकी ओर से जवाब (शो काज) दाखिल किया गया, जिस पर प्रार्थी का पक्ष सुनने के लिए कोर्ट ने मामले के अगली सुनवाई 21 मार्च निर्धारित की।

कोर्ट ने जेएसएमडीसी एमडी को अगली सुनवाई में सशरीर उपस्थिति से छूट प्रदान की। दरअसल, वर्ष 2012 में ही जेएसएमडीसी के संविदा कर्मियों का नियमितीकरण किया गया था, लेकिन उसका वित्तीय लाभ अब तक उन्हें नहीं दिया जा रहा है। बता दें कि पिछली सुनवाई में कोर्ट को बताया गया था कि हाइकोर्ट की एकल पीठ ने 8 सप्ताह में जेएसएमडीसी के कर्मियों के नियमितीकरण का वित्तीय लाभ देने का आदेश दिया था, लेकिन इसका अनुपालन नहीं हुआ। इसके बाद अवमानना याचिका दाखिल हुई थी। हालांकि उस समय जेएसएमडीसी के आश्वासन के बाद इसे निष्पादित कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद भी वित्तीय लाभ अबतक नहीं मिला है। इसके बाद दोबारा वर्ष 2024 में अवमानना याचिका दाखिल की गयी है। मामले में जितेंद्र प्रसाद यादव एवं अन्य की ओर से अवमानना याचिका दाखिल की गयी है।

**स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव हाइकोर्ट में हुए हाजिर**




**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड हाइकोर्ट में शिरीन परवीन की अवमानना याचिका की सुनवाई हुई। कोर्ट के 24 जनवरी के आदेश के आलोक में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव कोर्ट में सशरीर उपस्थित हुए। कोर्ट ने अगली सुनवाई में भी उन्हें सशरीर उपस्थित रहने का निर्देश देते हुए सुनवाई स्थगित कर दी। अगली सुनवाई 18 मार्च को होगी। 24 जनवरी को कोर्ट ने अपने आदेश में कहा था कि सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध दायर एसएलपी का डिस्पोजल हो गया है। इसके बाद भी आदेश का अनुपालन नहीं किया गया। प्रतीत होता है कि उच्चतम न्यायालय से जीत जाने के बाद भी प्रार्थी को परेशान करने की मंशा है। कोर्ट ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव को 20 फरवरी को सशरीर उपस्थित होने का निर्देश देते हुए कहा था कि आदेश का अनुपालन नहीं होने पर क्यों नहीं उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाये।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.8 °c | 15.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.47 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.18 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 21 फरवरी, 2025
www.azadsipahi.in


# कुंभ स्नान कर लौट रहे श्रद्धालुओं की गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त, 6 की मौत


शोकाकुल कंडसार गांव के ग्रामीण।

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी प्रखंड के कंडसार गांव से कुंभ स्नान के लिए निकले श्रद्धालुओं का जत्था एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। यह दुर्घटना उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के बदलापुर थाना क्षेत्र में हुई, जिसमें 11 लोगों से भरी गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। प्रारंभिक सूचना के अनुसार इस हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मृत्यु हो गयी, जबकि 5 गंभीर रूप से घायल है, जिनका इलाज स्थानीय तथा वाराणसी के अस्पताल में चल रहा है। हजारीबाग से निकले श्रद्धालु कुंभ स्नान करने के बाद अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि का दर्शन कर रहे थे। अयोध्या दर्शन के उपरांत, वे जौनपुर के रास्ते होते हुए हजारीबाग लौट रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गाड़ी के अनियंत्रित होने के बाद बस से टकरा कर सड़क पर बने डिवाइडर को पार करते हुए पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी।

इस भीषण सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वालों की पहचान मतिया देवी (पति खेलावन सिंह), मुनिया देवी (पति स्वर्गीय सोहन यादव), रंजीत यादव (पिता वंशी यादव) और केशिया देवी (पति गिरधारी यादव) के रूप में हुई है। इस हादसे में एक ही परिवार के दो सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गयी। धनवा देवी और उनके बेटे रंजीत यादव इस दुर्घटना का शिकार हो गये, जिससे उनके परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन और पुलिस मौके पर पहुंच गयी। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज जारी है। मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और उनके परिवारवालों को सूचना दी जा रही है।

प्रशासन दुर्घटना के कारणों की गहन जांच कर रहा है। हादसे की खबर से हजारीबाग जिले में शोक की लहर दौड़ गयी है। मृतकों के परिवारों का रो-रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोग और प्रशासन उनके दुख में सहभागी बनकर हर संभव सहायता करने की कोशिश कर रहे हैं।

## रांची से प्रयागराज जा रही बस में भीषण आग, श्रद्धालुओं ने कूद कर बचायी जान

आजाद सिपाही संवाददाता

**कुजू।** रांची पटना मुख्य मार्ग एनएच 33 कुजू फोरलेन डायवर्सन घाटी के निकट लकड़ीगेट में बुधवार की देर रात करीब बारह बजे रांची से महाकुंभ प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं से भरी पृथ्वी नामक यात्री बस संख्या जेएच 01एफआर 2771 में टायर फटने से भीषण आग लग गयी। इस दौरान बस में सवार श्रद्धालुओं के बीच अफरा-तफरी मच गया। साथ ही आनन-फानन में बस में सवार श्रद्धालुओं ने बस से कूद कर अपनी जान बचाया। अग लगने की सूचना के बाद कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद घटनास्थल पर पहुंच कर दमकल विभाग को सूचना दी। इसके बाद बस में लगी आग पर करीब एक घंटे बाद काफी मशक्कत बाद काबू पाया जा सका, लेकिन बस पूरी तरह से जल गयी। अगलगी घटना से सड़क का एक लेन पूरी तरह बाधित रहा। पुलिस के अनुसार इस घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है। करीब एक घंटे के बाद आवागमन सुचारू रूप से जारी हो सका।



### चालक की सूझबूझ से बड़ी घटना टली

बताया जाता है कि बस चालक को टायर फटने की आवाज के बाद निकली आग की लपटे दिखीं। चालक ने बस को डायवर्सन घाटी पार करने के बाद सड़क किनारे खड़ा कर दिया और आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन वे असफल रहा। देखते ही देखते आग भीषण रूप ले लिया और बस पूरी तरह जलकर खाक हो गयी, लेकिन सबसे सुखद बात यह रही कि इस भीषण आग में कोई भी हताहत नहीं हुआ। इस दौरान नेशनल हाइवे 33 पर करीब एक घंटे तक पूरी तरह अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। वही, आग लगने की घटना के बाद कुछ यात्री लौट गये और कुछ दूसरी बस से प्रयागराज महाकुंभ नहाने के लिए चले गये।

**किसी की हताहत होने की सूचना नहीं : मो नौशाद :** कुजू ओपी प्रभारी मो नौशाद ने बताया कि बस में लगी आग से किसी को भी हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना के बाद पहुंची दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। बस चालक के अनुसार पीछे वाली टायर से घर्षण की तेज आवाज आयी और धुंआ निकलना शुरू हुआ। इससे आग लग गयी।

## जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल का बाबूलाल मरांडी ने किया स्वागत



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा अपने दो दिवसीय दौरे पर रांची के विकास भारती पहुंचने पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मोमेंटो देकर स्वागत किया। इस अवसर पर विकास भारती के प्रमुख अशोक भगत, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, चतरा संसद कालीचरण सिंह, रांची के विधायक सीपी सिंह, हटिया विधायक नवीन जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## पूर्व मंत्री बंधु तिर्की आचार संहिता उल्लंघन मामले में बरी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मंत्री और कांग्रेस नेता बंधु तिर्की को कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। आचार संहिता उल्लंघन से जुड़े छह वर्ष पुराने एक मामले में एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत ने बंधु तिर्की को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। गुरुवार को कोर्ट ने यह फैसला सुनाया है। इससे पहले सोमवार को पूर्व मंत्री बंधु तिर्की का 313 का बयान दर्ज किया गया था, जिसके बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था और फैसला सुनाने के लिए गुरुवार की तिथि निर्धारित की थी। बता दें कि सिल्ली विधानसभा के उपचुनाव के दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अनगड़ा थाना क्षेत्र में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ी कहा था। उसी रैली में सुदेश कुमार महतो को नाभि में तीर मारने का बयान भी बंधु तिर्की ने दिया था। इसके बाद उनके संबोधन को लेकर राहे की तत्कालीन सीओ ने अनगड़ा थाना में 7 जून 2018 को बंधु तिर्की के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। बंधु तिर्की पर छह जुलाई 2022 को आरोप गठित किया गया था। जब यह पूरा घटनाक्रम हुआ था, उस दौरान बंधु तिर्की जेवीएम में थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** दैनिक कार्य अव्यवस्थित रहेगा, नौकरी-व्यापार में अवरोध। विविध उलझनों का सामना होगा।

**वृष** रोजी-रोजगार में सफलता मिलेगी। किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** परिस्थिति में सुधार होगा, बकाये रकम की प्राप्ति होगी। वस्त्र-आभूषण धन-द्रव्य की प्राप्ति होगी।

**कर्क** कर्मक्षेत्र में यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा। महत्वकांक्षा पूरी होगी। नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।

**सिंह** रुका हुआ काम पूरा होगा। हर्षदायक समाचारों की प्राप्ति होगी। वाहन सावधानी से चलायें, दुर्घटना की आंशका।

**कन्या** नौकरी में उन्नति होगी। महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा। आर्थिक लाभ। घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

**तुला** परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा। स्वजन-मित्रों का सहयोग। नौकरी में बदलाव होने की संभावना।

**वृश्चिक** संतान पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी। व्यवसाय की स्थिति में सुधार। धन लाभ होगा।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा। महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी। विरोधियों पर विजय।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन। गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** स्वास्थ्य बाधा, दिमागी तनाव। इष्ट-मित्रों-स्वजनों से मार्मिक पीड़ा। परिश्रम-प्रयत्न से आवश्यक काम पूरा होगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी। बकाये रकम की प्राप्ति। श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

## कांग्रेस प्रभारी के राजू आज से झारखंड दौरे पर

**रांची (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के राजू जवाबदेही मिलने के बाद पहली बार 21 फरवरी को झारखंड आ रहे हैं। वह 25 फरवरी तक झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा करेंगे। झारखंड प्रवास के दौरान वह राज्य के दर्जन भर से ज्यादा जिलों के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। पार्टी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने बताया कि वह 21 फरवरी को कांग्रेस मुख्यालय में कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। कांग्रेस पार्टी के मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने जानकारी दी है कि प्रदेश प्रभारी के राजू कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन सशक्तीकरण पर विचार-विमर्श करेंगे। 22 फरवरी को वह चाईबासा जायेंगे। जहां वे चाईबासा, सरायकेला और जमशेदपुर जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक कर संगठन की अद्यतन स्थिति से अवगत होंगे। प्रदेश प्रभारी के राजू 23 फरवरी को बोर्ड-निगम के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों के साथ बैठक करेंगे। इसके बाद वह पार्टी के मंत्रियों एवं विधायकों के साथ वन टू वन मिलेंगे और संगठन का फीडबैक लेंगे। 24 फरवरी को हजारीबाग, चतरा, कोडरमा, और रामगढ़ में जिलाध्यक्ष, प्रखंड और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करेंगे। 25 फरवरी को रांची के लापुंग में खूंटी, सिमडेगा, गुमला, लोहरदगा, रांची महानगर और ग्रामीण जिला कमेटी के पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगे।

## आपका दर्द मेरा दर्द है, हर मुश्किल घड़ी में मैं आपके साथ हूं : डॉ इरफान अंसारी

### स्वास्थ्य मंत्री ने किया जामताड़ा विधानसभा का सघन दौरा, कई कार्यक्रमों में हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर इरफान अंसारी ने गुरुवार को जामताड़ा विधानसभा क्षेत्र का सघन दौरा किया और विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया। अपने दौरे की शुरुआत मंत्री ने जामताड़ा के चाकड़ी से की, जहां उन्होंने मृतक नरेश राणा के श्राद्ध कार्यक्रम में भाग लिया। इसके उपरांत वे मृतक देवसर मुर्मू के श्राद्ध कार्यक्रम में भी सम्मिलित हुए और वहां उपस्थित लोगों से मिलकर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अचानक हमारे प्रियजनों के चले जाने से यह क्षेत्र शोकग्रस्त हो गया है। मैं हर दुख की घड़ी में अपने क्षेत्रवासियों के साथ खड़ा हूं और परिवार वालों को हर संभव मदद मुहैया कराऊंगा।



इसके बाद मंत्री कांसजोड़ पहुंचे, जहां 40 वर्षीय महादेव सोरेन की दुखद मृत्यु हुई थी। मंत्री ने वहां उनके परिवार से भेंट की, उन्हें सांत्वना दी और आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिया कि मृतक के परिवार को हर संभव सरकारी लाभ त्वरित रूप से उपलब्ध कराया जाये। अंत में मंत्री ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे इसी तरह अपना समर्थन और स्नेह बनाये रखें, जिससे वे और अधिक ऊर्जा और उत्साह के साथ जनता की सेवा में लगे रहें। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि उनकी सरकार और प्रशासन जनता की हर समस्या का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मचान फाउंडेशन ने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा

## मैथिली को शास्त्रीय भाषा घोषित करने की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मचान उत्कर्ष फाउंडेशन का प्रतिनिधिमंडल अध्यक्ष भारतेंदु झा के नेतृत्व में गुरुवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मिला। राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें मैथिली भाषा से संबंधित कई मांगें रखी गयीं। उनसे आग्रह किया गया कि भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय को इसकी अनुशंसा करें। उन्हें यह भी बताया गया कि मैथिली भाषा स्वतंत्र परंपराओं, समृद्ध साहित्यिक इतिहास वाली 14वीं सदी की प्राचीन भाषा है, जो विभिन्न साहित्यिक शैलियों और दार्शनिक ग्रंथों को भी प्रभावित करती है। इस भाषा की स्वतंत्र लिपि एवं अपना व्याकरण है। इस कारण यह भाषा यथोचित सम्मान की अधिकारी है।



ज्ञापन के माध्यम से राज्य में मैथिली भाषा अकादमी के गठन सहित स्कूल एवं कॉलेज के पाठ्यक्रम में मिथिला विभूतियों यथा महाकवि विद्यापति, मंडन मिश्र, उदयनाचार्य आदि की रचनाओं एवं मिथिलांचल के दार्शनिक स्थलों को शामिल करने हेतु भी अनुरोध किया गया।

मौके पर राज्यपाल को आकर्षक मिथिला पेंटिंग, पारंपरिक पाग, वर्ष 2025 का पंचांग एवं साहित्यकार इंद्र नारायण झा लिखित पुस्तक 'मिथिला दिग्दर्शन' भेंट किया गया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल झारखंड मैथिली मंच के महासचिव जयंत कुमार झा ने मंच द्वारा 29 और 30 मार्च को आयोजित होनेवाले विद्यापति स्मृति पर्व समारोह में शामिल होने के लिए राज्यपाल को आमंत्रण पत्र सौंपा। इस अवसर पर मैथिलीसेवी ब्रजकिशोर झा भी उपस्थित थे।

## कृषि मंत्री ने किया किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी 2025 का उद्घाटन

## कृषि उत्पादों का वाणिज्यीकरण अनिवार्य है : शिल्पी नेहा तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाकृअनुप - राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान, नामकुम, रांची में आयोजित किसान मेला सह कृषि प्रदर्शनी 2025 का भव्य शुभारंभ झारखंड सरकार की कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में उपस्थित न होने के कारण कृषि मंत्री इस आयोजन की मुख्य अतिथि रहीं और उन्होंने सभी उद्घाटन कार्यक्रमों का नेतृत्व किया। इस अवसर पर मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने शहद प्रसंस्करण एवं मधुमक्खी उत्पाद विकास केंद्र का उद्घाटन किया एवं चंदन वाटिका में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इसके पश्चात उन्होंने कृषि प्रदर्शनी का उद्घाटन किया और विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन कर किसानों एवं कृषि उद्यमियों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने किसानों को जैविक खेती, सतत कृषि तकनीकों और आधुनिक प्रसंस्करण विधियों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कृषि उत्पादों का वाणिज्यीकरण अनिवार्य है, जिससे किसानों को अधिक लाभ प्राप्त हो सके। विशेष रूप से मिर्च की खेती को उन्होंने एक लाभकारी व्यवसाय बताया और किसानों को इसके व्यावसायिक उत्पादन के लिए प्रोत्साहित किया।




मंच पर उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों में झारखंड सरकार के कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के सचिव, अबूबकर सिद्दीकी पी और खिजरी विधानसभा क्षेत्र के विधायक, राजेश कच्छप शामिल रहे। इन अतिथियों ने भी किसानों को संबोधित किया और कृषि क्षेत्र के सतत विकास के लिए सरकार की योजनाओं पर प्रकाश डाला। मंत्री ने केवीके खूंटी के कार्यों की भी सराहना की और कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से सभी केवीके का दौरा करेंगी और उनके कार्यों का विस्तार से अध्ययन करेंगी, ताकि किसानों के जीवन में सुधार लाने के लिए आवश्यक सुधार किया जा सका। उन्होंने यह भी कहा कि कोई भी तकनीक किसानों तक पहुंचे बिना किसी क्षेत्र का विकास संभव नहीं है।

समारोह की अध्यक्षता करते हुए भाकृअनुप - राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक, डॉ अभिजीत कर ने किसानों को संबोधित किया और संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह मेला किसानों को उन्नत कृषि उपकरणों, नवीनतम अनुसंधानों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। उन्होंने किसानों को कृषि उत्पादक संगठनों के गठन की सलाह दी, जिससे उनकी बाजार में सौदेबाजी की शक्ति बढ़ेगी और वे अपने उत्पादों को अपने निर्धारित मूल्यों पर बेच सकेंगे, जिससे बाजार लागत कम होगी और दक्षता में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम के दौरान एक प्रगतिशील किसान एवं एक कृषि उद्यमी ने अपने अनुभव साझा किये, जिससे उपस्थित किसानों को प्रेरणा मिली। इसके उपरांत कृषि मंत्री ने उत्कृष्ट किसानों को पुरस्कार वितरित किए और लाख टूलकिट का वितरण भी किया।

अपने संबोधन में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि कृषि क्षेत्र को उन्नत बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इस तरह के मेले किसानों को नवीनतम तकनीकों और सरकारी योजनाओं से जोड़ने का एक बेहतरीन माध्यम हैं।

कार्यक्रम का संचालन डॉ अंजेश कुमार ने किया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सफलतापूर्वक संयोजित किया। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, जिसे कृषि मेला 2025 के संयोजक, डॉ ज्योतिर्मय घोष ने प्रस्तुत किया। इस किसान मेले में लगभग 1500 किसानों, कृषि वैज्ञानिकों, उद्यमियों और विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। प्रदर्शनी में उन्नत कृषि यंत्रों, जैविक उर्वरकों, नवीनतम कृषि अनुसंधानों और सरकारी अनुदान योजनाओं से संबंधित कई स्टॉल लगाये गये थे, जिससे किसानों को व्यापक जानकारी प्राप्त हुई।

## आयुष्मान भारत से छोटे अस्पतालों को हटाना बड़े अस्पतालों को लाभ पहुंचाने की साजिश : अजय साह

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान हेमंत सोरेन सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस आयुष्मान भारत योजना का लाभ पूरे देश में जरूरतमंदों को मिल रहा है, उसी योजना को झारखंड सरकार बंद करने की तैयारी कर रही है।

अजय साह ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी उस आदेश का उल्लेख किया, जिसमें आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत निजी अस्पतालों को सूचीबद्ध करने के नये नियमों का प्रावधान किया गया है। इस आदेश के अनुसार अब केवल उन्हीं अस्पतालों को इस योजना के अंतर्गत शामिल किया जायेगा, जो शहरी क्षेत्रों में कम से कम 50 बिस्तरों और ग्रामीण क्षेत्रों में न्यूनतम 30 बिस्तरों की सुविधा रखते हैं। उन्होंने आशंका जतायी कि इस आदेश के लागू होने के बाद पूरे झारखंड में मुश्किल से 15 अस्पताल ही ऐसे रह जायेंगे, जो इस योजना का लाभ प्रदान कर पायेंगे।




भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि झारखंड सरकार पूरी तरह वित्तीय कुप्रबंधन में फंस चुकी है, जिसके चलते विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में कटौती की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि स्वास्थ्य विभाग ने जानबूझ कर ऐसे नियम बनाये हैं, जिनसे राज्य के अधिकांश अस्पताल इस योजना से बाहर हो जायें, जिससे सरकार को योजना के फंड में कटौती करने का अवसर मिल जाये।

अजय साह ने झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी के उस बयान पर भी सवाल उठाया, जिसमें उन्होंने छोटे अस्पतालों में कथित भ्रष्टाचार रोकने के लिए उन्हें योजना से बाहर करने की बात कही थी। उन्होंने मांग की कि सरकार उन अस्पतालों के नाम और उन पर की गयी कार्रवाई की जानकारी सार्वजनिक करे। उन्होंने आशंका जताई कि कहीं यह निर्णय बड़े कॉर्पोरेट अस्पतालों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से तो नहीं लिया गया है।

भाजपा प्रवक्ता ने इस फैसले को जनविरोधी बताते हुए कहा कि यह झारखंड के लाखों जरूरतमंद मरीजों के हितों के खिलाफ है और सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। प्रेस वार्ता में मीडिया सह प्रभारी अशोक बड़ाइक भी मौजूद रहे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
Subscribe NOW

# राज्य स्तरीय कार्यशाला: पंचायत योजनाओं में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों का समावेश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पंचायत योजनाओं में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों को शामिल करने के लिए राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन होटल चाणक्या, बीएनआर, रांची में किया गया। चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में सरकारी अधिकारियों, गैर-सरकारी संगठनों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया, जिसमें जमीनी स्तर पर समावेशी प्रक्रिया को मजबूत करने पर चर्चा की गयी।

**मुख्य अतिथि का संदेश:** पंचायती राज एवं ग्रामीण विकास मंत्री, दीपिका पांडेय सिंह ने अपने संबोधन में पंचायतों को बाल-संवेदनशील और महिला हितैषी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार महिलाओं एवं बच्चों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने गैर सरकारी संगठनों को आह्वान किया कि वे सामने आयें एवं इस प्रतिबद्धता को हासिल करने में हाथ बटायें ।

खूंटी और धनबाद में सीआईएनआई द्वारा बाल-हितैषी ग्राम विकसित करने की पहल राज्य के लिए एक मॉडल है, जिसे झारखंड के अन्य क्षेत्रों में भी लागू किया जा सकता है। जब समुदाय बाल संरक्षण के मुद्दों को समझकर स्थानीय समाधान विकसित करता है, तो इससे बाल अधिकारों के उल्लंघन को रोका जा सकता है और सामुदायिक सुरक्षा प्रणाली मजबूत होती है।




पंचायती राज संस्थानों और बाल संरक्षण प्रयासों के समन्वय को बढ़ावा देने की यह पहल सराहनीय है। यह झारखंड में बाल-संवेदनशील और बाल-हितैषी ग्रामों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

शैलेश कुमार, उप निदेशक, पंचायती राज विभाग, झारखंड ने पंचायत योजनाओं में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों को एकीकृत करने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

मेघेंद्र बैनर्जी ने पंचायत शासन में बाल संरक्षण और महिला सशक्तिकरण को शामिल करने के महत्व को उजागर किया।

खूंटी और धनबाद के प्राकृतिक नेता ने सामुदायिक स्तर पर बाल संरक्षण प्रयासों को प्रदर्शित किया, जिसमें बाल तस्करी, बाल विवाह और स्कूल छोड़ने की समस्याओं को कम करने की दिशा में किये गये कार्यों को साझा किया।

इस अवसर पर जीपीडीपी मार्गदर्शिका का विमोचन किया गया, जो पंचायतों को बाल-हितैषी और लैंगिक-संवेदनशील योजना अपनाने में मार्गदर्शन करेगा।

मरीन मुखजी, सहायक निदेशक सीआइएनआइ एवं अनिता सिन्हा , सीआइएनआइ ने क्रमशः पश्चिम बंगाल और झारखंड में महिलाओं और बच्चों के मुद्दों को स्थानीय विकास योजनाओं में शामिल करने पर किये गये प्रयास को साझा कीं। इस कार्यक्रम का संचालन अनिता सिन्हा ( सीआइएनआइ ) ने किया।

## पैनल चर्चा में विशेषज्ञों ने अपने विचार प्रस्तुत किये

- ऋचा तिवारी (पीएचआईएफाउंडेशन)
- ओंकार त्रिपाठी (यूनिसेफ)
- पूर्णिमा मुखर्जी (एसपीएम, जेएसएलपीएस)
- चर्चा का संचालन तन्वी झा (सीआइएनआइ) ने किया।
- अजय श्रीवास्तव (जेएसएलपीएस) ने बाल-संवेदनशील समुदायों के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर बात की और जमीनी स्तर पर सशक्तिकरण की आवश्यकता पर जोर दिया।
- शिल्पा जायसवाल (सीआइएनआइ) ने परामर्श बैठक के मुख्य सुझावों का सार प्रस्तुत किया।

# हाइकोर्ट ने पारसनाथ मामले में राज्य सरकार को दिया समय

## 18 मार्च को होगी अगली सुनवाई

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट में बुधवार को पारसनाथ पहाड़ को जैन धर्मावलंबियों की भावनाओं के अनुरूप संरक्षित करने के लिए दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार ने अदालत से जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की अपील की। अदालत ने राज्य सरकार की इस अपील को स्वीकार कर लिया। इसके साथ ही मामले की अगली सुनवाई 18 मार्च को तय की है।

**जैन संस्था ज्योत ने दायर की है याचिका :** बता दें कि इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव और जस्टिस दीपक रोशन की खंडपीठ में हुई। यह जनहित याचिका कोर्ट में प्रार्थी जैन संस्था ज्योत की ओर से दायर की गयी है। इसमें गिरिडीह में स्थित पारसनाथ पहाड़ को लेकर गंभीर चिंता जतायी गयी है। याचिका में बताया गया है कि पारसनाथ पहाड़ जैन धर्मावलंबियों के लिए एक अत्यंत पवित्र स्थल है, लेकिन यहां पिछले कई सालों से शराब और मांस की बिक्री हो रही है। इसके अलावा अतिक्रमण की घटनाएं भी सामने आ रही हैं। इसके अलावा याचिका में कहा गया है कि लोग इस स्थल पर पिकनिक मनाने भी पहुंच रहे हैं।

### राज्य सरकार कर रही पर्यटन स्थल के रूप में विकास

वहीं, याचिका में प्रार्थी ने कहा है कि राज्य सरकार द्वारा इस स्थल को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। लेकिन इस प्रक्रिया में जैन धर्मावलंबियों की धार्मिक भावनाओं का उल्लंघन हो रहा है। याचिका में यह भी उल्लेख किया गया है कि केंद्र सरकार के वन, पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने 5 जनवरी 2023 को एक अधिसूचना जारी की थी। जिसमें स्पष्ट रूप से कहा गया था कि पारसनाथ पहाड़ी पर किये जाने वाले सभी कार्यों को जैन धर्मावलंबियों की भावनाओं का सम्मान करते हुए किया जाये। इस स्थिति पर ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि पारसनाथ को उसकी धार्मिक महत्ता बनाये रखते हुए उचित तरीके से संरक्षित किया जा सके।

# के राजू के रांची आगमन पर तैयारी पूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के नवनियुक्त प्रभारी के राजू के झारखंड की राजधानी रांची में आगमन पर पार्टी द्वारा स्वागत की व्यापक तैयारी की गयी है। दिन के एक बजे बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर उनका आगमन होगा, जहां पारंपरिक नृत्य और ढोल नगाड़ों के साथ उनका भव्य स्वागत करेंगे। प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने आज रांची जिला, महानगर कांग्रेस कमेटी एवं प्रमुख कांग्रेसजनों के साथ तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए एक आवश्यक बैठक की। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता लाल किशोर नाथ शाहदेव ने बताया कि प्रभारी के राजू का झारखंड से पुराना नाता रहा है, लेकिन प्रभारी बनने के बाद यह उनका पहला झारखंड आगमन है। इसे लेकर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में यह तय किया गया कि हवाई अड्डे से पुराना हाइकोर्ट स्थित अंबेडकर चौक जायेंगे। वहां माल्यार्पण के उपरांत हिनू चौक, बिरसा चौक, अरगोड़ा चौक स्थित वीर बुधु भगत चौक, कांके रोड स्थित सिद्धु कान्हू में माल्यार्पण करते हुए अल्बर्ट एक्का चौक पहुंचेंगे। इन सभी जगहों पर पार्टी के वरीय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गयी है। वहां से प्रभारी एवं प्रदेश अध्यक्ष अपराह्न 3 बजे कांग्रेस मुख्यालय, रांची पहुंचेंगे, जहां उनका स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ने अग्रणी संगठन, विभाग, मोर्चा को भी विशेष रूप से जिम्मेदारी सौंपी है। झारखंड प्रदेश प्रभारी के आगमन पर शहर के सभी चौक चौराहों को विशेष रूप से सजाया जा रहा है। पोस्टर होर्डिंग और बैनरों से उनके आगमन को विशेष बनाया जा रहा है। तैयारी बैठक में मुख्य रूप से विधायक दल के उपनेता राजेश कच्छप, महानगर अध्यक्ष डॉ कुमार राजा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो, लाल किशोर नाथ शाहदेव, आलोक कुमार दुबे, विनय सिन्हा दीपू, डॉ राजेश गुप्ता, एनएसयूआइ के प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष हुसैन खान, अख्तर अली, मो सफार, सेंकी खान आदि प्रमुख शामिल थे।



# एनआइबीएम ने सफलतापूर्वक 26 वर्ष किये पूरे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एनआइबीएम जहां हजारों युवा अपनी सरकारी नौकरी की सपना को साकार कर चुके हैं। यह सिलसिला पिछले 26 वर्ष से चलती आ रही है। वर्ष 1997 में पटना के अशोक राज पथ से शुरुआत की गयी तथा वर्ष 2003 में रांची के हरिओम टॉवर से और 2012 से अपनी चौथी मंजिल श्री साईं टावर सर्कुलर रोड में चल रही है। संस्थान में बिहार, ओड़िशा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ एवं अन्य राज्यों के विद्यार्थी आते हैं तथा सरकारी नौकरी प्राप्त कर अपने तथा समाज को मजबूत बना रहे हैं। इस अवसर पर एनआइबीएम के सीइओ एमके गुप्ता, विजेयता गुप्ता, रांची विश्व विद्यालय के पूर्व वीसी रमेश पांडे, सरला बिरला विश्वविद्यालय के वीसी गोपाल पाठक, साईं नाथ वीसी एसपी अग्रवाल, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्व विद्यालय के वीसी तपन सांडिल्य, जेवियर के पूर्व प्राचार्य नाबोरा लकड़ा, शिक्षाविद् रमण बल्लभ, सुरजीत घोष, बीके सिन्हा, एके ठाकुर, कौशिक बनर्जी, के सी अग्रवाल, शिवेश, छोटन महतो, निखिल, ईशान, पुष्पांजलि तथा संस्था के पूरी टीम के साथ सैकड़ों विद्यार्थी उपस्थित रहे। निदेशक एमके गुप्ता ने सफलता का श्रेय संस्थान के सफल युवा तथा उनके अभिभावकों के साथ-साथ सभी शिक्षकों और एनआइबीएम के टीम को देते हैं तथा विभिन्न प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित को सम्मानित किए संस्थान का अपना 5000 वर्ग फुट में, जिसमें लाइब्रेरी, रीडिंग रूम, क्लास रूम वाई-फाई से सुसज्जित है, नयी पैटर्न पर प्रकाशित पुस्तक स्टडी मैटेरियल है, जो परीक्षा में लगभग हुबहू पूछे जाते हैं। सभी विशेषज्ञ परमानेंट हैं तथा सुबह से शाम तक रहते हैं। विशेषज्ञ के रूप में निदेशक खुद क्लास लेते हैं तथा विभिन्न बैंक के रिटायर्ड चीफ मैनेजर, एजीएम हैं। बैंकिंग, एसएससी, रेलवे जेपीएससी के लिए सेपरेट तथा कंबाइंड में हिंदी और इंग्लिश दोनों माध्यम में 16 तथा 21 फरवरी से प्रारंभ की जा रही इच्छक विद्यार्थी श्री साईं टावर चौथी मंजिल,सर्कुलर रोड लालपुर रांची स्थित पर, 93347 26278 तथा 8825 250625 पर संपर्क कर सकते हैं।




# झारखंड बोर्ड परीक्षा में पेपर लीक: उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की जाये: संजय मेहता

**आजाद सिपाही संवददाता**

**रांची।** झारखंड में 10वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक होने की गंभीर घटना पर आजसू नेता संजय मेहता ने गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने इस कृत्य की कड़ी निंदा करते हुए इसे शिक्षा तंत्र पर गहरा प्रहार बताया है। इस पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसे अपराधों से छात्रों का भविष्य अंधकारमय हो सकता है और सरकार को इसे रोकने के लिए सख्त कदम उठाने होंगे। गुरुवार को



आजसू पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में संजय मेहता और छात्र संघ के अध्यक्ष ओम वर्मा ने कहा कि इस मामले की सीबीआइ जांच की जानी चाहिए। साथ ही तीन दिनों में इसका भंडाफोड़ किया जाये। संजय मेहता ने कहा कि यह पेपर लीक घोटाला झारखंड की शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा धब्बा है। मेहनती विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया गया है, जो किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। राज्य में शिक्षा माफिया का बोलबाला बढ़ता जा रहा है और प्रशासन इसे रोकने में असफल साबित हो रहा है। सरकार से मांग करता हूं कि इस पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच करायी जाये और इसमें लिप्त सिंडिकेट सदस्यों को कठोरतम सजा दी जाये, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाएं दर्शाती हैं कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) और शिक्षा विभाग में सख्त निगरानी का अभाव है। परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र लीक हो जाना इस बात का संकेत है कि सिस्टम में कहीं न कहीं गंभीर खामियां हैं। संजय मेहता ने कहा कि यदि इस मामले में सरकार निष्क्रिय रहती है और दोषियों के खिलाफ सख्त कदम नहीं उठाती है, तो आजसू पार्टी बड़े पैमाने पर आंदोलन करेगी।

# पेपर लीक होने से राज्य कलंकित हुआ है : देवेंद्र



- शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और जैक अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा इस्तीफा दें
- सीबीआइ से जांच करा कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये

**आजाद सिपाही संवददाता**

**रांची।** जैक 10वीं का 18 फरवरी 2025 को प्रथम पाली में हिंदी तथा 20 फरवरी 2025 को विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया था, परीक्षा से पूर्व ही पेपर लीक हो गया। इसका ठोस सबूत जेएलकेएम आंदोलनकारी नेता देवेंद्र नाथ महतो ने जैक सचिव जयंत मिश्रा को सौंपा था। इसके बाद देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में जैक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करते हुए हिंदी व विज्ञान परीक्षा रद्द करके उच्च स्तरीय जांच करते हुए दोषी अधिकारियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने का मांग की गयी। कुछ ही देर बाद जैक ने अधिकारिक नोटिस जारी करते हुए हिंदी और विज्ञान परीक्षा को रद्द करने का घोषणा कर दी।

देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि राज्यस्तरीय चक्का जाम और झारखंड बंदी की घोषणा के दबाव से जैक ने परीक्षा रद्द की। देवेंद्र नाथ महतो ने पेपर लीक प्रकरण की जांच सीबीआइ से कराकर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की जाये। देवेंद्र नाथ महतो ने यह भी मांग की कि पेपर लीक का मामला झारखंड राज्य को कलंकित करने वाली घटना है। इसलिए नैतिकता के आधार पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन और जैक अध्यक्ष डॉ नटवा हांसदा को इस्तीफा देना चाहिए।

जैक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन में देवेंद्र नाथ महतो के साथ चंदन कुमार, खगेन, सुखदेव, लालमोहन, रविंद्र, अभिषेक, पंकज, हरेन, प्रकाश के अलावा अन्य लोगों का अहम योगदान रहा।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में माता शबरी की जयंती मनायी गयी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** माता शबरी की जयंती पर भाजपा कार्यालय में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि माता शबरी प्रभु श्रीराम की अनन्य भक्त होने का सौभाग्य प्राप्त किया। कर्मवीर सिंह ने कहा माता शबरी का असली नाम श्रमणा था वो भीलों के राजा की बेटी थीं माता शबरी के मन में प्रभु राम के प्रति बहुत स्नेह था। इसी कारण उनमें भक्ति और ध्यान के सारे गुण आ गये शुरू में माता शबरी जब ऋषियों-मुनियों को बाहर जाते देखतीं तो वो उनके रास्ते को साफ करतीं थी। माता शबरी की भक्ति देखकर मंगत ऋषि बहुत प्रसन्न हुए और उन पर कृपा की समय के साथ जब मंगत ऋषि वृद्ध हो गये और मृत्यु की अवस्था में पहुंच गये, तो माता शबरी बहुत व्याकुल हुईं, तब मंगत ऋषि ने उन्हें कहा कि तुम सिर्फ धैर्य पूर्वक भगवान राम की अराधना करो वो प्रसन्न होकर तुम्हारी कुटिया में एक दिन अवश्य आयेंगे, इतना कह कर ऋषि स्वर्ग लोग सिधार गये, फिर कई सालों बाद भगवान राम माता शबरी की कुटियां में पधारे माता भगवान को देखकर बहुत प्रसन्न हुईं माता ने भगवान को चख कर बेर खिलाये, ताकि कोई खट्टा बेर भगवान के मुंह में न चला जाये। भगवान राम माता शबरी की भक्ति देख कर प्रसन्न हुए और उनको प्रभु की कृपा से मोक्ष की प्राप्ति हुई।



इस मौके पर राकेश प्रसाद, सीमा पासवान, हेमंत दास, अशोक बड़ाइक, आरती सिंह, जोगेंद्र लाल, राजीव राज लाल, खुदा राम,सीमा सिंह, युवराज पासवान, गोविंदा बाल्मिकी, सुबोधकांत, राजीव रंजन मिश्रा, अजय दुबे, सुरेंद्र एवं अन्य ने पुष्प अर्पित किया।

## महत्वपूर्ण खबरें

### श्री शिव बारात स्वागत समिति की बैठक, नयी कार्यकारिणी का गठन



रांची (आजाद सिपाही)। श्री शिव बारात स्वागत समिति के पदाधिकारियों की वार्षिक बैठक समिति के मुख्य संग्रक्षक राजीव रंजन मिश्रा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे उपस्थित थे। बैठक में निर्णय लिया गया कि वर्ष 2025 में शिव बारात में आये सभी शिव भक्तों का भव्य स्वागत समिति के द्वारा किया जायेगा। बैठक में पुरानी कमेटी को भंग कर नयी कार्यकारिणी का गठन किया गया। इसमें मुख्य संरक्षक - राजीव रंजन मिश्रा, शंकर दुबे, संरक्षक - गोपाल पारीक, अध्यक्ष - लंकेश सिंह, मंत्री - राहुल सिन्हा, उपाध्यक्ष - इंदर सिंह, राजीव सिंह, सह मंत्री - ज्योति साहू , पंकज पासवान और दिनेश पासवान को बनाया गया। श्री मिश्रा ने बताया कि राजधानी रांची के विभिन्न क्षेत्रों से आये शिव बारात का भव्य स्वागत समिति द्वारा किया जायेगा। सभी शिव भक्तों का भव्य स्वागत पुष्प वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर किया जायेगा।

### क्षत्रिय परिवार बरियातू का होली मिलन समारोह नौ को



रांची (आजाद सिपाही)। क्षत्रिय परिवार बरियातू की बैठक गुरुवार को सुबह 7.30 बजे पूजा श्री मैरिज हॉल चेशायर रोड बरियातू में संपन्न हुई। बैठक में हर साल की तरह इस वर्ष के होली मिलन समारोह के लिए 9 मार्च रविवार का दिन तय किया गया। बैठक में सर्व सहमति से होली मिलन समारोह करने का निर्णय लिया गया। होली मिलन समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम और खाने पीने के इंतजाम होंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि सामाजिक और राज्य सरकार के मंत्री विधायक सभी को भी समारोह में बुलाना है। इस मौके पर उदय प्रताप सिंह, शिवाजी सिंह, बिजेंद्र सिंह, प्रशांत सिंह, पंकज सिंह, रणधीर सिंह, मनोज सिंह, राजकुमार सिंह, संजीव सिंह, अजय सिंह, जितेंद्र सिंह, संजीत सिंह, पप्पू सिंह और रौनक सिंह उपस्थित थे।

### अजय राय ने सीएम के नाम ज्ञापन सौंपा



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने गुरुवार को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम दिया है। ज्ञापन के संबंध में संघ के केंद्रीय अध्यक्ष अजय राय ने बताया कि झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड में हजारों पद कर्मचारियों के रिक्त है इसके बावजूद अधिकारियों को लाभ पहुंचाने के लिए खेल खेला जा रहा है जिसको लेकर आज एक ज्ञापन राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नाम संघ ने मुख्यमंत्री सचिवालय को दिया है। अजय राय ने बताया कि झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड में व्याप्त अनियमितता और भ्रष्टाचार के मुद्दे की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान दिलाना चाहता हूं क्योंकि यह विभाग भी उन्हीं के अधीन है। निगम द्वारा एक सोची समझी चाल के तहत खाली पदों को भरने की बजाय उच्च पदों का सृजन कर अपने चहेतों को प्रोन्नति प्रदान करने का खेल धड़ल्ले से चल रहा है, जिससे निगम को भारी नुकसान होगा इससे इनकार नहीं किया जा सकता। संघ मुख्यमंत्री से अनुरोध करता है कि इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। यह निगम की अनियमितता और भ्रष्टाचार को रोकने में मदद करेगा और निगम के कार्यों में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देगा।

### कंचन सिंह ने जेएसएलपीएस में संभाला मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी का पद, बैठक की



रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी (जेएसएलपीएस) की नव नियुक्त मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी कंचन सिंह ने राज्य कार्यालय में राज्य स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा सह योजना बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक के दौरान उन्होंने सभी डोमेन और परियोजना प्रमुखों को निर्देश दिया कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर ग्रामीण समुदाय तक पहुंचे। इसके लिए सुनिश्चित प्रयास किए जाएं। इस बैठक में जेएसएलपीएस द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की गयी। साथ ही आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। कंचन सिंह ने महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने, आजीविका संवर्धन, कौशल विकास और वित्तीय समावेशन को अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण समुदायों को आत्मनिर्भर बनाना है। इसके लिए हर स्तर पर समर्पित प्रयास की आवश्यकता है। वहीं, बैठक में राज्य सरकार के प्रमुख कार्यक्रमों जैसे 'फूलो झानो आशीर्वाद अभियान' और 'पलाश' की प्रगति पर विशेष ध्यान दिया गया। इस दौरान कंचन सिंह ने पलाश ब्रांड के तहत ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुंचाने के प्रयासों को तेज करने के निर्देश दिये।

### उद्यानिकी प्रशिक्षण के लिए 100 कृषक रायपुर के लिए हुए रवाना



रांची (आजाद सिपाही)। राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना अंतर्गत जिला उद्यान कार्यालय, रांची के तत्वाधान में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 100 कृषकों को पांच दिवसीय उद्यानिकी प्रशिक्षण एवं परिभ्रमण हेतु इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, रायपुर भेजा गया। कृषकों को उद्यान निदेशक फैज अहमद मुमताज, झारखंड ,निदेशक समेति विकास कुमार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री के प्रतिनिधि एवं जिला उद्यान पदाधिकारी रांची डॉ महेश राम ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखा कर रायपुर के लिए रवाना किया गया। जिला उद्यान पदाधिकारी, रांची ने बताया गया कि कृषक उद्यानिक फसलों का उन्नत तकनीक के साथ साथ सीडलिंग तैयार करना, संरक्षित खेती के तरीके, मधुमक्खी पालन का परागण द्वारा उद्यानिकी फसलों पर सकारात्मक प्रभाव आदि को समझ सकेंगे एवं इन विधियों को कृषक स्वयं अपनायेंगे एवं आसपास के कृषकों को भी प्रोत्साहित करेंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
Subscribe NOW



# चैंपियंस ट्रॉफी में टीम इंडिया का धमाकेदार आगाज, बांग्लादेश को 6 विकेट से हराया

## शुभमन गिल का शानदार शतक और मोहम्मद शमी ने पांच विकेट लिये

एजेंसी

**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम ने ICC चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में शानदार आगाज किया है। टीम इंडिया ने दुबई में खेले गये मैच में बांग्लादेश को 6 विकेट धूल चटाई और चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार जीत से अपने अभियान का आगाज किया। भारत की इस जीत में युवा सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल का अहम योगदान रहा। गिल ने कमाल की पारी खेली और लगातार दूसरे वनडे मैच में भारत के लिए शतक जड़ने का बड़ा कारनामा किया। गिल ने अपने वनडे करियर का 8वां शतक जड़ा। उन्होंने 9 चौके और 2 छक्कों की बदौलत 125 गेंदों पर अपना सैकड़ा पूरा किया। इससे पहले गिल के बल्ले से इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के तीसरे मैच में भी शतक आया था।




**गेंदबाजी में शमी ने किया कमाल :** मैच में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश की टीम का आगाज बेहद निराशाजनक रहा। टीम के 5 बल्लेबाज सिर्फ 35 रन के भीतर पवेलियन लौट गये। इसके बाद जेकर अली और तौहीद हृदोय के बीच छठे विकेट के लिए 154 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी हुई, जिसकी बदौलत बांग्लादेश की टीम 228 रन बनाने में कामयाब रही। जेकर अली ने 68 रनों की पारी खेली। वहीं, तौहीद हृदोय 100 रन बनाये। मोहम्मद शमी ने 5 बल्लेबाजों का शिकार किया और वनडे में सबसे कम गेंदों पर 200 विकेट पूरे करने का वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होंने मिचेल स्टार्क का सबसे कम गेंदों पर 200 विकेट लेने का वर्ल्ड रिकॉर्ड ध्वस्त किया।

**गिल शतक बना कर लौटे नाबाद :** बांग्लादेश के 228 रनों के जवाब में भारत का आगाज बेहतरीन रहा। टीम इंडिया ने 10 ओवर में 1 विकेट खोकर 69 रन स्कोरबोर्ड पर लगाये। रोहित शर्मा 41 रन बना कर आउट हुए। इसके बाद क्रीज पर आये विराट कोहली, जो सिर्फ 22 रन बना कर पवेलियन लौट गये। मिडिल ऑर्डर में श्रेयस अय्यर (15) और अक्षर पटेल (8) भी कुछ खास नहीं कर सके और सस्ते में आउट हो गये। इस दौरान गिल दूसरे छोर पर डटे रहे और फिर केएल राहुल के साथ मिल कर 87 रनों की पार्टनरशिप करते हुए टीम इंडिया को जीत दिला दी। केएल राहुल ने नाबाद 41 रनों की पारी खेली। केएल ने 1 चौका और 2 छक्के जड़े। गिल 129 गेंदों पर 101 रन बनाकर नाबाद लौटे। इस जीत से टीम इंडिया के खाते में 2 अंक हो गये हैं। टीम इंडिया अपने दूसरे मुकाबले में पाकिस्तान से भिड़ेगी। ये मैच दुबई में 23 फरवरी को खेला जायेगा।

## बाबूलाल मरांडी का हेमंत सोरेन को पत्र, कहा

# शराब दुकानों के आवंटन में हड़िया बेच रहीं आदिवासी महिलाओं को दी जाये प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक बार फिर झारखंड सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर पोस्ट सझा करते हुए कहा, "हेमंत सोरेन की सरकार झारखंड में शराब नीति के संशोधन की तैयारी कर रही है। फिर से वही 'राजस्व की वृद्धि' वाला तर्क दिया जा रहा है। इस बार लक्ष्य 4000 करोड़ रुपये के राजस्व संग्रह का रखा गया है। पिछली दफा लागू की गयी शराब नीति में 'ऑफिशियल खर्च' के नाम पर धड़ल्ले से शराब की निर्धारित कीमत से प्रति बोतल



औसतन 10 से 30 रुपये अधिक वसूले जाते थे, इसके बावजूद राजस्व संग्रह लक्ष्य से सैकड़ों करोड़ रुपये कम था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन यह तो तय कर लें कि उन्हें शराब की नीति खुद के लिये और ज्यादा नोट कमाने वाला चाहिये या राज्य का राजस्व बढ़ाने वाला? मैंने पहले भी मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर सुझाव दिया है कि शराब दुकानों के आवंटन में सड़क किनारे हड़िया बेच रहीं आदिवासी महिलाओं को प्राथमिकता दी जाये, ताकि वे भी सम्मानपूर्वक अपना जीवनयापन कर सकें। अगर सरकार को सच में राजस्व बढ़ाना है और साथ ही झारखंड की जमीन से जुड़े लोगों का भला करना है, तो संगठित शराब माफियाओं के आगे बेबस पारंपरिक तरीके से अपनी रोजी-रोटी कमाने वाली आदिवासी महिलाओं को शराब दुकान के आवंटन में प्राथमिकता दें।"

# जेजेए ने पत्रकार सुरक्षा कानून, पेंशन योजना स्वास्थ्य बीमा लागू करने के लिए दिया धरना

- पत्रकार पेंशन योजना लागू नहीं होने पर दायर होगी जनहित याचिका
- पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग पर बीएसपीएस दिल्ली के जंतर मंतर पर देगा धरना
- मुख्यमंत्री को पत्रकारों के मुद्दों पर गुमराह कर रहे हैं अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पत्रकारों पर लगातार बढ़ते हमले, पत्रकार पेंशन, स्वास्थ्य बीमा आदि मांगों को लेकर भारती श्रमजीवी पत्रकार संघ (बीएसपीएस) की झारखण्ड राज्य इकाई झारखंड जर्नालिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) ने राजभवन के समक्ष गुरुवार को प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णानंद भारती के आह्वान और अगुवाई में एक दिवसीय धरना दिया। इसके साथ ही झारखंड जर्नलिस्ट



एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से राजभवन में मुलाकात की और एक ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जेजेए के प्रदेश अध्यक्ष संपूर्णा नंद भारती, बीएसपीएस के राष्ट्रीय महासचिव शाहनवाज हसन, राष्ट्रीय सचिव चंदन मिश्र राज्यपाल श्री गंगवार ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गौर से सुना और उन्होंने पत्रकारों के संबंध में उठाये गये मुद्दों को मुख्यमंत्री तक अनुशंसा करने का आश्वासन दिया। पत्रकारों के इस महाधरना में झारखंड के सभी 24 जिलों के पत्रकारों ने एक स्वर में पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार पेंशन योजना एवं पत्रकार बीमा योजना लागू करने की मांग का समर्थन किया। वरिष्ठ पत्रकार मनोज प्रसाद ने कहा पिछले एक दशक से अधिक समय से मैं झारखंड जर्नालिस्ट एसोसिएशन (जेजेए) के संघर्ष को बहुत करीब से देख रहा हूं। उन्होंने कहा कि पत्रकार पेंशन योजना के लिए झारखंड के अधिकारी मुख्यमंत्री को दिग्भ्रमित कर रहे हैं।

## रांची डीसी मंजूनाथ की याचिका पर जवाब के लिए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में मांगा समय

रांची (आजाद सिपाही)। रांची डीसी के पद पर पदस्थापित मंजूनाथ भजंत्री की याचिका पर अब सुप्रीम कोर्ट में चार सप्ताह बाद सुनवाई होगी। गुरुवार को हुई सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल करने के किए समय देने का आग्रह किया गया, जिसे शीर्ष अदालत ने स्वीकार करते हुए चार सप्ताह में जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। फिलहाल शीर्ष अदालत ने उन्हें कोई राहत नहीं दी है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस ऋषिकेश रॉय और जस्टिस पंकज मित्तल की बेंच में भजंत्री की याचिका पर सुनवाई चल रही है। दरअसल मंजूनाथ भजंत्री ने सुप्रीम कोर्ट में एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) दाखिल कर हाइकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उन्हें चुनावी कार्य से दूर रखे जाने के आदेश दिया गया था। पिछले वर्ष 22 सितंबर को झारखंड हाइकोर्ट ने मंजूनाथ भजंत्री के खिलाफ विभागीय कार्रवाई करने और उन्हें चुनावी कार्यों से उन्हें अलग रखने के आदेश के खिलाफ दायर अपील याचिका स्वीकार कर ली थी। इसके बाद उन्हें चुनाव के कार्य से दूर रखा गया था। आचार संहिता के दौरान आनन फानन में उन्हें रांची डीसी के पद से हटा कर वरुण रंजन को रांची डीसी नियुक्त कर दिया गया था। हालांकि हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बाद सरकार ने मंजूनाथ भजंत्री को रांची डीसी नियुक्त कर दिया है।

## रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति में महाशिवरात्रि को लेकर हुई बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। गुरुवार को उत्कर्ष कुमार, सचिव, रांची पहाड़ी मंदिर विकास समिति-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रांची की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि 2025 हेतु किये जा रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की गयी। इसमें उनके द्वारा पहाड़ी परिसर में हो रहे सीढ़ी निर्माण का कार्य एवं परिसर की साफ-सफाई 24 फरवरी तक पूर्ण करने हेतु संबंधित व्यक्ति को निर्देश दिया गया। आम श्रद्धालुओं को जलार्पण हेतु सुविधा हेतु अरघा 23 फरवरी तक बनाने का निर्देश दिया गया। पहाड़ी मंदिर में योगदान देने वाले स्वयंसेवकों के लिए पहचान पत्र निर्गत करने हेतु कोषाध्यक्ष को निर्देश दिया गया। 25 फरवरी को स्वयंसेवकों के साथ बैठक का निर्णय लिया गया।

## दूसरे का नुकसान करना सिद्धांत के विपरीत है : स्वामी मुकुंदानंद महाराज

रांची (आजाद सिपाही)। जगद्गुरुकृपालु योग यानि जेके योग इंडिया और अशोक नगर देवालय एवं चिंतन स्थल समिति, रांची के संयुक्त प्रयास से दो दिवसीय भव्य आध्यात्मिक कार्यक्रम देवालय मंदिर (अशोक नगर रोड नंबर 2 ) के सभागर में सायं 5 बजे प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर पूज्यनीय स्वामी मुकुंदानंद जी महाराज के श्री मुख से संतो की प्रेरणादायक प्रसंग के माध्यम से आध्यात्मिक साधना के रहस्य जानने का स्वर्णिम अवसर उपस्तिथ श्रोताओ को प्राप्त हुआ। जैसा कि हम सभी जानते है कि स्वामी मुकुंदानंद जी महाराज विश्वप्रसिद्ध आध्यात्मिक शिक्षक, मन-प्रबंधन के विशेषज्ञ तथा आईआईटी और आईआईएम जैसी प्रतिष्ठित संस्थानों के छात्र भी रहे हैं। सभागार में स्वामी जी ने अपने द्वारा लिखी दो पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने द्वारा रचित पुस्तकों पर हस्ताक्षर भी किये। इस अवसर पर मुकेश कुमार, बीबी मिश्रा, प्रेमचंद श्रीवास्तव, प्रमोद सारस्वत सहित काफी लोंगो ने स्वामी जी से आशीर्वाद लिया।

# रांची के सदर अस्पताल से अगवा बच्ची को पुलिस ने किया बरामद

- नवजात को चुराने की कहानी पूरी फिल्मी है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के सदर अस्पताल से अगवा की गयी मात्र 7 दिनों की मासूम बच्ची को रांची पुलिस ने सुरक्षित बरामद कर लिया है। रांची पुलिस सूत्रों ने मामले की पुष्टि करते हुए यह जानकारी दी है कि इसमें एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है। पूरे मामले की विस्तृत जानकारी रांची पुलिस के द्वारा शुक्रवार को दी जायेगी। 17 फरवरी को बच्ची के गायब होने के बाद रांची के लोअर बाजार थाने में अपहरण का मामला दर्ज करवाया गया था।



**बेड़ो इलाके से हुई बरामद :** रांची एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा की स्पेशल टीम ने रांची के सदर अस्पताल से गायब की गयी सात दिन के मासूम बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया है। सीसीटीवी फुटेज और टेक्निकल टीम के सहयोग से पुलिस की टीम ने बच्ची को रांची के बेड़ो इलाके से बरामद किया है। मामले में आरोपित एक महिला को भी गिरफ्तार किया गया है, जो रांची के नरकोपी इलाके की रहनेवाली है।

**9 महीने से मौके की ताक में थी आरोपी महिला :** सात दिन के मासूम बच्ची के गायब होने की कहानी भी पूरी फिल्मी है। जिस महिला के द्वारा बच्ची का अपहरण किया गया था, उसकी कोई संतान नहीं थी, लेकिन उसने अपने गांव में कई महीनों से यह कह रखा था कि वह गर्भवती है। हालांकि हकीकत में आरोपी महिला गर्भवती नहीं थी। फरवरी महीने में आरोपी महिला को हर हाल में एक बच्चा चुराना था, जिसे वह अपना बच्चा बता कर अपने गांव ले जाती, इसी बीच वह लगातार रांची के सरकारी अस्पतालों का चक्कर लगा रही थी।

# विजिटिंग प्रोफेसर से नहीं सुधरेंगे हालात स्थायी नियुक्ति पर ध्यान देने की जरूरत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** एनएसयूआइ राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने रांची विश्वविद्यालय में पठन-पाठान को सुचारू रूप से चलाने के लिए विजिटिंग प्रोफेसर की नियुक्ति करने का विरोध किया है।

अमन अहमद ने कहा कि हाल के दिनों में स्थानीय अखबारों में रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा का बयान पढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा है कि विवि में शिक्षकों की कमी से पठन पाठन पर असर पड़ रहा है। नीड बेस्ड नियुक्ति रोकने से समस्या बढ़ी है, इसीलिए जो शिक्षक रांची विश्वविद्यालय से सेवानिवृत हो गये हैं उन्हें विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में विश्वविद्यालय नियुक्त करेगी और उन्हें प्रति क्लास 1500 रुपये देगी।

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन कुलपति के इस प्रस्ताव को सिरे से खारिज करती है और विरोध करती है, विवि प्रशासन और राज्य सरकार से यह मांग करती है कि किसी भी हालत में सेवानिवृत्त प्राध्यापकों से रांची विश्वविद्यालय में पठन-पाठन का कार्य नहीं लिया जाये और ना ही उन्हें विजिटिंग प्रोफेसर के रूप में नियुक्त किया जाये।

राज्य उपाध्यक्ष अमन अहमद ने कहा कि विश्व भर के साइकाइट्रिक यह मानते हैं कि 40 साल के बाद व्यक्ति का मैंटल सेल घटता है, ना कि बढ़ता है, धीरे-धीरे याददाश्त कम होती है, सोचने समझने की शक्ति कम होती है और एक निश्चित आयु सीमा 60 से 65 उम्र के बाद व्यक्ति की याददाश्त उतनी नहीं रह जाती, जितनी अध्यापन कार्य में जरूरत पड़ती है। तो ऐसे में सेवानिवृत हो चुके 65 वर्षीय प्राध्यापकों से विजिटिंग के रूप में पठन-पाठन कार्य करवाना उचित प्रतीत नहीं होता।

# छात्र पाठ्यपुस्तकों का लगन और मेहनत से अध्ययन करेंगे : प्राचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को एसएस मेमोरियल कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ सुशील कुमार सिन्हा के द्वारा अपने संपूर्ण जीवन काल में अर्जित रसायन विज्ञान, गणित और अर्थशास्त्र की पुस्तकों को विद्यार्थी के अध्ययन, अध्यापन के लिए एसएस मेमोरियल कॉलेज रांची के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा को कॉलेज के पुस्तकालय हेतु समर्पण किया। जिससे कॉलेज के विद्यार्थियों को अध्ययन अध्यापन में काम आ सके यह पाठ्य पुस्तक समर्पण कार्यक्रम में डॉ आरएन सिंह, डॉ संजय कुमार षाड़ंगी, डॉ सुबास साहु का काफी सहयोग ।

कॉलेज के प्राचार्य डॉ बीपी वर्मा ने सभी पुस्तक को सेवा निवृत प्राचार्य महोदय से पुस्तकों की सूची व पुस्तक प्राप्त किये तथा धन्यवाद देते हुए कहा कि उनके जीवन में यह पहला अनुभव है कि सेवानिवृति के बाद कोई प्राचार्य अपने संपूर्ण पुस्तकों को छात्र हित में कॉलेज के पुस्तकालय के लिए दान कर दिए।

पूर्व प्राचार्य डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने संबोधित करते हुए कहा कि पाठ्यपुस्तकों को लग्न और मेहनत से छात्र अध्ययन करेगें, जिससे छात्र-छात्राओं का बौद्धिक विकास होगा, लग्न और मेहनत से ही एक सफल नागरिक बन सकते हैं। उनके जीवन का अब यही सदकर्म है।

**कौन हैं डॉ सुशील कुमार सिन्हा**

डॉ सुशील कुमार सिन्हा सेवा निवृत प्रभारी प्राचार्य, सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, कांके रोड रांची, इसके पूर्व 1985 में गढ़वा महाविद्यालय, गढ़वा, झारखंड, चक्रधरपुर महाविद्यालय, में रसायनशास्त्र विषय के प्राध्यापक के रुप में योगदान दिये थे, रक्षा शक्ति विश्वविधालय, रांची झारखंड में प्रोफेसर इचार्ज के रुप में योगदान दिए थे। एसएस मेमोरियल महाविधालय रांची से 2022 में वे सेवानिबृत हो गये। अब यथास्थान गरीब छात्र छात्राओं का मदद करते हैं।

# छत्रपति शंभाजी की जीवनी पर बनी 'छावा' फिल्म को टैक्स फ्री करे सरकार : डॉ अमरदीप यादव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भाजपा ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ अमरदीप यादव ने धर्मवीर, कर्तव्यनिष्ठ, महाप्रतापी और हिंदवी स्वराज रक्षक श्रीछत्रपति संभाजी महाराज के गौरवशाली इतिहास पर बनी और पूरे देश में रिलीज हुई फिल्म 'छावा' को झारखंड में टैक्स फ्री करने की मांग मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। डॉ अमरदीप यादव ने राज्य सरकार से मांग करते हुए कहा है कि फिल्म 'छावा' को मनोरंजन कर मुक्त किया जाये, ताकि अधिक से अधिक झारखंडवासी विशेष रूप से युवा एवं विद्यार्थी वर्ग इस फिल्म को देखकर हिंदवी स्वराज के महानायक के गौरवशाली एवं संघर्षमयी इतिहास को जान सकें। राज्यवासी छत्रपति शंभाजी महाराज के जीवन से देश की एकता, अखंडता, राष्ट्रवाद और




हिंदुत्ववाद की प्रेरणा लेंगे। पत्र में डॉ अमरदीप ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज के बाद उनके सुपुत्र हिंदवी स्वराज की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले संभाजी महाराज की वीरता, ओजस्विता और साहस अत्यंत गौरवपूर्ण रहा है। औरंगजेब द्वारा छल-बल का उपयोग कर छत्रपति शंभूराजे एवं उनके मित्र कवि कलश को गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद उन्होंने जीवन के बदले औरंगजेब द्वारा इस्लाम धर्म कबूलने के प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए 39 दिन की असहनीय प्रताड़ना को स्वीकार कर सनातन धर्म का संरक्षण करते हुए अमानवीय अत्याचार सहते हुए, शंभुराजे और कवि कलश दोनों ने अपनी आराध्य देवी का नाम 'जगदंबा, जगदंबा' जपते हुए यह सब यातनाएं झेली, दोनों ने अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया, किंतु स्वराज का भाव और हिंदू धर्म नहीं छोड़ा। छत्रपति के रूप में शिवाजी और शंभाजी ने धर्म का संरक्षण किया।

इस फिल्म को अधिक से अधिक दर्शक देखे, इसलिए फिल्म को मनोरंजन कर मुक्त करना चाहिए। फिल्म टैक्स फ्री होगी तो टिकट दर सस्ती हो जायेगी, लोग आकर्षित होंगे और फिल्म देखने वाले दर्शकों की संख्या में बढ़ोतरी होगी। ज्ञात हो कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने अपने राज्यों में फिल्म 'छावा' को टैक्स फ्री करने की घोषणा की है और महाराष्ट्र सरकार के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बयान दिया है कि उनके राज्य में भी जल्द उक्त फिल्म को मनोरंजन कर मुक्त किया जायेगा।

# मधुबनी स्टेशन पर रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचानेवाले उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई

- आरोपियों की पहचान के लिए आरपीएफ की विशेष टीम गठित
- रेलवे ने यात्रियों से रेलवे संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाले किसी भी कृत्य से बचने की अपील की

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** 10 फरवरी 2025 को मधुबनी रेलवे स्टेशन पर अनियंत्रित यात्रियों ने ट्रेन संख्या 12561 स्वतंत्रता सेनानी एक्सप्रेस (एक्स. जयनगर-नयी दिल्ली) के एसी कोच की 73 खिड़कियों को क्षतिग्रस्त कर दिया और रेल यात्रियों में अफरा-तफरी का माहौल पैदा कर दिया।

इस बर्बरतापूर्ण कृत्य के जवाब में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ), पूर्व मध्य रेलवे ने अपराध संख्या 168/2025 के तहत रेलवे अधिनियम की धारा 145 (बी), 146, 153 और 174 (ए) के तहत मामला दर्ज करके त्वरित कार्रवाई की।

आरपीएफ की एक विशेष टीम का गठन अपराधियों की पहचान के लिए किया गया। विशेष टीम द्वारा पूछताछ के दौरान, सूत्रों से तथा तकनीकी साक्ष्यों के माध्यम से जानकारी एकत्रित की गयी, जिसके परिणामस्वरूप एक किशोर की पहचान की गई तथा उसे गिरफ्तार किया गया, जो घटना में संलिप्त पाया गया। उसने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है तथा पश्चाताप व्यक्त किया है। इस मामले की जांच सक्रिय रूप से चल रही है, ताकि तोड़फोड़ की अन्य समान घटनाओं में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान की जा सके तथा उन्हें गिरफ्तार किया जा सके। रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने/नुकसान पहुंचाने वाले उपद्रवियों के खिलाफ आरपीएफ सख्त कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। रेलवे की संपत्ति एक राष्ट्रीय संपत्ति है तथा रेलवे की संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का कोई भी कृत्य अवैध है। यात्रियों की सुरक्षा तथा रेलवे के बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आरपीएफ ने राज्य सरकार तथा जीआरपी अधिकारियों के साथ समन्वय में आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की है। यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ आरपीएफ ऐसी गैरकानूनी गतिविधियों में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। हम जनता से आग्रह करते हैं कि वे गैरकानूनी गतिविधियों तथा ऐसे कार्यों में शामिल होने से बचें, जिनसे सार्वजनिक सुरक्षा को खतरा हो।

पूर्व मध्य रेल

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)/पूर्व मध्य रेल/धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

ई–निविदा सं.: C-710- TORI-C-GCT

1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि: टोरी–C-(TORI) स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) का पूरी तरह से रेलवे भूमि पर पैंतीस वर्ष (35 वर्ष) अर्थात 420 महीने की अवधि के लिए विकास। 2. टोरी स्टेशन पर गति शक्ति मल्टी–मॉडल कार्गो टर्मिनल (जीसीटी) के विकास का 2. लगभग लागत: रु. 32,76,81,006/– 3. ब्याने की राशि: रु. 3,27,68,200/– 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय: ई–निविदा बंद होने की तारीख 18.03.2025 को 15:00 बजे। ई–निविदा खुलने की तारीख 18.03.2025 को 15:30 बजे से। 5. वेबसाइट, का विवरण: http://www.ireps.gov.in ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी। रेल प्रशासन के पास किसी/समस्त प्रपत्र को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

कृते मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य)
पूर्व मध्य रेल/धनबाद।

पीआर/02148/डीएचएन/सीओएमएल/टी/24-25/36

# कतर के अमीर की भारत यात्रा

कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमाद अल-थानी की दो दिवसीय भारत यात्रा ने बदलते अंतरराष्ट्रीय समीकरणों के बीच दोनों देशों की बढ़ती करीबी को दिखाया है। उनकी इस यात्रा को भारत में कितनी अहमियत दी गयी, यह इसी से स्पष्ट था कि उन्हें रिसीव करने खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एयरपोर्ट गये थे।

**अनिश्चितता के हालात :** यह यात्रा ऐसे समय हुई, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की घोषणाओं से न केवल अंतरराष्ट्रीय व्यापार के समीकरणों को लेकर अनिश्चितता की स्थिति बन रही है, बल्कि पश्चिम एशिया में भी नाजुक हालात हो गये हैं। ध्यान रहे कतर, इस्राइल और हमास के बीच मध्यस्थ की भूमिका में रहा है और अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के गाजा को खाली कराने संबंधी बयान को लेकर वह असहज है। ऐसे में महत्वपूर्ण है कि मंगलवार को जहां कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि गाजा के भविष्य का फैसला फलस्तीनी करेंगे, वहीं भारत ने भी फलस्तीन के मुद्दे पर टू स्टेट सॉल्यूशन के फॉर्म्युले को अपना समर्थन दोहराया।

**रणनीतिक साझेदारी :** इसी संदर्भ में यह भी महत्वपूर्ण है कि भारत और कतर ने अपने रिश्तों को रणनीतिक साझेदारी का रूप दे दिया है। हाल के वर्षों में खाड़ी देशों के साथ भारत के रिश्तों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के देशों में सऊदी अरब, यूएइ, ओमान और कुवैत के बाद कतर पांचवां देश है, जिसके साथ भारत ने रणनीतिक साझेदारी समझौता किया है।

**हाल के वर्षों में खाड़ी देशों के साथ भारत के रिश्तों में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला है। गल्फ कोऑपरेशन काउंसिल (जीसीसी) के देशों में सऊदी अरब, यूएइ, ओमान और कुवैत के बाद कतर पांचवां देश है, जिसके साथ भारत ने रणनीतिक साझेदारी समझौता किया है।**

**सहयोग बढ़ाने पर सहमति :** दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार को अगले पांच साल में दोगुना करने और कतर की ओर से भारत में 10 बिलियन डॉलर का निवेश करने का फैसला तो किया ही है, जीसीसी देशों के साथ भारत के मुक्त व्यापार समझौते पर हो रही प्रगति से अलग द्विपक्षीय स्तर पर भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। यही नहीं, दोनों देशों ने सीमा पार आतंकवाद समेत सभी तरह के आतंकवाद की निंदा करते हुए उस पर एकजुटता दिखायी।

**बेहतर भविष्य की ओर :** ध्यान रहे, भारत और कतर के रिश्तों में यह बेहतरी अचानक नहीं आयी है। वहां करीब 7 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं, जो कतर की कुल आबादी का लगभग 25 फीसदी हिस्सा है। दोनों देशों के बीच करीबी सहयोग न केवल द्विपक्षीय हितों के लिहाज से महत्वपूर्ण है, बल्कि वैश्विक विवादों को सुलझाने में भी सकारात्मक योगदान कर सकता है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के इस कदम को लेकर तृणमूल कांग्रेस में चिंता, संदेह पैदा हो रहा है, क्योंकि वहां अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं और वहां पर कांग्रेस इसी की पुनरावृत्ति कर सकती है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने इंडिया गठबंधन को खंडित बताया है। अब्दुल्ला ने इसे भंग करने का आह्वान किया है, तो राजद के तेजस्वी ने पूछा है कि इसका नेतृत्व कौन करेगा और इसका एजेंडा क्या होगा। यह गठबंधन किस तरह आगे बढ़ेगा, इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है।**

# क्या इंडिया गठबंधन ने आत्मघाती बटन दबा दिया है?

पूनम आई कौशिश

दिल्ली विधान सभा चुनावों में भाजपा की जीत के सुखाभास और आप की हार की निराशा के मध्य इस बात का विश्लेषण करना आसान हो गया है कि क्या इंडिया गठबंधन ने लोक सभा चुनावों में अच्छे प्रदर्शन के बाद अपनी प्रासंगिकता और स्वरूप खो दिया है, विशेष कर दिल्ली में आप और कांग्रेस की विफलता के बाद दिल्ली विधानसभा चुनावों से पहले से कमजोर हो रहे इंडिया गठबंधन के लिए और चुनौतियां पैदा हो गयी हैं।

कुछ लोगों का आरोप है कि कांग्रेस ने भाजपा की जीत में योगदान दिया है, हालांकि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता इसे गलत बता रहे हैं, क्योंकि चुनाव से पूर्व आप ने गठबंधन की संभावना से इंकार कर दिया था। दिल्ली में भाजपा की जीत के बाद जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा, और लड़ो आपस में। यही बात शिव सेना-उद्धव ठाकरे गुट ने भी दोहराई और कहा कि यदि ऐसा ही रहा तो फिर गठबंधन क्यों बनाये जायें। समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस की यह कहते हुए आलोचना की कि उसका दृष्टिकोण गलत है तथा धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक शक्तियों में विभाजन का कारण है।

**दिल्ली चुनाव में हार के बाद आप की पंजाब इकाई में भी हलचल दिखायी देने लगी है।**

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के इस कदम को लेकर तृणमूल कांग्रेस में चिंता, संदेह पैदा हो रहा है, क्योंकि वहां अगले वर्ष विधानसभा चुनाव होने हैं और वहां पर कांग्रेस इसी की पुनरावृत्ति कर सकती है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने इंडिया गठबंधन को खंडित बताया है। अब्दुल्ला ने इसे भंग करने का आह्वान किया है, तो राजद के तेजस्वी ने पूछा है कि इसका नेतृत्व कौन करेगा और इसका एजेंडा क्या होगा। यह गठबंधन किस तरह आगे बढ़ेगा, इस बारे में कोई चर्चा नहीं हुई है। यह स्पष्ट नहीं है कि हम एकजुट रहेंगे या नहीं।



**विरोधाभास के इस दिमागी खेल में जहां पर रणनीतियां वोट बैंक से लाभ उठाने के लिए बनायी जाती हैं, विपक्ष के लिए एकजुट होना आसान नहीं, क्योंकि इंडिया गठबंधन के घटक दलों के अपने क्षेत्रीय गढ़ हैं और इसीलिए उनके बीच आपस में टकराव भी है और इन सबसे मुकाबला करने के लिए दूरदर्शिता और लचीलेपन की आवश्यकता है।**

हालांकि कांग्रेस दिल्ली में अपना खाता खोलने में विफल रही है, किंतु उसके मत प्रतिशत में 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और 14 सीटों पर उसके उम्मीदवार दूसरे स्थान पर आये हैं और उन्होंने इन सीटों पर आप के उम्मीदवारों को तीसरे स्थान पर धकेला है। सभी लोग जानते हैं कि आप और कांग्रेस दोनों ही परस्पर विरोधी सहयोगी हैं।

इंडिया गठबंधन में आप के प्रवेश का कांग्रेस ने विरोध किया था और उसने आप को इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठकों में बुलाने से इंकार कर दिया था।

दिल्ली चुनाव में हार के बाद आप की पंजाब इकाई में भी हलचल दिखायी देने लगी है। पंजाब के कुछ विधायक पार्टी के दिल्ली नेतृत्व से नाराज हैं, जिनका राज्य के प्रशासन पर प्रभाव है और वे अपने विकल्पों पर विचार कर सकते हैं। वस्तुतः पंजाब के विधायकों के साथ केजरीवाल की बैठक का उद्देश्य उनमें असंतोष को दूर करना था। कुछ विपक्षी नेताओं ने भविष्यवाणी की है कि पंजाब में भी आप का इसी तरह पतन होगा, जहां पर लोकसभा चुनावों में पार्टी के 13 में से केवल 3 उम्मीदवार जीते थे। कुछ लोगों का मानना है कि केजरीवाल अब पंजाब की राजनीति में सीधी भूमिका निभाने पर विचार कर सकते हैं।

आज की पेशेवर राजनीति में राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इंडिया गठबंधन सभी व्यावहारिक प्रयोजनों के लिए मृतप्रायः हो गया है क्योंकि उसने आत्मघाती बटन दबा दिया है और वह कभी भी विस्फोट का रूप ले ले सकता है और किसी भी क्षण क्षेत्रीय दल कांग्रेस के साथ अपने संबंधों की समीक्षा कर सकते हैं, क्योंकि जो सहयोगी दल कांग्रेस के साथ गठबंधन कर अपनी शक्ति के साथ समझौता करते हैं, वे अंततः कांग्रेस को मजबूत करते हैं और कांग्रेस भाजपा का मुकाबला करने में विफल रहती है। पार्टियों का यह भी कहना है कि उनके योगदान के कारण लोकसभा में विपक्ष के नेता बने राहुल गांधी उनकी राष्ट्रीय महत्वाकांक्षाओं को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

इंडिया गठबंधन को भाजपा के दृढ़ निश्चय का मुकाबला करना होगा। साथ ही वाक शैली और संसाधनों के मामलों में भी उसके समकक्ष आना होगा। किसी भी गठबंधन की स्थिरता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे किस ढांचे में खड़ा किया गया है।

विरोधाभास के इस दिमागी खेल में जहां पर रणनीतियां वोट बैंक से लाभ उठाने के लिए बनायी जाती हैं, विपक्ष के लिए एकजुट होना आसान नहीं, क्योंकि इंडिया गठबंधन के घटक दलों के अपने क्षेत्रीय गढ़ हैं और इसीलिए उनके बीच आपस में टकराव भी है और इन सबसे मुकाबला करने के लिए दूरदर्शिता और लचीलेपन की आवश्यकता है।

कुल मिला कर यदि इंडिया गठबंधन अपने अस्तित्व को बचाना चाहता है तो उसे भाजपा विरोध से परे जाकर बहुत कुछ करना होगा। उसे लोकप्रिय दिखने और लोगों के हितों की देखभाल करने के बीच एक सही संतुलन बनाना होगा। हमें इस बात को ध्यान में रखना होगा कि एक कमजोर और विभाजित विपक्ष, चाहे उसे कोई भी नाम दे दो, कमजोर विपक्ष ही रहेगा।

## कोल्हान की खबरें

# 3.66 किलो गांजा के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता




**जमशेदपुर।** जिले में एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर जमशेदपुर पुलिस का अवैध करोवारी के खिलाफ अभियान जारी है।इस कड़ी में टेल्को पुलिस ने विशेष अभियान के तहत गांजा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मामले का खुलासा करते हुए सिटी एसपी कुमार शिवाशीष ने बताया बीते रात विशेष गश्ती दल टेल्को थाना क्षेत्र के जेम्को बस स्टैंड के पास पहुंचते देख स्कूटी सवार दो युवक तेजी से भागने लगे। संदेह होने पर पुलिस ने तत्काल पीछा कर सालकाझोड़ी फाटक के पास दोनों युवक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी बारीगोड़ा निवासी 30 वर्षीय चंद्रशेखर कुमार और निवासी न्यू केबुल टाउन निवासी 43 वर्षीय अमित कुमार सिंह उर्फ बब्लू सिंह है। पुलिस ने आरोपी के पास से तीन बंडल में कुल 3.66 किलोग्राम गांजा, तीन स्मार्टफोन और एक टीवीएस स्कूटी बरामद कर लिया। सिटी एसपी ने कहा पुलिस आरोपियों का नेटवर्क के बारे में गहन जांच कर रही है।वैसे जिले में नशे की कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी है। पुलिस लगातार संदिग्ध गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। आने वाले दिनों में ऐसे अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल गिरफ्तार दोनो तस्करों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गिरफ्तारी के दौरान नगर पुलिस उपाधीक्षक सुनील चौधरी के नेतृत्व में टेल्को थाना प्रभारी प्रशांत कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक शशिकांत, देयकांत शर्मा, सहायक पुलिस अवर निरीक्षक मो. सलीम आलम समेत कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** दाक्षिण पूर्व रेलवे के सीकेपी रेल मंडल के हावड़ा- मुंबई रेलखंड पर सीनी और महालिमुरूप रेलवे लाइन के बीच पोल संख्या 282/24 के समीप ट्रेन की चपेट में आकर एक अज्ञात महिला की मौत हो गयी हैं। महिला की उम्र 50 वर्ष के आसपास बतायी जा रही है। घटना गुरुवार की है। मिली जानकारी के अनुसार पोल संख्या 282/24 के समीप उक्त महिला रेलवे लाइन पार कर रही थी। इसी दौरान किसी ट्रेन से वो टकरा कर घायल हो गयी। कुछ लोगों ने इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस घायल महिला को एंबुलेंस के माध्यम से सरायकेला सदर लाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल महिला की पहचान नहीं हो सकी है।

# पोटका विधायक के निर्देश पर 19 पंचायतों में साफ सफाई के लिए जुस्को महाप्रबंधक को सौंपा मांगपत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के जमशेदपुर प्रखंड स्थित 19 पंचायतों में साफ-सफाई की मांग को लेकर झामुमो नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल जुस्को महाप्रबंधक से मुलाकात कर मांग पत्र सौंपा। गुरुवार को सौपे गए मांग पत्र में विधायक संजीव सरदार ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान मिली स्थानीय लोगो की परेशानियों से अवगत कराया।पोटका विधायक ने पत्र में जमशेदपुर प्रखंड के पश्चिम बागबेड़ा, उत्तर बागबेड़ा, मध्य बागबेड़ा, बागबेड़ा कॉलोनी, दक्षिण बागबेड़ा, पूर्वी बागबेड़ा, उत्तर पूर्वी बागबेड़ा, उत्तरी किताडीह, पश्चिम किताडीह, पूर्वी किताडीह, उत्तरी सुसनीगाड़िया, उत्तरी करनडीह, दक्षिण करनडीह, पूर्वी घाघीडीह, उत्तर घाघीडीह, मध्य घाघीडीह, पश्चिम घाघीडीह, दक्षिण घाघीडीह एवं पुड़ीहासा पंचायतों में स्वच्छता को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की। इन क्षेत्रों में सब्जी बाजार, नालियों और अन्य सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। जिससे स्थानीय लोगो को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बरसात के मौसम में जलजमाव व गंदगी के कारण डेंगू, मलेरिया जैसी संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है। जिससे लोगों में भय व्याप्त है।विधायक श्री सरदार ने 19 पंचायतों में शीघ्रातिशीघ्र व्यापक स्तर पर सफाई अभियान चलाने व उचित कार्रवाई करने की मांग की। विधायक के मांग की जुस्को के महाप्रबंधक ने गंभीरता से लेते हुए शीघ्र सफाई कार्य प्रारंभ कराने का आश्वासन दिया। मौके पर पप्पू उपाध्याय,जगत मार्डी, मनोज नाहा,भगवान मार्डी सहित अन्य शामिल रहे।जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगो ने विधायक की पहल का स्वागत किया। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा अब जल्द ही इन क्षेत्रों में स्वच्छता की स्थिति में सुधार आयेगी।

# पुस्तक पढ़ना अपनी दिनचर्या में जोड़ें छात्र : डीसी

**सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, सरायकेला एवं नगर पंचायत सरायकेला पुस्तकालय को सीएसआर मद से 62 पुस्तक का सेट मिला**

आजाद सिपाही संवाददाता




**सरायकेला।** डीसी रविशंकर शुक्ला के अध्यक्षता में जिला समाहरणालय सभागार में गुरुवार को कार्यक्रम आयोजित कर जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय, सरायकेला एवं नगर पंचायत सरायकेला पुस्तकालय को सीएसआर मद से 62 पुस्तक का सेट उपलब्ध कराया गया। इस दौरान उपायुक्त ने जानकारी दी कि 62 पुस्तकों के सेट में अंग्रेजी एवं हिंदी साहित्य समेत एक्स्ट्रा करिकुलम से संबंधित हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषा मे पुस्तक उपलब्ध करायी गयी है, जिससे अपने विद्यालय प्रांगण में ही छात्राओं को पुस्तकालय के माध्यम से पुस्तक प्राप्त हो सकेगी। साथ ही उन्होने कि बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ समाज, पर्यावरण तथा खेल कूद समेत अन्य गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से सभी पुस्तकालय में पुस्तक उपलब्ध कराया जा रहा है। आगे अन्य विद्यालयों मे भी यह कार्य किया जायेगा। उपायुक्त नें मौजूद छात्राओं से वार्ता करते हुए कहा कि चीजों को अनुभव करने का सबसे अच्छा माध्यम पुस्तक है पुस्तक पढ़ना अपने दिनचर्या में जोड़ें, जिससे की पढ़ाई में रुचि तो बढ़ेगी, साथ ही चीजों को सुनने-समझने का अनुभव होगा। जीवन में आगे बढ़ने के लिये मेहनत अत्यंत आवश्यक है। वही मेहनत का दूसरा कोई शार्टकट नहीं होता हैं।

अंततः कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने विद्यालय के सभी वार्डन को कहा कि सभी पुस्तकों पर नंबरिंग तथा विद्यालय का मोहर लगा लें, किताबों का रख-रखाव अच्छे तरीके से हो तथा विद्यालय की छात्राओं को सुगमता से पुस्तक मिले यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कक्षाओं में पुस्तकों के संबंध में चर्चा करें, छात्रों के मन में उत्पन्न व्यवधानों,संकाओ को दूर करने की ओर प्रयास करें। कार्यक्रम मे मुख्य रुप से जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी सुरेन्द्र उराव, जिला शिक्षा अधीक्षक कैलाश मिश्रा,जिला खनन पदाधिकारी ज्योति शंकर सतपति, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत सरायकेला एवं अन्य सम्बन्धित पदाधिकारी उपस्थित रहें।

# बिष्टुपुर गोपाल मैदान में राष्ट्रीय मागे महोत्सव 7 मार्च से, 11 राज्यों से हो समाज के नृत्य दल होंगे शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** लौहनगरी जमशेदपुर के गोपाल मैदान में जोहार ट्रस्ट व आदिवासी हो समाज महासभा पूर्वी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय राष्ट्रीय मागे महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। आगामी 7 से 9 मार्च तक चलने वाले तीन दिवसीय राष्ट्रीय मागे महोत्सव में देश के 11 राज्यों से आदिवासी समुदाय के प्रतिनिधि भाग लेंगे। महोत्सव के दौरान देशभर के आदिवासी कलाकार पारंपरिक गीत, संगीत, नृत्य और खेलकूद के साथ रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य व योगदान देने वाले व्यक्तियों को जोहार संस्था द्वारा सम्मानित किया जायेगा। महोत्सव में 200 स्टॉल लगाए जायेंगे। जिनमें विभिन्न व्यंजन, परिधान, पुस्तकें, कला और शिल्प, फर्नीचर, सजावट सामग्री, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स, कार व बाइक के स्टॉल शामिल रहेगी।आगामी 7 मार्च को राष्ट्रीय मागे महोत्सव का उद्घाटन होगा। मौके पर 11 राज्यों से हो समाज के नृत्य दल व लोग शामिल होंगे। प्रतियोगिता में कुल पुरस्कार राशि 2 लाख 11 हजार के साथ प्रमाण पत्र और मेमेंटो प्रदान की जाएंगे। वही 8 मार्च को अखड़ा मागे षुशुन प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि 81,000 के साथ प्रमाण पत्र और मेमेंटो दिए जाएंगे। साथ ही मेगा आर्ट फेस्ट का आयोजन होगा। जिसमें विद्यालय और महाविद्यालयों के दो हजार से अधिक छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। कुल पुरस्कार राशि एक लाख है। मानकी मुंडा, दिऊरी, समाज के पदाधिकारी और बुद्धिजीवियों का सम्मान समारोह भी होगा। 11 जनजातियों द्वारा पारंपरिक नृत्य, संगीत और लोकगीत प्रस्तुत किए जाएंगे, जिनकी कुल पुरस्कार राशि 75 हजार है। वही 9 मार्च को ग्रैंड फिनाले का आयोजन होगा। जिसमें ऑडिशन से चयनित कलाकारों का डांस प्रतियोगिता होगी। पुरस्कार राशि एक लाख रखा गया है। मुख्य आकर्षण 'ब्रिटेन गॉट टैलेंट' में प्रदर्शन कर चुकी भारत की पहली गर्ल्स डांस क्रू 'यो हाईनेस' का लाइव परफॉर्मेंस होगा। मौके पर जोहार ट्रस्ट अध्यक्ष पिंटू चाकिया, आदिवासी हो समाज महासभा जिला अध्यक्ष रायमुल बानरा, जोहार ट्रस्ट सचिव दुर्गा चरण बारी, कृष्णा लोहार,मानकी मुंडा संघ जिला अध्यक्ष रोशन पूर्ति, आदिवासी हो समाज युवा महासभा केंद्रीय समिति उपाध्यक्ष सुरा बिरुली सहित अन्य शामिल रहे।

## 351 कन्याओं की एक साथ विदाई से माहौल हुआ भावुक

# लोगों का सहयोग रहा, तो संस्था प्रत्येक वर्ष करायेगी बहनों का विवाह : सचिव

एक से बढ़कर एक संगीत पर कलाकारों ने बांधा समा, झूम उठे जन सैलाब

दहेज लेना और देना पाप है, कसम खाइए की ये बेटियो के लिए अभिशाप है : नूरानी



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा बुधवार को शहर के दानरो नदी स्थित छठ घाट के मैदान में 351 गरीब कन्याओं का सामूहिक विवाह कराया। इस दौरान विभिन्न तरह के कार्यक्रम आयोजित किये गये। देर शाम जयमाल कार्यक्रम के बाद सुर संग्राम सहित भोजपुरी जगत से आये हुए कलाकारों के द्वारा एक से बढ़कर एक गानों पर कलाकारों ने समां बांध दिया, और बैठे जन सैलाब को ताली बजाने को मजबूर कर दिया। कार्यक्रम का शुरूआत अतिथि पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा सोसाइटी के सचिव की मां सुगा पति देवी, बिहार से आए मौलाना उमर नूरानी आदि लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया।

इस दौरान पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा ने कहा कि संस्था का यह पहला बहुत ही सराहनीय कार्य है। इस तरह का कार्य विभिन्न समाजसेवी संस्थान के द्वारा भी करने की जरूरत है। अगर ऐसा कार्यक्रम विभिन्न संस्थान के द्वारा किया जायेगा, तो आने वाला समय में दहेज मुक्त विवाह सुनिश्चित हो जायेगा। उन्होंने कहा कि आज दहेज के लिए बेटी मारी जा रही है। गर्भ में भ्रूण हत्या कराया जा रहा है। ऐसे लोग इससे परहेज करें, नहीं तो आने वाले समय में बेटी को खोजने के लिए विवाह करने के लिए अपने देश से दूसरे देश में भी जाना पड़ सकता है। मैं सदैव तन मन धन से समर्पित रहूंगा। जेएमएम के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे ने कहा कि विकास कुमार माली ने एक साथ 351 सीता जैसी बहनों की शादी कराना यज्ञ से भी बढ़कर सफल कार्य है। उन्होंने कहा कि आज तक गढ़वा के इस सर जमीन पर किसी भी सोसाइटी या सामाजिक संस्था के द्वारा ऐसा अयोजन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि सोसाइटी के सचिव विकास कुमार माली के द्वारा 351 बेटियों का डोली सजाकर इतिहास रचने का काम किया है।

किन्नर समाज के राधा गुरु ने कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था के द्वारा इस तरह का कार्यक्रम आयोजित करना बहुत ही गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि संस्था हमेशा इस तरह का कार्यक्रम करें। उसके साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा का पूरा परिवार तन मन धन से सहयोग करेगा। जेएमएम के जिला अध्यक्ष तनवीर आलम ने कहा कि आज के इस युग में बेटी को लोग बोझ समझ रहे हैं। ऐसा कभी नहीं समझे। इस तरह की बोझ समझने वाले माता-पिता से अनुरोध है कि आप डायरेक्ट कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्थान के कार्यालय में जाकर उनसे संपर्क करें। आपकी बेटी बोझ नहीं होगी। और आपकी बेटी का पूरा पढ़ाई से लेकर विवाह तक का खर्च कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी उठेगा। बिहार से चलकर आए उमर नूरानी ने कहा कि लोग कसम खा ले की बेटी की विवाह करने और बहू लाने के लिए मैं 1 रुपये का दहेज नहीं दूंगा ना लुंगा। तो आने वाला समय नहीं आज के मंच संबोधन के बाद विवाह संपन्न करा कर 351 कन्याओं की एक साथ विदाई के दौरान पूरा महफिल रो पड़ा था। यहां तक की संस्था के सचिव विकास कुमार माली और बाहर से चलकर आए हुए कलाकारों ने भी बहनों की विदाई को देखकर रो पड़े।

### केतार : शतचंडी महायज्ञ और सामूहिक विवाह में 10 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे



केतार (आजाद सिपाही)। मां चतुभुर्जी शक्तिपीठ धाम में चल रहे शतचंडी महायज्ञ एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 10 जोड़े वर वधू का हिंदू रीति रिवाज के साथ धूमधाम से विवाह कर कन्यादान किया गया। इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित होकर नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। इस मौके पर यज्ञकर्ता श्री श्री 108 श्री रामेश्वर दास जी महाराज, कथा वाचिका देवी प्रतिभा, जजमान मुखिया प्रमोद कुमार, प्रमोद शुक्ला, आयोजन कमिटी के अध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, संरक्षक राम विचार साहू, राजकुमार पाठक सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## रेखा गुप्ता को दिल्ली की सीएम बनाये जाने पर भाजपाइयों ने निकाला जुलूस

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** भारतीय जनता पार्टी गढ़वा ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष मनीष गुप्ता एवं महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष अनीता गुप्ता की अध्यक्षता में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप के नेतृत्व में दिल्ली प्रदेश के मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को बनाए जाने पर रंका मोड़ पर जुलूस निकालकर मिठाई बाट कर और पठाखे फोड़ कर खुशी मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से उपस्थित भाजपा ज़िलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने कहा कि नये सीएम से लोगों को बंधी है ढेरों उम्मीदें। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के समर्पित नेता को मुख्यमंत्री पद के लिए चयनित किया गया है इससे सामाजिक राजनीतिक को मजबूती मिली है। महिला मोर्चा अध्यक्ष अनिता गुप्ता ने कहा कि 27 वर्ष बाद सबका साथ सबका विकास की योजना को धरातल पर उतारने में भाजपा सफल साबित हुई है। यमुना नदी की सफाई दिल्ली में पर्यावरण प्रदूषण की समस्या अब इन प्रकार की सभी मुसीबतों से दिल्लीवासियों को छुटकारा मिलेगा।

भाजपा नेता डॉक्टर पातंजली केशरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी के उत्थान का जो नारा दिया था, उसमें नारी को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है। भाजपा को देश भर में महिलाओं का लगातार समर्थन मिल रहा है। रेखा गुप्ता वर्तमान समय में भाजपा की इकलौती महिला मुख्यमंत्री बनी हैं।

ओबीसी मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष मनीष गुप्ता ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव में पार्टी को इसका लाभ मिलेगा। नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि रेखा गुप्ता भाजपा महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष थी आरएसएस से जुड़ी हैं। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार का लाभ दिल्लीवासियों को मिलेगा।

मौके पर रवींदर जायसवाल, विनोद जायसवाल, ब्रजेश उपाध्याय, टिनकु गुप्ता, लखन गुप्ता, उदय मेहता, शिवनारायण चंद्रा, छोटन सोनी, सतेंदर सोनी, ओमप्रकाश, नमिता देवी सुषमा कुमारी समेत अन्य उपस्थित थे।

## अपनी 17 सूत्री मांगों को लेकर भारतीय आदिम जनजाति परिषद ने धरना दिया

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गुरुवार को 17 सूत्री मांगों को लेकर भारतीय आदिम जनजाति परिषद के लोगों ने समाहरणालय के समक्ष प्रदर्शन किया। परिषद के लोगों ने गोविंद हाई स्कूल के मैदान से निकलकर समाहरणालय पहुंचे थे। प्रदर्शन के बाद लोगों ने डीसी को मांग पत्र सौंपा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनकी मांगों पर तत्काल कारवाई नहीं की गयी, तो बाध्य होकर बड़ा जनांदोलन का रास्ता अख्तियार करेंगे। परिषद की ओर से सौंपे गये मांग पत्र में वन अधिकार अधिनियम 2006 और 2008 के तहत वन पर आश्रित परिवार को वन पट्टा सुनिश्चित करने, चिनियां प्रखंड के अंतर्गत पीवीजीटी परिवारों का तीन माह का बकाया राशन अविलंब वितरण करने, जंगली हाथी व जानवरों के द्वारा मृत्यु होने पर मुआवजा को चार लाख से बढ़ाकर 10 लाख करने और आश्रित के परिवार को सरकारी नौकरी देने, मनरेगा में मिलने वाले मजदूरी को 272 से बढ़ाकर 800 रुपये प्रतिदिन लागू करने, आदिम जनजाति के महिलाओं के पेंशन को एक हजार से बढ़ाकर 5000 लागू करने, भुईयां समाज के उत्थान के लिए महादलित बोर्ड का गठन करने, आदिवासी, गरीब, दलित, मजदूर और किसानों के बेरोजगार युवा युवतियों को चिन्हित कर नौकरी देने और राशन कार्ड से मिल रहे पांच किलो चावल को बढ़ाकर 25 किलो प्रत्येक माह लागू करने की आदि अन्य मांग शामिल है। प्रदर्शन को रमाशंकर बैगा, विजय कोरवा, नरेश कुमार भुईयां, उमेश परहिया, जिलाध्यक्ष सुरेश कोरवा, कृष्णा भुईयां, चंपा देवी, मंगरी देवी सहित अन्य लोगों ने संबोधित किया। मौके पर जितेंद्र कोरवा, शर्मा परहिया, महेंद्र राम भुईयां, बिगू कोरवा, बरती देवी, विशुन कोरवा, अजय कोरवा, मोहन भुईयां सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## आनंद मार्ग जागृति केंद्र में धर्मेंद्र देव का जिला भक्ति प्रधान के लिए चयन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मदरसा रोड स्थित सोनपुरवा में अवस्थित आनंद मार्ग जागृति केंद्र में गुरुवार को जिला भुक्ति प्रधान का चुनाव चयन समिति और चुनाव पर्यवेक्षक आचार्य अनुरागानंद अवधूत के देखरेख में संपन्न हुआ। उपस्थित लोगों द्वारा विचार विमर्श के बाद धर्मेंद्र देव को जिला भक्ति प्रधान के लिए योग्य मानते हुए सर्वसम्मति से चयन किया गया। इसके पूर्व चयन समिति द्वारा बताया गया कि चर्याचर्य के अनुसार भुक्ति प्रधान (संस्था का जिला प्रधान) का चुनाव हर तीन वर्ष पर किया जाता है। इसके लिए न्यूनतम योग्यता निर्धारित है। धर्म चक्र में 60 प्रतिशत उपस्थिति, यम नियम, सोड़ष विधि, षट् रिपु एवं अष्टपाश का विधिवत पालन के साथ ही साधना मार्ग के छः लेसन ईश्वर प्रणिधान, गुरु मंत्र, तत्व धारणा, प्राणायाम, चक्र शोधन एवं ध्यान धारणा में प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। इस अनुरूप धर्मेंद्र देव को आगामी 3 वर्षों के लिए जिला भक्ति प्रधान के लिए चयन किया गया। इस अवसर पर पूर्व भुक्ति प्रधान दिनेश प्रसाद ने कहा कि मेरे द्वारा जो भी कार्य अधूरा है उसे पूरा करने में पूरा सहयोग करूंगा। नवनिर्वाचित भुक्ति प्रदान धर्मेंद्र देव ने सभी की उम्मीद पर खरा उतरने, जागृति की सात्विकता और सद्विप्र समाज के निर्माण का संकल्प लेते हुए चयन के लिए सभी के प्रति आभार प्रकट किया। इस अवसर पर कैलाश प्रसाद, रामजन्म, रंजीत देव, शुभम देव, सुधांशु देव सहित कई मार्गी थे।

## मजदूरी करने गये अरसली उत्तरी निवासी राजेश की पीटकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** परिवार के भरण पोषण के लिए यूपी के चंदौली जिलांतर्गत चकरघट्टा थाना के चकचोइयां गांव मजदूरी करने गया थाना क्षेत्र के अरसली उतरी निवासी राजेश कुमार पिता कईलू राम की बीते सोमवार को पीटकर हत्या कर दी गयी। वह वहां रिलायंस कंपनी में सरिया सेटरिंग में मजदूरी कर रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही यूपी पुलिस ने शव का अंत्यपरीक्षण एवं पुलिस प्रक्रिया के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। शव का दाह संस्कार अरसली उतरी के नदी स्थित श्मशान घाट पर किया गया। जानकारी के अनुसार राजेश कुमार कुछ दिनों पूर्व ही गांव के ही उमेश चंद्रवंशी के ठेकेदारी में अन्य युवकों के साथ उतर प्रदेश के चंदौली जिलांतर्गत चकरघट्टा थाना के चकचोईया में रिलायंस कंपनी के निमार्णाधीन बायोगैस प्लांट में सरिया सेटरिंग में मजदूरी करने गया हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही पहुंचे परिजनो को पुलिस ने अंत्यपरीक्षण के बाद शव को सौंपा। उधर मृतक की पत्नी चंचल देवी ने चरकघट्टा थाना में खरौधी थाना क्षेत्र के कुपा निवासी चंदुल राम पर प्राथमिकी दर्ज करायी है। दिये गये आवेदन में चंचल देवी ने का लिखा है, कि चंदुल राम द्वारा मेरे पति को लोहे की रॉड से पीटकर घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। जहां इलाज के क्रम में मेरे पति की मौत हो गयी। इस संबंध में पूछे जाने पर चकरघट्टा थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार निषाद ने बताया कि मृतक की पत्नी चंचला देवी के आवेदन पर चंदुल राम के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है, जल्द ही अभियुक्त को गिरफ्तार किया जायेगा।

## छत्तरपुर की टीम ने झुमरी को 20 रनों से हराया

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** प्रखंड क्षेत्र के रारो मदरसा खेल मैदान में चल रहे झारखंड प्रीमियम लीग कॉस्को क्रिकेट टूर्नामेंट के तीसरे दिन छतरपुर बनाम सूर्यवंशी टीम झुमरी के बीच मैच खेला गया। जहां सूर्यवंशी टीम झुमरी ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। छतरपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए 132 रनों का स्कोर खड़ा किया। जवाबी पारी खेलने उतरी सूर्यवंशी टीम झुमरी 112 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। इस प्रकार छतरपुर की टीम ने 20 रनों से मैच जीतकर क्वॉटर फाइनल में प्रवेश कर गयी। मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले छतरपुर टीम के खिलाड़ी कुंदन कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार टूर्नामेंट अध्यक्ष मंसूर आलम, सचिव जमील अंसारी, जेएमएम नेता पप्पू यादव, मनीष कुमार गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। इस मौके पर ऐनुदिन अंसारी, प्रताप यादव, अजय प्रजापति, दिलदार सिंह सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## हरिहरपुर में चर्चा में है 10वीं बोर्ड की परीक्षा देनेवाला दिव्यांग विवेक चौधरी

आजाद सिपाही संवाददाता



परीक्षा देता विकलांग विवेक चौधरी।

**हरिहरपुर।** कहावत है, 'आसमान को छूने के लिए पंख की नहीं, हौसलों की आवश्यकता होती ह' और इस कहावत को सही साबित किया है उच्च विद्यालय मेरौनी के कक्षा दसवीं के छात्र विवेक चौधरी ने। विवेक चौधरी, जिनके दोनों हाथ पूर्णतः विकलांग है, ने अपनी मेहनत और हिम्मत से यह सिद्ध कर दिया कि अगर इंसान में इच्छाशक्ति हो, तो कोई भी कठिनाई उसे अपने लक्ष्य तक पहुचने से रोक नहीं सकती।

विवेक चौधरी इन दिनों जैक द्वारा आयोजित माध्यमिक परीक्षा में भाग ले रहे हैं, जो राजकीय मध्य विद्यालय हरिहरपुर में आयोजित हो रही है। गुरुवार को आयोजित विज्ञान विषय की परीक्षा में विवेक के लिए एक सहायक विद्यार्थी को उनके उत्तर पुस्तिका में लिखने के लिए बैठाया गया था। परीक्षा केंद्र के प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि हरिहरपुर परीक्षा केंद्र पर कुल 410 छात्र-छात्राएं परीक्षा दे रहे हैं, जिसमें तीन छात्र दिव्यांग श्रेणी में आते हैं। इनमें से दो छात्र मैरोनी उच्च विद्यालय से और एक छात्र हरिहरपुर उच्च विद्यालय से है। यह विशेष व्यवस्था दिव्यांग छात्रों को परीक्षा में सहूलियत प्रदान करने के लिए की गयी है, ताकि वे भी अपनी क्षमता के अनुसार अच्छे परिणाम ला सकें। विवेक का यह संघर्ष हमें यह सिखाता है कि शारीरिक चुनौतियां कभी भी इंसान के सपनों को पूरा करने में रुकावट नहीं डाल सकतीं। विवेक की कड़ी मेहनत और साहस ने यह साबित कर दिया है कि सच्ची इच्छाशक्ति के सामने कोई भी मुश्किल छोटी पड़ती है।

## दुर्गा मंदिर का 19वां वार्षिकोत्सव आज



**रमना (आजाद सिपाही)।** रमना प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित दुर्गा मंदिर का 19वा वार्षिक उत्सव आज मनाया जा रहा। जिसमें प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी मंदिर को फूल डेकोरेशन से सजाने, विधिवत रूप से पूजा अर्चना करने के साथ प्रसाद वितरण किया जायेगा। इस अवसर पर मंदिर कमिटी के सचिव विक्की गुप्ता ने कहा कि वार्षिक उत्सव को लेकर लोगों में उत्साह है हरेक वर्ष की तरह धूम धाम से मनाया जायेगा। जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। इस कार्य को सफल बनाने में अध्यक्ष संतोष प्रसाद गुप्ता, उपाध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, कोषाध्यक्ष मिटू गुप्ता, सुनील प्रसाद, अनिल कुमार, गोलू कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

## पेपर लीक की घटना पर अभाविप की कड़ी आपत्ति, सीबीआइ जांच की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता







**कांडी (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के झारखंड प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य प्रिंस कुमार सिंह ने दसवीं की परीक्षा में हिंदी और विज्ञान के पेपर लीक होने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस घटना की निष्पक्ष और विस्तृत जांच की मांग की है। प्रिंस ने कहा कि राज्य में लगातार हो रही पेपर लीक की घटनाएं झारखंड की शिक्षा व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक हैं। इससे विद्यार्थियों में मानसिक तनाव उत्पन्न हो रहा है, जो उनके परीक्षा परिणाम पर भी प्रतिकूल असर डालता है। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य परीक्षा परिषद (जैक) परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने में असमर्थ साबित हुआ है। जहां एक ओर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की बात करते हैं, वहीं दूसरी ओर जैक के अध्यक्ष अपनी पहली परीक्षा को सुचितापूर्ण तरीके से आयोजित कराने में नाकाम रहे। प्रिंस कुमार ने इस बढ़ती हुई पेपर लीक की घटनाओं को राज्य की शैक्षणिक व्यवस्था के लिए बड़ा खतरा बताया। उन्होंने कहा कि सरकार को विद्यार्थियों को न्याय देने के लिए तुरंत कदम उठाने होंगे।अभाविप ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग करते हुए कहा कि इस प्रकार की घटनाएं जैक की कार्य प्रणाली की कमजोरियों को उजागर करती हैं। अभाविप ने इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की भी मांग की है।

### झारखंड में हेमंत सरकार छात्रों के भविष्य के साथ कर रही खिलवाड़ : रितेश चौबे



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा जिला मिडिया प्रभारी रितेश चौबे ने हेमंत सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि झामुमो सरकार में पेपर लीक मामला आम बात हो चुका है, आखिर पेपर लीक का इतना तगड़ा नेटवर्क झारखंड में कैसे फैल रहा है। चाहे जेपीएससी जेएसएससी के बाद अब मैट्रिक परीक्षा का भी पेपर लीक आसानी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में लगातार पेपर लीक मामले आने पर झारखंड का छवि पुरे देश में खराब हुआ है। झारखंड का प्रतिष्ठा धुमील करने वाले गिरोह हमेशा बच जाते हैं, इससे पेपर लीक करने वाले का मनोबल ऊंचा हुआ है। झारखंड के छात्र अपने भविष्य निर्माण के लिए तन मन धन लगाकर कड़ी मेहनत करते हैं, लेकिन जब परीक्षा देने जाते हैं तो वहां पेपर लीक गिरोह से उनका सामना होता है। उन्होंने कहा कि झारखंड के इतिहास में पहली बार मैट्रिक परीक्षा तक का पेपर लीक हो रहा है। पेपर लीक करने वाले गिरोह झारखंड में लगातार सक्रिय हैं, लेकिन कार्रवाई शुन्य है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सरकार छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में लगी हुई है, जिससे छात्रों के बीच भारी निराशा का माहौल है। हेमंत सरकार पेपर लीक मामले में अविलंब सीबीआई जांच कराये। मौके पर विधायक प्रतिनिधि डॉ लाल मोहन भाजपा नेता रुपु महतो सहित अन्य कई लोग मौजूद थे।


## जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा

**(आम सूचना)**

निदेशक, गव्य, गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, रांची के ज्ञापांक – 161 दिनांक – 17/02/2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों को राज्य/जिला स्तर पर पुरस्कृत किये जाने हेतु कोडरमा जिला के इच्छुक उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों से दिनांक – 25/02/2025 तक विहित–प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किया जाता है। विहित–प्रपत्र में अंकित विवरण के साथ साक्ष्य सहित एवं सफलता की कहानी जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा में दिनांक 25/02/2025 के अपराह्न 05.00 बजे तक निश्चित रूप से जमा किया जाय। इस संदर्भ में किसी भी जानकारी के लिए जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा से सम्पर्क किया जा सकता है। विहित– आवेदन प्रपत्र निम्नवत् है –

**उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादकों को पुरस्कृत करने हेत आवेदन – पत्र**

पासपोर्ट साईज रंगीन स्व अभिप्रमाणित फोटोग्राफ यहाँ चिपकाएं

1. दुग्ध उत्पादक का नाम – ..........
2. पिता/पति का नाम – ..........
3. उम्र :– ..........
4. जाति :– .......... (अ0जा0/अ0ज0जा0/अन्य)
5. **पता : ग्राम** – .......... पंचायत ..........
   पोस्ट – .......... प्रखण्ड – .......... जिला – कोडरमा
6. आधार संख्या – .......... मोबाईल संख्या – ..........
7. दूध व्यवसाय से संबंधित राज्य स्तरीय/जिला स्तरीय पुरस्कार प्राप्त किया गया है अथवा नहीं : ..........
8. गव्य विकास योजना से समन्वय : ..........
   (राज्य सरकार/केन्द्र सरकार/अन्य संस्था/स्वयं द्वारा स्थापित)
9. **दुधारू पशुओं की संख्या :**
   (i) देशी नस्ल गाय : .........., भैंस : ..........
   (ii) संकर/उन्नत नस्ल गाय : .........., भैंस ..........
10. दुधारू मवेशियों का नस्ल : ..........
11. प्रतिदिन उत्पादित दूध की मात्रा – ..........
12. गौशाला की स्थिति : ..........
13. गौशाला में नई तकनीक का प्रयोग : ..........
    (तकनीक का विवरण सहित)
14. हरा चारा का संसाधन/उपयोग : ..........
    (विवरण सहित)
15. JMF द्वारा प्राप्त Milk Incentive : ..........

**आवेदक (दुग्ध उत्पादक) का हस्ताक्षर**

ह0/–
जिला गव्य विकास पदाधिकारी,
कोडरमा।

PR 346885 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department) 24-25 (D)

# अड़की में पुलिस गाड़ी ने युवक-युवती को कुचला

स्वरूप भट्टाचार्य

**अड़की (आजाद सिपाही)।** अड़की थाना क्षेत्र के खूंटी तमाड़ सड़क पर जारंगा सरना स्थल के पास सशस्त्र सीमा बल एसएसबी की बस और बाइक के आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक और युवती की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। दुर्घटना में मारे गये सोमवारी कुमारी पिता गुरुवा मुंडा उम्र 20 वर्ष अड़की और श्रीकांत लोहरा पिता सागू लोहरा उम्र 22 वर्ष जारंगा का रहने वाला था। मिली जानकारी के अनुसार सोमवारी कुमारी पीपीके कॉलेज बुंडू की छात्रा थी, जो एनसीसी की क्लास कर बुंडू से वापस अड़की अपने घर आ रही थी। तमाड़ से





अड़की तक सवारी गाड़ी नहीं मिलने के कारण वह ऑटो से सिंदरी बाजार तक पहुंची, उसी समय एक युवक श्रीकांत लोहरा अपने बाइक से सिंदरी बाजार से अपने गांव जारंगा जा रहा था। जिससे लिफ्ट लेकर सोमवारी कुमारी युवक की बाइक में बैठ गयी। उक्त युवक उसे छोड़ने अड़की जा रहा था। उस समय शाम के लगभग छह बजे थे। हल्की बारिश हो रही थी। बाइक सवार दोनों युवक युवती जारंगा पार कर जैसे ही आगे बढ़े जारंगा सरना के पास विपरीत दिशा से आ रहे सशस्त्र सीमा बल के बस ने दोनों को अपनी चपेट में ले लिया। बाइक सवार को रौंदते हुए बस गड्ढे में जा घुसी, जिससे तत्काल दोनों की मौत घटनास्थल पर हो गयी। बताया जाता है कि उक्त बस जवानों को रिसीव करने तमाड़ की ओर जा रही थी। घटना की सूचना मिलने पर ग्रामीण और पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले आयी। दुर्घटना में मारे गये युवक श्रीकांत लोहरा है, के परिवार में उसके एक छोटे भाई और बूढ़ा पिता है, जबकि सोमवारी कुमारी के पिता के अलावा परिवार में कोई नहीं है। दोनों ही परिवार की आर्थिक स्थिति अत्यंत दयनीय है पुलिस वाले को चोट नहीं लगी।

## चेचिस और डाक पार्सल गाड़ी में टक्कर, चालक की हुई मौत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** खूंटी-रांची मुख्य मार्ग पर फूदी मोड़ के समीप गुरुवार सुबह टाटा कंपनी की नयी चेसिस और डाक पार्सल गाड़ी की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गयी। इस दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल चेसिस चालक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान उत्तराखंड के रुद्रपुर निवासी अशोक कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना में डाक पार्सल गाड़ी का चालक भी मामूली रूप से घायल हुआ है। जानकारी के अनुसार टाटा की नयी चेसिस जमशेदपुर से रांची की ओर जा रही थी, जबकि डाक पार्सल गाड़ी रांची से खूंटी की ओर आ रही थी। टक्कर की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और चेसिस में फंसे चालक को कड़ी मशक्कत के बाद निकालकर इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेजा। अस्पताल पहुंचते ही चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पिपरवार प्रबंधन ने सीएसआर के तहत स्कूल में किया डेस्क-बेंच का वितरण



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा महत्वाकांक्षी योजना निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के तहत गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मन्दिर बीओसीएम पिपरवार मे 40 की संख्या में बेंच-डेस्क का वितरण किया गया। पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार के निर्देश पर सहायक प्रबंधक सीएसआर उज्ज्वल कुमार ने विद्यालय के प्रधानाचार्य को बेंच-डेस्क सौंपा। इस संबंध में सहायक प्रबंधक उज्ज्वल कुमार ने कहा कि वर्ष 2024-25 के तहत सीएसआर योजना के द्वारा पिपरवार एरिया प्रबंधन के द्वारा सामाग्री का वितरण किया जा रहा है। सीएसआर योजना का लाभ प्रत्येक गांव के ग्रामीणो तक पंहुचाया जायेगा। विस्थापित प्रभावित क्षेत्रो का विकास कम्पनी का उदेश्य है। उन्होंने कहा कि शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सीसीएल प्रबंधन पूरा सहयोग करेगा। इसी उदेश्य के साथ सीएसआर योजना के तहत स्कूल मे बेंच-डेस्क प्रदान किया जा रहा हैं। इससे बच्चो को शिक्षा प्राप्त करने में काफी सहूलियत होगी। इससे पहले यूएमएस बेंती में लगभग 50 की संख्या में बेंच डेस्क उपलब्ध कराया गया था और आगे भी कंपनी पिपरवार क्षेत्र के लगभग सभी विद्यालयों में बेंच डेस्क उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य लालू उरांव सहित विद्यालय के सहयोगी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थी।

## रक्षा राज्य मंत्री सह सांसद के सौजन्य से बीस जगहों पर लगी सोलर स्ट्रीट लाइट



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री सह रांची लोकसभा सांसद संजय सेठ के प्रयास से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) योजना के तहत खलारी प्रखंड के सभी पंचायतों में सोलर स्ट्रीट लाइटें लगाई जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को मैकलुस्कीगंज क्षेत्र के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों पर 20 सोलर पैनल स्ट्रीट लाइट लगाया गया। जिन जगहों पर लाइट लगाया है, उनमें मैकलुस्कीगंज थाना चौक, बुध बाजार चौक, लपरा शिव मंदिर, हाईलैंड गेस्ट हाउस, बिरहोर टोली, मलार टोली, चट्टी नदी, हेसालौंग, नावाडीह सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ये सोलर लाइटें लगाई गयी हैं। इस पहल से न केवल स्थानीय लोगों को सुविधा मिलेगी बल्कि रात्रि के समय लोगो को आवागमन भी सुगम होगा। सोलर लाइट लगने से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। सोलर लाइट लगवाने में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रीतम साहू, मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, मंडल सयोजक रामसूरत यादवसहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे। 007

## मजदूरों को साप्ताहिक अवकाश नहीं दे रही है मधुकान कंपनी

### खलारी की जिप सदस्य ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**खलारी।** खलारी पूर्वी की जिला परिषद सदस्य शाल्या परवीन ने मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड द्वारा श्रम कानून की अनदेखी करने पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा है। मालूम हो कि सीसीएल के एनके एरिया में मधुकान प्रोजेक्ट लिमिटेड साइलो का निर्माण कर रही है। इस प्रोजेक्ट में काफी संख्या में मजदूर काम कर रहे हैं। शाल्या परवीन ने कहा है कि कंपनी प्रबंधन द्वारा मजदूरों पर अत्याचार और शोषण किया जा रहा हैं। यहां काम कर रहे मजदूरों को साप्ताहिक अवकाश भी नहीं दिया जा रहा है। कहा कि झारखंड श्रम विभाग द्वारा मजदूरों के लिए जो नियम बनाया गया है, उसके अनुसार मजदूरो को हर माह चार दिन सवैतनिक छुट्टी मिलेगी। अवकाश के दिन का



मजदूरो का वेतन नहीं काटी जायेगा। साप्ताहिक विश्राम के दिन काम करने पर मजदूर ओवरटाइम के हकदार होंगे। स्थिति यह है कि कंपनी द्वारा मजदूरों से प्रतिदिन लगातार 12 से 14 घंटा काम कराया जा रहा है। महीने में बिना अवकाश 30 दिन काम कराया जा रहा है। कंपनी प्रबंधन मजदूरों का हक नहीं दे रही है। मुख्यमंत्री से आग्रह की है कि मजदूरों का हक दिलाने के लिए मधुकान कंपनी में श्रम कानून का पालन कराना सुनिश्चित कराया जाय।

## विधायक प्रतिनिधि शशि मुंडा ने किया क्षेत्र का दौरा



**खलारी (आजाद सिपाही)।** पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद विभाग के खलारी प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि शशि मुंडा ने मैकलुस्कीगंज क्षेत्र का दौरा किया।दौरे के क्रम में उनका कई जगह लोगो ने उनका स्वागत किया।उन्होंने धमधमिया स्थित भगवान बिरसा मुंडा एवं बड़कीटॉड स्थित नीलाम्बर पीताम्बर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।उन्होंने कहा कि उन्हें विधायक सुरेश बैठा ने जो जिम्मेवारी दी है उसका पूरी ईमानदारी के साथ जनहित में कार्य करेंगे ।उन्होंने कहा कि पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद को बढ़ावा देने के लिए पूरा प्रयास रहेगा।इस मौके पर रंथू उरांव, प्रभाकर गंझु, बलराम गंझु, महेश मुंडा,श्रवण भोगता,जैनुल खान,छोटन भोगता,नीरज यादव, आकाश कुमार, योगेश, राहुल मुंडा,विजय मुंडा,रवि भोगता,राजेश सहित कई लोग मौजूद थे008

## अफीम की अवैध खेती के खिलाफ खूंटी पुलिस ने चलाया जागरूकता अभियान



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** मुरहू थाना अंतर्गत पंचायत भवन इंदीपीड़ी में मुखिया समेत 16 गांवों के ग्राम प्रधानों, पंचायत समिति सदस्यों और ग्रामीणों के बीच गुरुवार को अवैध अफीम के खेती को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। मौके पर ड्रोन कैमरा उड़ाकर ग्रामीणों को दिखाया गया और बताया गया कि कोई भी गांव अवैध अफीम की खेती बचने वाला नहीं है। ग्रामीणों ने अवैध अफीम को खेती को स्वयं विनष्ट करने का निर्णय लिया और आश्वासन दिया कि एक से दो दिनों के अंदर सभी अफीम की खेती को विनष्ट कर लेंगे। अड़की थाना अंतर्गत तिरला पंचायात में ग्रामीणों को अफीम की खेती को अपने से नष्ट करने के लिए जागरूक किया गया। साथ ही इसके दुष्परिणाम और कानूनी पहलू के बारे में जानकारी दी गयी। सायको थाना अंतर्गत आड़ा गांव में ग्रामीणों, ग्राम प्रधान वार्ड सदस्यों को सायको थाना प्रभारी द्वारा अफीम की खेती को अपने से नष्ट करने के लिए जागरूक किया गया।

# बारिश और ओलावृष्टि से आम जनजीवन अस्त व्यस्त, आम के मंजर को नुकसान

आजाद सिपाही संवाददाता





**खूंटी।** जिला मुख्यालय खूंटी और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गुरुवार सुबह तेज हवा के साथ महज एक घंटे तक तक हुई भारी बारिश और ओलावृष्टि से आम जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया। महज कुछ मिनटों तक हुई तेज ओलावृष्टि से सड़कों और घरों की छतों पर कई इंच मोटी बर्फ जम गयी। दूसरी ओर तेज हवा के कारण शहर के तोरपा रोड, मेन रोड, डाक बंगला रोड सहित कई अन्य क्षेत्रों में कई पेड़ धराशाही हो गये हो गये, वहीं जगह-जगह बिजली के तारों और खंबों में पेड़ की डालियां टूटकर गिरने से विद्युत आपूर्ति ठप हो गयी है। सुबह लगभग नौ बजे हुई आंधी, वर्षा और ओलावृष्टि के दौरान एक पेड़ से टूटी डाली की चपेट में आकर एक स्कूली बच्चा भी घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सदर अस्पताल भेजा गया। जिले के तोरपा, रनिया, कर्रा आदि प्रखंड क्षेत्रों में अपराह्न में वर्षा के साथ ओलावृष्टि हुई।

**आम की फसल को भारी नुकसानरू : डॉ दीपक राय**

अचानक हुई ओलावृष्टि से आम, लीची आदि की फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। इस संबंध में कृषि विज्ञान केंद्र खूंटी के अध्यक्ष वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ दीपक राय ने कहा कि ओलावृष्टि से आम की फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा सब्जी और तरबूज और अन्य फसलों पर भी इसका असर पड़ा है।

**मुख्यालय और आसपास क्षेत्रों में बिजली के खंभे और कई पेड़ गिरे :** तेज हवा के साथ हुई जोरदार बारिश और ओलावृष्टि के कारण जिला मुख्यालय और आसपास क्षेत्रों में कई पेड़ और बिजली के खंभे और तार गिर गये हैं। इसके कारण शहर के तोरपा रोड, मेन रोड, डाक बंगला रोड आदि क्षेत्रों कुछ देर तक आवागमन बाधित रहा।

### तूफान से गिरा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम का शेड



गुरुवार की सुबह आये तूफान और भारी बारिश के दौरान खूंटी के एस्ट्रोटर्फ मैदान का शेड पूरी तरह धाराशायी हो गया। इसके अलावा बाजार टांड़ में कई गुमटियां गिर गईं और मकानों के शेड उड़ गये। कई जगहों पर बिजली के खंभे और तार टूट जाने के कारण देर रात तक बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी।

## न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में मनाया गया तीसरा स्थापना दिवस समारोह




**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यू उदयन पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में गुरुवार को स्कूल का तीसरा स्थापना दिवस समारोहपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, मगध संघमित्रा क्षेत्र के महाप्रबंधक नृपेंद्रनाथ, टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार, सिमरिया एसडीपीओ प्रदीप कुमार, सीआइएसएफ के डिप्टी कमांडेड और झारखंड मुक्ति मोर्चा के सिमरिया विधानसभा प्रभारी मनोज चंद्रा मौजूद थे। वहीं विशिष्ट अतिथि में झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन, सीटु के केंद्रीय सचिव इस्लाम अंसारी,बचरा अस्पताल के एरिया मेडिकल ऑफिसर डॉ एफआर शाह,कबरा पंचायत के मुखिया नीलेश ग्यासेन सहित कई गणमान्य लोग मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के द्वारा सामूहिक रूप से दीप जलाकर की गयी, जिसके बाद स्कूल के निदेशक मोहम्मद साहिल ने सभी अतिथियों का स्वागत फूलों का गुलदस्ता देकर किया। वहीं शॉल और मोमेंटो प्रदान कर सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूल के तीन वर्ष पूरा होने पर सभी को बधाई दी गई एवं स्कूल के गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी दी गयी। स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर स्कूल के बच्चों के द्वारा कई प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया गया। बच्चों के द्वारा गीत संगीत नृत्य और नाटक का आयोजन किया गया। बच्चों के द्वारा पेश किए गए कार्यक्रम का उपस्थित लोगों ने खूब पसंद किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि बेहतर समाज के निर्माण में शिक्षा की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। शिक्षा के बिना सफलता संभव है। जीएम संजीव कुमार और नृपेन्द्रनाथ ने ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के स्कूल के बेहतर संचालन पर स्कूल प्रबंधन को बधाई दी और सीसीएल प्रबंधन की ओर से शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद करने का भरोसा दिया। एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार और प्रदीप कुमार ने बच्चो को स्कूल के बच्चों को कई प्रकार की जानकारी दी। बच्चों को कई कानूनी जानकारी देते हुए लोगों को भी जागरूक होकर बेहतर एवं सशक्त समाज का निर्माण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने की अपील की। स्कूल के संस्थापक सह झामुमो नेता मनोज चंद्रा ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों मे बेहतर शिक्षा का अलख जगाने के लिए स्कूल का संचालन किया जा रहा है। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक प्रेमलता चन्द्रा, मोहम्मद साहिल,प्रबंधक रेहाना परवीन, प्राचार्या टाका नारो जमीर, स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, सचिव सलीम जावेद, मोहम्मद असलम, इदरीस अंसारी, मोहम्मद इरफान, महेंद्र भोक्ता, मुख्तार आलम, सरोज देवी, सचिन पासवान, मोहम्मद वारिश, उमेश कुमारसहित स्कूल के सभी शिक्षक बच्चे और काफी संख्या में अभिभावक मौजूद थे।

## केडीएच परियोजना में डंपर में लगी आग

**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल एनके एरिया की केडीएच परियोजना खदान में गुरुवार की दोपहर एक होलपेक डंपर में आग लग गया। घटना गुरुवार को अपराह्न 4 बजे की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ऑपरेटर दर्शन गंझू हॉलपेक लेकर डंपिंग यार्ड में आया था। इसी क्रम में डंपर के इंजन में आग लग गया जिसके बाद धुंआ देखकर ऑपरेटर ने गाड़ी से कूद गया। उंसके बाद सीसीएल कामगार एवं यार्ड चेकपोस्ट पर तैनात सीआइएसएफ जवान अमित कुमार की सूझ-बूझ से तुरंत पास में खड़े वाहनो से अग्निशामक यंत्र निकालकर डंपर की आग को बुझाया गया। घटना में ज्यादा नुकसान नही हुआ, समय रहते अगर आग पर काबू नहीं पाया जाता तो बड़ी घटना हो सकता था।

## कटिया स्टेडियम के समीप खेत में मिला शव, जांच में जुटी पुलिस

**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** चांडिल थाना क्षेत्र के कटिया ब्लॉक स्टेडियम के पास खेत में एक अज्ञात युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की उम्र करीब 22 वर्ष बताई जा रही है। वहीं चांडिल थाना प्रभारी डील्सन बिरुआ ने बताया कि प्रथम द्दष्टया मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव का पंचनामा किया और पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। शव की शिनाख्त और हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए विधिवत कार्रवाई जारी है।

## रघुनाथपुर में एक दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन का हुआ आयोजन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के सितु पंचायत अंतर्गत रघुनाथपुर गांव में गुरुवार को एक दिवसीय अखंड हरी नाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तन मंडली में झारखंड व बंगाल के विभिन्न संकीर्तन मंडली ने भाग लिया। वही आयोजक समिति के सदस्य बिडियो महतो ने बताया कि संकीर्तन मंडली में महिला सम्प्रदाय पंचानन पातर पिलिद, श्याम्ब पातर पिलिद, ललन दास कुमार्हातु, सत्यनारायण गोस्वामी सारिडीह, चित्त महतो महुलडीह ने एक दिन हरि मंदिर में लोगों को भक्ति से मंत्रभक्त किया।

## लांदुपडीह में जंगली हाथियों के झुंड ने केला बगान को नष्ट किया

**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** तमाड़ वन प्रक्षेत्र के लांदुपडीह गांव में बुधवार की रात पांच की संख्या में आये जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए रत्ना साहू का चारदीवारी को तोड़कर केला बागान को नष्ट कर दिया। अरहर के पौधे को रौंद डाला। वहीं, जंगली हाथियों को टार्च के सहारे भगाने के क्रम में शिवेश्वर सिंह मुंडा, मनोहर दास, शर्मा दास, सराबन लोहरा, धीरेंद्र सिंह मुंडा।

## तमाड़-खूंटी बस स्टैंड में शौचालय नहीं रहने से यात्रियों को हो रही है परेशानी

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ खुटी बस स्टैंड में शुलभ शौचालय नहीं रहने से यात्रियों को काफी दिक्कत हो रही है। यात्रियों को मल मुत्र त्यागने के लिए कोई जगह नहीं है। लोग कचड़ा भी इधर उधर फेंक रहे हैं, जिससे दुर्गन्ध आती रहती है। पेयजल के लिए बने जलमीनार महीनों से खराब पड़े हुए हैं। लोग होटलों का सहारा ले रहे हैं। पंचायत स्तर से भी इसकी मरम्मत नहीं की जा रही है। गाड़ी खड़ा करने की भी जगह नहीं मिल रही है। जनप्रतिनिधि भी चुप बैठे हैं। शनिवार और मंगलवार बाजार के दिन सड़क पर जाम लगा रहता है, बड़ी मशक्कत के बाद गाड़ियां आगे बढ़ती है।

## पुलिस ने क्षेत्र में कई एकड़ अफीम की अवैध खेती को नष्ट किया



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने गुरुवार को को अनुमंडल क्षेत्र में कई एकड़ भूमि पर अवैध अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। बुंडू थाना क्षेत्र में दशम फॉल थाना क्षेत्र में 31 एकड़, सोनाहातु थाना क्षेत्र में 4 एकड़ भूमि पर अफीम की खेती को नष्ट करने के साथ लोगों को जागरुक भी किया गया। इस अभियान में बुंडू डीएसपी, बुंडू थाना प्रभारी, तमाड़ थाना प्रभारी, दशम फॉल थाना प्रभारी और सोनाहातु थाना प्रभारी के अलावे जैप और सैप के जवान शामिल थे।

## बच्चियों-महिलाओं को डायन बिसाही और उनके मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर न्याययुक्त सह अध्यक्ष के मार्गदर्शन पर बुंडू प्रखंड के सिरकाडीह गांव और कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में बच्चियों-महिलाओं को डायन बिसाही एवं अपने मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी गयी। साथी गरीब लोगों को वृद्धा पेंशन और मजदूर निबंध कार्ड एवं उससे होने वाले लाभों के बारे में बताया गया। पीएलवी मैं लोगों के समस्याओं को सुनकर पीड़ित को मुआवजा पाने के उपाय बताये। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में 22 फरवरी और 8 मार्च को आयोजित होने वाले विवाह और चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत का लाभ उठाने का अपील किया।

# सैनिक कंपनी के मजदूरों ने सीएमपीएफ की मांग को लेकर पांच घंटे बंद रखा कोयला खदान का काम

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के सैनिक माइनिंग कंपनी में कार्यरत पूर्व मजदूरों ने गुरुवार को बकाया सीएमपीएफ राशि की भुगतान की मांग को लेकर अशोक परियोजना कोयला खदान का कामकाज बंद कर दिया। जानकारी के मुताबिक सैनिक माइनिंग कंपनी के पूर्व मजदूरों ने अशोक परियोजना पदाधिकारी को पूर्व में ही पत्र लिखकर बकाया सीएमपीएफ राशि का भुगतान करने की मांग की थी, साथ ही निर्धारित समय पर मांगे पूरी नहीं होने पर परियोजना का कामकाज बंद करने की चेतावनी दी थी। पत्र



देने के बावजूद प्रबंधन के द्वारा कोई पहल नहीं किये जाने से आक्रोशित मजदूरों ने गुरुवार की सुबह अशोक परियोजना कोयला खदान का काम बंद कर दिया, और जमकर नारेबाजी की। इस संबंध में मजदूरों ने बताया कि पूर्व में सैनिक माईनिंग कंपनी में काम करने के बाद कई मजदूरों को कंपनी से निकाल दिया गया था, लेकिन सीएमपीएफ राशि का भुगतान नहीं किया गया। इसको लेकर कई बार प्रबंधन से बात भी की गयी, लेकिन कोई पहल नहीं की गयी। इससे आक्रोशित मजदूरों ने प्रबंधन को पत्र लिखकर बकाया सीएमपीएफ राशि की भुगतान की मांग की। पत्र देने के बावजूद प्रबंधन के द्वारा कोई पहल नहीं किए जाने के बाद कामकाज को बंद कराया गया है। इधर खदान बंद होने की सूचना पाकर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, अशोक परियोजना पदाधिकारी जेके सिंह, कार्मिक और प्रशासनिक अधिकारी नागेश कुमार गोपाल सहित कई अधिकारी मौके पर पहुंचकर मजदूरों से बात की और जल्द ही एक मीटिंग आयोजित कर मजदूरों की समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया। प्रबंधन के आश्वासन के बाद सभी मजदूर शांत हुए और करीब पांच घंटे के बाद कोयला खदान का कामकाज चालू हो सका। इस मौके पर काफी संख्या में अधिकारी और मजदूर मौजूद थे।

# गजराज का कहर, हमले में किसान की मौत

## मृतक की दो पत्नियों को 10-10 हजार रुपये का मिला मुआवजा




मृतक शनिचरवा उरांव की फाइल फोटो। मृतक की पत्नियों को मुआवजा देते वन विभाग के अधिकारी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र में जंगली हाथियों का उपद्रव-कहर जारी है। कदोजोरा गांव में गुरुवार की सुबह 11.30 बजे एक विशालकाय जंगली हाथी ने 37 वर्षीय शनिचरवा उरांव पर गुड़गुड़िया जंगल के समीप हमला कर दिया। पेशे से किसान शनिचरवा के सीने पर हाथी ने पिछले पैर से छाती पर जोरदार लात मार दिया, जिससे वह दूर जाकर गिर और गंभीर रूप से घायल हो गया। गांव के ही दो युवकों जावेद आलम और जहीद मिरदाहा ने अपनी कार से शनिचरवा को आनन-फानन में बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉ सुमित्रा कुमारी और डॉ भावना ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। गांव के किसानों ने बताया कि शनिचरवा ने साझा में जमीन लेकर मटर की खेती की है जिसे गुरुवार की सुबह तोड़वा रहा था। इसी बीच जंगल से एक हाथी निकल आया, जिसे देख मटर तोड़ रहे मजदूर और सनिचरवा वहां से भाग कर गांव चले आये। कुछ देर बाद वह तोड़े हुए मटर को लाने के लिए दोबारा घर से खेत जा रहा था। तभी गांव से कुछ दूरी पर गुड़गुड़िया जंगल की तरफ से एक विशालकाय जंगली हाथी आ धमका जिसे देखकर शनिचरवा भागने लगा। हाथी ने भी उसे दौड़ाया। तबी शनिचरवा गिर गया और हाथी के चारों पैरों के बीच में आ गया। जैसे ही वह पीछे से भागने की कोशिश करने लगा, हाथी ने पिछले पैर से उसे लात मार दिया, जिससे वह गंभीर रूप से चोटिल हो गया। वहीं ग्रामीणों ने घटना की जानकारी पूर्व मुखिया बुधराम बाड़ा और सुनील कच्छप को दिया। पूर्व मुखिया ने तुरंत घटना की जानकारी वन विभाग और बेड़ो पुलिस को दिया। इसके बाद उपप्रमुख मोद्दसिर हक, करमा उरांव, वन विभाग के वनरक्षी रविशंकर महली, संजय कुमार, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान सदल बल के साथ सीएचसी पहुंच गये। पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया। वहीं वन विभाग ने मृतक के दोनों पत्नियों को 10-10 हजार रुपये मुआवजा दिया। इधर, इस घटना के बाद से गांव के लोग डरे हुए हैं। दूसरी ओर, मृतक की एक पत्नी ललिता उरांव का 11 साल का बेचा सुमित उरांव है जो कक्षा 5 में पढ़ता है। जबकि लाली उराईन नामक दूसरी पत्नी से आठ साल की बेटी रुमझुम कुमारी है जो कक्षा तीन में पढ़ती है। वहीं, एक छह साल का बेटा अनिकेत उरांव है। जिनका रो रो कर बुरा हाल है।

## आटो असंतुलित होकर पलटा, युवक की मौत




लापुंग (आजाद सिपाही)। बिरमकेल गांव से मेहमानी जाकर वापस लौट रहे कर्रा थाना क्षेत्र के बडागाई सरदुला का ऑटो असंतुलित होकर गुरुवार को सेमला मोड़ के समीप पलट गई। इस हादसे में बीरबल उरांव (25) नामक युवक की मौत हो गई। जबकि बागे उरांव सहित तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसकी सूचना पाकर समाजसेवी रुपेश पाठक, पुजारी राजेश पाठक, राकेश पाठक, सुमन साहु, गगन साहु, पप्पू सिंह सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और 108 एंबुलेंस बुलाकर घायलों को अस्पताल भिजवाया। वहीं, खबर पाकर लापुंग पुलिस भी पहुंची और शव को कब्जे में लेकर थाने ले गई।

# पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए ही बनायी गयी है : डीएसपी

- सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचानेवाले लोगों को पुलिस करेगी पुरस्कृत : थाना प्रभारी
- बेड़ो में पुलिस-पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर बैठक




आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना परिसर में गुरुवार को पुलिस-पब्लिक के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर डीएसपी अशोक कुमार राम की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस अवसर पर डीएसपी ने कहा कि पुलिस और आम जनता के बीच बेहतर सामंजस्य स्थापित करने को लेकर यह बैठक की गई है। जिससे थाना क्षेत्र के आमजन अपने मन में पुलिस के प्रति गलत धारणा अथवा अनावश्यक भय ना पालें। पुलिस आम जनता की सुरक्षा के लिए ही बनाई गई है। जिससे आम जनता को कोई परेशानी ना हो। यदि किसी को कोई परेशानी होती है तो वह बेहिचक थाना पहुंचे और लिखित आवेदन के साथ मौखिक समस्या भी सुना सकते हैं। ताकि पुलिस लोगों की मदद कर सके। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रकार की परेशानी हो तो उससे निजात दिलाने के लिए पुलिस आपकी सेवा में चौबीसों घंटे तत्पर रहती है। आप लोगों के क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना होने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देकर जिम्मेदार व्यक्ति होने का कर्तव्य निभाएं। वहीं, थाना प्रभारी देव प्रताप प्रधान ने कहा कि लोगों को कोई भी समस्या हो तो उसे खुलकर बताएं। जिससे उनका निदान किया जा सके। साथ ही शराबबंदी अभियान को सफल बनाने में सहयोग कपने की अपील की। कहा कि पुलिस-पब्लिक के बीच रिश्ता मजबूत होने से कई समस्या का निदान संभव है। कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों की जान बचाने वाले लोगों को पहले पुलिस पुरस्कृत करेगी। साथ ही महिलाओं और बच्चों पर अत्याचार कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अंधविश्वास, डायन बिसाही प्रथा से दूर रहने और शराब ना पीने की सलाह दी। उधर, बैठक में ग्रामीणों ने भी अपनी बातों को रखा। मौके पर वाणी कुमार राय, मुन्ना बड़ाइक, शरीफ बड़ाइक, नवल किशोर सिंह, एतवा उरांव, करमा उरांव, पीटर तिर्की, मंगु लकड़ा, भीखा उरांव, मो शमशाद, मोहिबुल ओहदार, लक्ष्मी कोया, बसंती देवी, उमेरा खातून, उषा तिर्की, बेरोनिका एक्का और कल्याणी देवी आदि मौजूद थे।

## 'शिक्षक सम्मान सह रांची स्पीक उत्साहवर्धन समारोह का आयोजन'

**ओरमांझी (आजाद सिपाही)।** अजप्ता ओरमांझी प्रखंड इकाई की ओर से पार्क पैलेस में गुरुवार को सेवानिवृत शिक्षक सम्मान सह रांची स्पीक उत्साहवर्धन समारोह का योजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में रांची जिला शिक्षा अधीक्षक बादल राज के अलावा शिक्षा पदाधिकारी जूही रानी, बीइओ सीमा कुमारी, अजप्ता के प्रदेश अध्यक्ष अनूप केसरी एवं प्रदेश मुख्य प्रवक्ता नसीम अहमद उपस्थित थे। प्रखंड से हाल ही में सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षक मनोज पांडेय, अनिल सिंह, सुखदेव पंडित, श्याम किशोर सिन्हा एवं संध्या कुमारी को मुख्य अतिथि ने मोमेंटो देकर सम्मानित किया। साथ ही सरकारी स्कूलों में चलाये जा रहे रांची स्पीक कार्यक्रम के तहत स्कूल में अच्छा करने वालों विद्यार्थियों को सम्मान दिया जाना है। इसी क्रम में चकला मध्य विद्यालय की चौथी कक्षा की छात्रा मुस्कान कुमारी एवं मध्य विद्यालय डहू की सातवीं कक्षा की छात्रा मनीषा कुमारी को रांची जिला शिक्षा अधीक्षक की ओर से मोमेंटो देकर पुरस्कृत किया गया। समारोह की अध्यक्षता और संचालन अजप्ता के प्रखंड अध्यक्ष सतीश बडाईक एवं धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ शिक्षक सज्जाद हैदर ने किया। इस मौके पर ओरमांझी प्रखंड के डीडीओ नसीम अहमद, मध्य विद्यालय चकला के प्रधानाध्यापक बिमलेश मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने की साइंस लैब बनवाने की घोषणा



**ठाकुरगांव (आजाद सिपाही)।** साइंस विजन पब्लिक स्कूल मारवा में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी सह हस्तकला मेला का आयोजन हुआ। जिसका उद्घाटन विधायक सुरेश बैठा ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के मेला से बच्चों में पढ़ाई के प्रति रुचि बढ़ती है। साथ ही साइंस और विभिन्न क्षेत्रों में बच्चों के नए आइडिया से समाज एवं देश को एक गति मिलती है। उन्होंने आर्ट एवं कला की भी खूब सराहना की और विद्यालय को साइंस लैब विधायक मद से देने की घोषणा की। इस मौके पर लोहिया पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल प्रेम सागर महतो, पूर्व जिला परिषद सदस्य एनुअल हक अंसारी, कोनकी पंचायत के मुखिया लाल महली, विद्यालय के निदेशक असीम अख्तर, विद्यालय की प्राचार्य बिना राम, अध्यक्ष रियाज अहमद सहित अन्य लोगों ने बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर कई तरह के मॉडल तैयार किया, जिसमें विशेष कर हाइड्रोलिक ब्रिज, वाटर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, बायोगैस प्लांट, गणित विषय के लिए कई तरह के टूल्स, मानव शरीर पर आधारित कई तरह के मॉडल आदि बनाए। वहीं, कार्यक्रम को सफल बनाने में मोइनुल इस्लाम, मसिउल्लाह अंसारी, रजाउर रहमान, सुनील कुमार, मौसमी कुमारी, दमयंती सिंह, मनोज कुमार, नसीम अहमद, कौशरी नाज, सुषमा कुमारी, ललिता कुमारी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

# नाबालिग लड़की भगाने और शादी करने से इनकार करने पर पुत्र-पिता गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत कुल्लीभडरा निवासी पिता-पुत्र को पोक्सो एक्ट के तहत आरोपित पाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। आरोप है कि 15 वर्षीय नाबालिग बच्ची को झांसा देकर पहले भगाया फिर शारीरिक संबंध बनाने के बाद अब शादी करने से इनकार कर रहा है। इसके बाद नाबालिक लड़की के पिता ने इटकी थाना में अपहरण, जबरदस्ती संबंध बनाने और शादी करने से इनकार करने का मामला दर्ज कराया है। इस बाबत 17 दिसंबर 2024 को मामला दर्ज कराया गया था, जिसमें अब गिरफ्तारी हुई है। पीड़ित ने पुलिस को बताया था कि उसकी नाबालिक बेटी स्कूल जा रही थी। उसे रास्ते में रामेश्वर नामक युवक बहला फुसला कर कहीं लेकर चला गया। वहीं, स्कूल की छुट्टी होने के बाद काफी देर हो जाने पर भी जब बेटी घर नहीं पहुंची तो उसकी खोजबीन शुरू की। तब पता चला कि उसकी बेटी को गांव के ही रामेश्वर उसे अपहरण कर लेकर चेन्नई लेकर चला गया है। जब उसने रामेश्वर के पिता से संपर्क किया तो उन्होंने बच्ची को वापस लेना का आश्वासन दिया। बाद में गांव वालों की मदद से जब उसे पकड़ा गया तो पिता से अपनी गलती स्वीकार की और बेटी से शादी करवा देने का वादा किया। लेकिन तब नाबालिक होने के कारण 18 वर्ष पूरा होने के बाद शादी कराने की बात कही गयी। हालांकि कुछ दिनों बाद रामेश्वर मेरी बेटी को लेकर वापस गांव आ गया और बेटी को लाकर उनके घर छोड़ दिया। उसके बाद से अब तक रामेश्वर उसे अपने घर भी नहीं ले जा रहा है। उसके पिता से पूछने और शादी का वादा याद दिलाने पर पिता का कहना है कि अब वो शादी नहीं कर सकते हैं। काफी मिन्नत करने के बाद भी जब वह नहीं माना तो मुखिया की अगुवाई में बैठक हुई। बाद में शिकायत के बाद इटकी पुलिस ने पिता-पुत्र को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## विज्ञान का पेपर देने में अनुपस्थित रहे 18 विद्यार्थी

बेड़ो (आजाद सिपाही)। झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जैक) की ओर से आयोजित 10वीं बोर्ड की परीक्षा में गुरुवार को हुए विज्ञान की परीक्षा में प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के शामिल परीक्षार्थियों में से 18 अनुपस्थित रहे। इसमें प्रखंड मुख्यालय में बनाई गई कुल पांच परीक्षा केंद्रों में राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक में 286 में से पांच, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में 425 में दो, एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय में 401 में आठ और सरस्वती विद्या मंदिर में 346 में से तीन छात्र छत्राएं अनुपस्थित रहे। वहीं, परीक्षा पुर्णतः शांति पूर्ण तरीके से कदाचार मुक्त हुआ। वहीं, करम सिंह महतो को प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय बेड़ो, हेंनरीता मिंज को एसएस प्लस टू उच्च विद्यालय तरुण कुजुर को राजकीय कन्या मध्य विद्यालय, शेखर पांडेय को राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ो बालक और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में मुक्ति रानी खलखो को केंद्राधीक्षक बनाया गया है। मैट्रिक की परीक्षा अगले तीन मार्च तक ली जाएगी।


## लापुंग में मैट्रिक परीक्षा में आठ विद्यार्थी अनुपस्थित

लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड में मैट्रिक की परीक्षा विज्ञान विषय गुरुवार को चार केंद्रों में संपन्न हुआ। उसमें 1050 परीक्षार्थी में कुल आठ परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इसमें जातालोया राजकीय मध्य विद्यालय में 167 में से एक अनुपस्थित, राजकीय मध्य विद्यालय लापुंग 224, राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग 365 में एक अनुपस्थित, इंटर महाविद्यालय में 294 में से छह अनुपस्थित रहे। जातालोया के केंद्राधीक्षक प्रताप राय, इंटर महाविद्यालय लापुंग का नीलम लकड़ा, राज्यकीय मध्य विद्यालय लापुंग का मनोज कुमार नाग, राजकीय कृत प्लस टू उच्च विद्यालय का प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार राय को बनाया गया है। वहीं, शांति पूर्ण और कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए शास्त्र बल के जवान तैनात थे।

## बेड़ो के पूर्व मुखिया राकेश को भातृ शोक

बेड़ो (आजाद सिपाही)। बेड़ो के पूर्व मुखिया राकेश भगत के छोटे भाई राजेश भगत (46) का बुधवार की रात आकस्मिक निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार थे। राजेश भगत ने अपने पैतृक निवास वन विभाग रोड स्थित घर में स्वजनों के बीच बुधवार रात 12 बजे अंतिम सांस ली। उनके आकस्मिक निधन से पूरे गांव में गम का माहौल है। वे अपने पीछे पत्नी, एक पुत्र एवं एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। गुरुवार की दोपहर दो बजे बाजार टांड़ स्थित मसना में सरना रीति रिवाज के साथ मिट्टी दी गयी। मौके पर मुखिया सुशांति भगत, पंसस राखी भगत, जुगेश उरांव, धनंजय कुमार राय, शिशिर लकड़ा, मंगा पहान, अनिल उरांव और पंचू उरांव आदि मौजूद थे।

# सीओ ने चार नामजद सहित 5-6 लोगों के खिलाफ थाने में दर्ज करायी शिकायत




आजाद सिपाही संवाददाता

**अनगड़ा।** अंचल के चतरा मौजा स्थित एक सीएनटी जमीन का गलत तरीके से दाखिल खारिज कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने 18 फरवरी को प्रखंड सह अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया था। इस दौरान सीओ ने प्रदर्शनकारियों पर असंवैधानिक ढंग से मजमा लगाकर गाली गलौज-दुर्वव्यवहार करने और सरकारी कार्य में बाधा खड़ी करने का आरोप लगाते हुए अनगड़ा थाना में चार लोगों के विरूद्ध नामजद सहित 5-6 अन्य अज्ञात लोगों के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, ग्रामीणों का आरोप है कि चतरा में 1.19 एकड़ जमीन का म्यूटेशन हल्का कर्मचारी, राजस्व निरीक्षक एवं सीओ ने गलत ढंग से कर दिया है। जबकि सीओ राजू कमल ने इन आरोपों को निराधार एवं तथ्यहीन बताते हुए कहा कि उनके द्वारा कोई गलत म्यूटेशन नहीं किया गया है। उन्होंने तो सिर्फ उपसमाहर्ता भूमि सुधार सदर रांची के आदेश का पालन किया है। बताया कि चतरा में 1.13 एकड़ सहित अन्य प्लॉटों का अनगड़ा अंचल से दाखिल खारिज आवेदन रद्द होने के बाद आवेदक हफीजुल अब्बासी द्वारा पॉवर अटॉर्नी होल्डर शहबाज अहमद ने न्यायालय उपसमाहर्ता भूमि सुधार सदर रांची के यहां 192 आर 15/2022-23 में इजहार अली अब्बासी, हफीजूल अब्बासी बनाम सरकार के विरूद्ध अपील दायर किया था। जिसके तहत एलआर डीसी ने अनगड़ा सीओ की ओर से 1357 आर 27/2022-23 में पारित आदेश को निरस्त करते हुए अपीलकर्ता की अपील आवेदन को स्वीकृत करते हुए सीओ अनगड़ा को निर्देश दिया कि खतियानी रैयतों के वंशजों के नाम कायम जमाबंदी को विखंडित कर अपीलकर्ता के नाम नए सिरे से जमाबंदी कायम करें। सीओ का कहना है कि उक्त आदेश के आलोक में ही इजहार अली अब्बासी के नाम जमाबंदी कायम किया गया है। इस मामले में उनकी कोई गलती नहीं है। कुछ लोग बेवजह मामले को तुल देने की कोशिश में लगे हैं।

## 126 खाता धारियों से 7.83 लाख के ऋण की वसूली



पिस्कानगडी (आजाद सिपाही)। बैंक आफ इंडिया के बैनर तले ऋण चुकाओ-ऋण पाओ योजना के तहत गुरुवार को साहेर पंचायत सचिवालय में ऋण वसूली शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नगडी प्रखंड के बीओआइ के साहेर पंचायत सहित कई पंचायतों से विभिन्न गावों के सैकड़ों खाताधारी शामिल हुए। इसमें नगडी बीओआइ के मुख्य शाखा प्रबंधक शैलेंद्र सुमन ने कहा कि शिविर का उद्देश्य बैंक के खाताधारियों का एनपीए केसीसी खातो का एकमुश्त विपणन कर बंद कर उन्हें जीरो ब्याज पर पुनः केसीसी देना है। कहा कि बैंक किसानों के लिए विकास की पहली सीढ़ी हैं। बैंक से केसीसी के माध्यम से मिले ऋण को कृषि कार्य में लगाकर इसे बढ़ाने का प्रयास करें। वहीं, साहेर पंचायत के मुखिया परदेशिया तिर्की ने कहा कि बैंक से लिए लोन का सदुपयोग करें। ऋण चुकाओ और ऋण पाओ योजना के तहत आयोजित शिविर में कुल 126 खाता धारियों से बैंक को सात लाख 83 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ। मौके पर ऋण वसूली अधिकारी अरूण कुमार प्रशांत, कुलसुम, सुमन शर्मा, वशिष्ठ पाठक, इमरान अंसारी आदि उपस्थित थे।

# नवागढ़ उत्क्रमित उच्च विद्यालय में दो शिक्षकों पर 498 विद्यार्थियों के पठन-पाठन का जिम्मा

## शिक्षक के लिए जून 2024 में से ही की जा रही मांग

- बीच-बीच में लिखित आवेदन देकर ध्यानाकर्षित कराया जाता रहा। आज पुनः ध्यानाकर्षण के लिए मुखिया और शिक्षकों ने दिया आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**सिकिदीरी।** नवागढ़ आदिवासी आदर्श पंचायत जिसे राज्य सरकार की पंचायती राज्य विभाग की ओर से आदर्श बनाने की दिशा में काम जारी है। विदित हो कि पंचायत को बहुत जल्द आइसो सर्टिफिकेट भी मिलने वाली है। इसके बाद पंचायत का नाम अंतर्राष्ट्रीय सूची में शामिल हो जायेगी। इस पंचायत के सरकारी विद्यालय नवागढ़ उतक्रमित उच्च विद्यालय जिसकी स्थापना 104 साल पहले हुआ है। इसे साल 2024 में उच्च विद्यालय की मन्यता भी दी गई है। उक्त विद्यालय में केजी से आठवीं तक शिक्षकों की स्वीकृत पद आठ है। जिसमें से प्रधनाध्यापक रिक्त, स्नातक विज्ञान एक रिक्त, स्नातक विज्ञान एक कार्यरत, स्नातक भाषा एक कार्यरत, इंटर प्रशिक्षित चार सभी रिक्त है। जबकि विद्यालय में बच्चों की कुल संख्या 498 है। पर चिंता का विषय है कि इतने विद्यार्थियों के पठन-पाठन की जिम्मेदारी महज दो शिक्षकों पर है। इस संबंध में कार्यरत शिक्षकों ने पिछले साल जून महीने में ही रांची जिला शिक्षा अधिक्षक को लिखित आवेदन देकर अवगत कराया गया है, लेकिन इस पर अब तक कोई पहल नहीं की गई। आज पूनः ध्यानाकर्षिण की प्रति दी गई है। आजाद सिपाही ने विद्यालय के कार्यरत शिक्षक से बात किया तो पता चला कि अगर जिला शिक्षा अधिक्षक चाहें तो उनके विद्यालय के लिए स्वीकृत शिक्षकों को विद्यालय में दिया जा सकता है। लेकिन इसपर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि शहरी क्षेत्रों में स्वीकृत सभी पदों को भरा जा रहा है। आज पंचायत के लोगों का सहयोग नहीं रहता तो विद्यालय चलाना संभव नहीं था। हमारा विद्यालय किसी भी मामले में पीछे नहीं है। एक मॉडल विद्यालय के रूप में स्थान रखती है, लेकिन अधिकारियों के उदासीन रवैये से काफी कठिनाईयों का समना करना पड़ रहा है। जबकि बच्चे लगभग आठ से 10 किलो मीटर दूरसुदूर गांवों से शिक्षा आध्यायन के लिए आते हैं।

# भगवान जगन्नाथ को प्रसन्न करने का अमोघ साधन है गीत गोविंद : इंद्रेशजी महाराज

## छठे दिन पहुंचे केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, इंद्रेशजी महाराज से लिया आशीर्वाद



कथा वाचक इंद्रेशजी महाराज से आशीर्वाद लेते केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ।

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** टाटीसिलवे के इइएफ मैदान में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के छठे दिन गुरुवार तो कथा वाचक इंद्रेशजी महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन, उनकी लीलाओं और भक्ति के महत्व पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, गोवर्धन महिमा और रासलीला का विस्तार से वर्णन किया। विशेष रूप से गीत गोविंद का उल्लेख करते हुए कहा कि यह भगवान जगन्नाथ को प्रसन्न करने का अमोघ साधन है। बताया कि जयदेव द्वारा रचित यह ग्रंथ भक्ति, प्रेम और संपूर्ण समर्पण का प्रतीक है, जिसे भगवान स्वयं सुनना पसंद करते हैं। इंद्रेशजी महाराज ने कहा कि भगवान कृष्ण का जीवन हमें धर्म, भक्ति और समर्पण की शिक्षा देता है। श्रीकृष्ण ने अपने कार्यों से मानवता को सही मार्ग दिखाया और सिखाया कि मनुष्य को अपने सामर्थ्य के अनुसार भक्ति करनी चाहिए। अपने आराध्य की सेवा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब भक्त सच्चे भाव से अपने आराध्य की भक्ति करता है, तो भगवान खुद उसकी रक्षा करते हैं। श्रीकृष्ण ने सदैव अधर्म का नाश किया और धर्म की स्थापना की। उनके जीवन से हमें प्रेम, करुणा, त्याग और परोपकार की सीख मिलती है।

### गोवर्धन महिमा: जब श्रीकृष्ण ने इंद्र का अहंकार चूर-चूर किया

कथा के दौरान गोवर्धन पूजा का प्रसंग भी सुनाया गया। इंद्रदेव की पूजा का विरोध करते हुए श्रीकृष्ण ने गोकुलवासियों को गोवर्धन पर्वत की पूजा करने के लिए प्रेरित किया। इंद्रदेव ने इस अपमान से क्रोधित होकर मूसलधार बारिश शुरू कर दी, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी छोटी अंगुली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर सभी की रक्षा की और इंद्र का अहंकार चूर-चूर कर दिया। श्रीकृष्ण की माखन चोरी लीला का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे यह लीला सिर्फ बाल्यकाल की शरारत नहीं, बल्कि ईश्वर की लीला थी, जो भक्तों के प्रेम को स्वीकार करने का प्रतीक है। कालिय नाग ने यमुना नदी को विषाक्त कर दिया था, लेकिन भगवान कृष्ण ने उसे परास्त कर नदी को पुनः शुद्ध कर दिया। इसके अलावा कथा वाचक इंद्रेश जी महाराज ने रासलीला का वर्णन करते हुए कहा कि यह कोई साधारण नृत्य नहीं, बल्कि आत्मा और परमात्मा के मिलन का प्रतीक है। गोपियों की भक्ति और प्रेम को देखकर भगवान श्रीकृष्ण ने उनके साथ रास रचाया, जिससे यह सिद्ध होता है कि ईश्वर प्रेम और भक्ति से ही प्रसन्न होते हैं।

# बेलागढ़ा के पास हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** थाना क्षेत्र के बेलागढ़ा गांव के पास से हथियार के साथ घाघरा पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है, गिरफ्तार दोनों ही युवक विनोद उरांव और उदय उरांव हालमाटी निवासी बताये जा रहे हैं। गिरफ्तार युवकों के पास से एक पिस्तौल व कई कारतूस मिला है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गांव के पास कई युवकों का जुटान हुआ था, जहां पर हथियार लहराया जा रहा था। तभी अचानक थाना प्रभारी तरुण कुमार सादे लिबास में अपने पुलिस जवानों के साथ युवकों को घेर लिया, जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया बाकी लोग भागने में सफल रहे। गिरफ्तारी के कुछ घंटे पहले हथियारबंद अपराधियों के द्वारा एक हालमाटी गांव के ही लड़की को पिस्तौल सटाकर धमकाया गया था। हथियारबंद अपराधियों के गतिविधि से इलाके में दहशत का माहौल है। पूर्व में भी मसरिया डैम के पास एक प्रेमी युगल से मोटरसाइकिल और मोबाइल हथियार के दम पर छीन कर अपराधी के द्वारा ले जाया गया था। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों युवक को गिरफ्तार किया गया है और जेल भेज दिया गया है।

## मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गुमला का किया दौरा

# पंचायत सचिवालय को पूरी तरह सक्रिय रखने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग एवं पंचायती राज विभाग की मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने गुरुवार गुमला जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने परिसदन में विभागीय पदाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मनरेगा, जल छाजन योजना, बेरोजगारी भत्ता योजना सहित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गयी।

बैठक के दौरान मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिया कि पंचायत सचिवालय को पूरी तरह सक्रिय मोड में लाया जाये। उन्होंने कहा कि पंचायत सचिवालय स्थानीय प्रशासन की रीढ़ है और इसे प्रभावी रूप से संचालित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी पंचायत सचिव प्रतिदिन पंचायत सचिवालय में उपस्थित रहें और वहां सुचारू रूप से कार्य संचालन सुनिश्चित करें। साथ ही, सभी स्वयंसेवकों की भी पंचायत सचिवालय में अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित करने की बात कही गयी, ताकि आम जनता को सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पंचायत स्तर पर ही मिल सके और उन्हें बार-बार ब्लॉक कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। मंत्री ने मनरेगा योजना की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि अधिक से अधिक श्रमिकों को इस योजना से जोड़ा जाये, ताकि रोजगार के अवसर बढ़ें और ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक सशक्तिकरण हो सके।

बैठक में बेरोजगारी भत्ता योजना पर भी चर्चा की गयी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इसे सुचारु रूप से संचालित किया जाए, ताकि बेरोजगार युवाओं को राहत मिले और उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। बैठक के उपरांत मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने डुमरी प्रखंड का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रोजेक्ट किशोरी अंतर्गत संचालित सैनेट्री पैड निर्माण सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होंने जेएसपीएलएस (झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी) द्वारा संचालित एफपीओ मॉडल की जानकारी ली और विशेष रूप से डुमरी प्रखंड में एफपीओ की महिलाओं द्वारा संचालित सेनेटरी पैड सेंटर का निरीक्षण किया। मंत्री ने इस परियोजना की सराहना करते हुए कहा कि गुमला जिले में निर्मित सेनेटरी पैड्स सबसे पतले सेनेटरी पैड्स में से एक हैं, जिनमें जेल टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया गया है। उन्होंने इस परियोजना को और अधिक सशक्त करने के लिए हरसंभव सहयोग देने की बात कही।

बैठक में डीआरडीए निदेशक विद्या भूषण, डीसी एलआर सह पंचायती राज पदाधिकारी राजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी सदर राजीव नीरज, कार्यपालक अभियंता जिला परिषद, डीपीएम जेएसपीएलएस शैलेन्द्र जारिका, कार्यपालक अभियंता ग्रामीण विकास विभाग, डीपीओ मनरेगा, एडीएफ मीडिया एलीना दास, डीएमएफटी फैलो अभिनाश पाठक सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# प्रसाद साहू के हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत पोगरा ग्राम निवासी स्वर्गीय प्रसाद साहू की निर्मम हत्या अपराधियों द्वारा कर दी गयी थी। समाचार के माध्यम से पता चलने के बाद कि पीड़ित अपने सूंडी समाज का सदस्य है। गुरुवार को समाज का एक प्रतिनिधिमंडल मृतक के परिवार से मिलने उनके गांव पोगरा गया। जाने के बाद वहां की स्थिति आंखों को नम करने वाली थी मृतक के कुल 6 बच्चे हैं जिनमें पांच बेटियां और एक बेटा है सभी नाबालिक हैं। परिवार की आर्थिक स्थिति बिल्कुल दयनीय है। मृतक के परिजनों द्वारा आपबीती सुनने के बाद समाज की ओर से उन्हें आर्थिक मदद के रूप में कुछ राशि दी गयी और स्थानीय मुखिया से मिलकर सामाजिक सहायता राशि जो सरकार के द्वारा दी जाती है उसे देने के लिए अंचल अधिकारी से बात कर यथाशीघ्र मुहैया करने हेतु आग्रह किया गया और तत्काल राशन डीलर द्वारा चावल की बोरी भेजवाने के लिए कहा गया। एक प्रतिनिधि मंडल आज इस मामले को लेकर गुमला पुलिस अधीक्षक के पास लिखित आवेदन के साथ जायेगी जिसमें हत्यारों के अविलंब गिरफ्तारी सहित परिवार के सुरक्षा और अन्य मांगों को रखा जायेगा। प्रतिनिधि मंडल में सूंडी समाज गुमला के जिला अध्यक्ष सूरज कुमार साहू, निवर्तमान जिला अध्यक्ष सह प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष दिलीप नाथ साहू, जिला सचिव संदीप कुमार, कोषाध्यक्ष संजय कुमार और जिला कार्य समिति के सदस्य वरुण कुमार उपस्थित थे।

# ऑल बॉक्साइट माइंस संघर्ष समिति की बैठक



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** ऑल बॉक्साइट माइंस संघर्ष समिति गुमला की बैठक उत्सव संगम पैलेस घाघरा में समिति के अध्यक्ष राजीव उरांव की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि पूर्व में प्रशासन व हिंडालको प्रबंधन और संघर्ष समिति की एक बैठक थाना में हुई थी। जहां पर सभी की उपस्थिति में हिंडाल्को कंपनी के द्वारा आश्वासन दिया गया था, कि 20 फरवरी तक संघर्ष समिति के मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए उस पर कार्य किया जायेगा, लेकिन कंपनी के द्वारा वादा खिलाफी पूर्व की तरह दोबारा किया गया। अब संघर्ष समिति चुपचाप नहीं बैठेगी। संघर्ष समिति के लोगों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया कि आने वाले 2 मार्च से बिमरला माइंस का परिवहन कार्य को पूरी तरह से बंद कर दिया जायेगा। और आगे की आंदोलन के लिए रूपरेखा बनाकर बृहद आंदोलन की योजना भी बनाया है। इस मौके प्रमुख रूप से संरक्षक शिवकुमार भगत (टुनटुन), क्रान्तिकारी नेता इस्लाम अंसारी, अध्यक्ष राजू उरांव, बीनू राम, बसंत भगत, तबरेज खान, नयामुल अंसारी, जेवियर लकड़ा, जेम्स उरांव, रूबेन एक्का, संदीप तिर्की, सचिन साहू, सुमंत ठाकुर, मुकुल उरांव, विनोद असुर, फिरू असुर व गंडरा असुर सहित कई लोग मौजूद थे।

## बुमतेल गांव की महिलाओं ने लिया संकल्प

# गांव में शराब बनाने और बेचने नहीं दी जायेगी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जारी।** जारी प्रखंड अन्तर्गत बुमतेल गांव की महिलाओं ने शराबबंदी के लिए बैठक कर कड़ा कदम उठाया है। वार्ड सदस्य सरोज लकड़ा ने कहा कि बुमतेल गांव मे किसी तरह का शराब बनाने नहीं दिया जायेगा। उन्होने कहा कि शराब से घर परिवार बिखर जाता है। शराब के नशे से ही चोरी, डकैत बलात्कार जैसे घटना घटती है। आये दिन शराब पीकर वाहन चलाने से सड़क दुर्घटनाए हो रही है। आज बड़े पैमाने पर युवा वर्ग नशा के दल दल मे डूबते जा रहे है। बुमतेल गांव की महिलाओं ने जिस जिस घर मे शराब का निर्माण किया जाता है वहां जाकर हिदायत दी है कि अब से अगर शराब का निर्माण करेंगे तो गांव मे बैठक कर करवाई किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार के द्वारा कई योजनाएं संचालित है। किसी भी कीमत पर शराब बनाने और बेचने नही दिया जायेगा।

# बरटोली गांव में युवक ने मां को मारपीट कर किया घायल

**अनिल ने प्रेम प्रसंग को लेकर मां पर जानलेवा हमला किया**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** सदर थाना क्षेत्र के फसिया पंचायत के बर टोली गांव में पुत्र ने 50 वर्षीय नीलू देवी को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद घायल अवस्था में महिला पड़ोसियों के साथ किसी तरह गुमला थाना पहुंची। इसके बाद थाना से उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां महिला का इलाज चल रहा है।

जानकारी देते हुए घायल महिला नीलू देवी ने बताया गुरुवार की अपराह्न 3:30 बजे वह घर पर थी तभी उसका बेटा अनिल राम घर आया और गाली गलौज करने लगा। इसके बाद ईंट पत्थर से उसे मारपीट करने लगा। वहीं घर में रखे लोहे के रॉड से उसके सिर में जोर से मार दिया, जिसके बाद महिला लहू लुहान होकर गंभीर रूप से घायल हो गयी।

आस पड़ोस के दो युवक उसे गुमला थाना लेकर गये जहां से सदर अस्पताल लाया गया। घायल महिला ने बताया कई वर्ष पूर्व उसके पति की मृत्यु हो चुकी है। उसकी पांच बेटियां है। सभी बेटियां बाहर काम करती है। महिला खुद भी दूसरों के घरों में झाड़ू पोछा का काम करती है। पुत्र नहीं होने के कारण अनिल को उन्होंने बचपन में ही गोद लिया था। उसे कभी माता-पिता की कमी नहीं होने दी और उसकी परवरिश करने लगे। अनिल का पड़ोस के ही एक विधवा महिला से अनैतिक संबंध है महिला के चार बच्चे भी हैं। महिला की पति की मौत 4 वर्ष पूर्व बीमारी से हो गयी थी। दोनों छिप छिप कर मिलते जुलते भी हैं। इसी बात को लेकर मां उसे हमेशा समझाती है। गुरुवार को भी इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हुआ था। इसके बाद पुत्र ने उसे मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया।

मामले को लेकर महिला ने गुमला थाना में शिकायत करने की बात कही। महिला ने कहा जिस पुत्र को बचपन से पाल पोश कर बड़ा किया एक विवाहित महिला के कारण वही मुझे इस तरह से मारपीट कर रहा है। लोगों ने बताया वह अक्सर अपनी मां के साथ लड़ाई झगड़ा करता रहता है।

# असनी पंचायत भवन में अरुण उरांव ने राष्ट्रीय बजट पर की परिचर्चा



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** 20 फरवरी 2025 गुमला के असनी पंचायत पंचायत के पंचायत भवन में भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के प्रवक्ता डॉ अरुण उरांव के द्वारा राष्ट्रीय बजट पर विस्तृत परिचर्चा किया गया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के सरकार के द्वारा महिला सशक्तिकरण, छात्र छात्रों के लिए किये गये कार्य सामाजिक और आर्थिक तौर पर किसानों के सर्वांगीण विकास एवं समृद्धि में किये गये बजट के प्रावधानों को अवगत कराया। यह महत्वपूर्ण बैठक भारतीय जनता पार्टी गुमला जिला के महिला अध्यक्ष और असनी पंचायत के सम्मानित कर्मठ मुखिया गौरी किंडो मिंज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में असनी पंचायत के बहुत से सम्मानित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कार की टक्कर से तीन लोग घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला सदर प्रखंड के बैरटोली के समीप एक कार के चपेट में आने से स्कूटी सवार मां बेटा व साइकिल सवार एक वृद्ध घायल हो गया। इसके बाद तीनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।जहां चिकित्सकों की देखरेख में इलाज चल रहा है। घायल के परिजनों ने जानकारी देते हुए बताया है कि गुमला से एक स्कूटी पर सवार होकर बसुवा पतराटोली निवासी पुनिया लकड़ा 35 वर्षीय व उसका पुत्र 6 वर्षीय मनीष उरांव अपने गांव जा रहे थे। जिस दौरान विपरीत दिशा से घाघरा की ओर से आ रहे एक अनियंत्रित कार के द्वारा स्कूटी सवार दोनों को धक्का मारते हुए नवाडीह टोटो निवासी साइकिल सवार एक वृद्ध रूंगा उरांव को भी चपेट में ले लिया।

# विधायक प्रतिनिधि बनाये गये मनीष हिंदुस्तान

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** कांग्रेसी कार्यकर्ता मनीष हिंदुस्तान को सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने अपना प्रतिनिधि नियुक्त किया है। भूषण बाड़ा ने गुमला जिला अंतर्गत आने वाले पालकोट प्रखंड के लिए मनीष को यह दायित्व सौंपा है। बता दें कि गुमला जिला का पालकोट प्रखंड एक ऐसा प्रखंड है जो सिमडेगा विधान सभा अंतर्गत आता है। मनीष हिंदुस्तान को विधायक प्रतिनिधी बनाये जाने पर कांग्रेसियों ने उन्हें बधाई दी है। बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष चैतु उरांव, सांसद प्रतिनिधि राजनिल तिग्गा, महासचिव फिरोज आलम, मोहम्मद खालिद, रामनिवास प्रसाद, मिनहाज खान, खुर्शीद आलम, युवा जिला अध्यक्ष आजाद अंसारी, ज्योति कुजूर, मीरा हमीद, साहेब वसीम, भुनेश्वर राम, तरुण गोप, गुलाम सरवर, आनंद, खीस्तीना टोप्पो, जास्मीन लुगुन, मुखतार आलम साहित कई लोगों के नाम शामिल हैं।

# समर अभियान में घाघरा के जनप्रतिनिधियों को मिला प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता




**घाघरा।** समर अभियान के तहत घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित गुरुवार किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड प्रमुख सविता देवी, बीडीओ दिनेश कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस प्रशिक्षण में जनप्रतिनिधियों, पंचायत प्रतिनिधियों एवं सरकारी कर्मियों को कुपोषण पर बारीकी से जानकारी दी गयी। क्षेत्रीय प्रबंधक जिला समन्वयक सुजीत कुमार ने बताया कि समर अभियान के तहत बच्चों, गर्भवती महिलाओं और किशोरियों के पोषण स्तर में सुधार लाने के लिए विभिन्न योजनाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है। साथ ही संतुलित आहार स्वच्छता और पोषण से भरपूर खाद्य पदार्थों के सेवन पर जोर देने की बात कही। कुपोषण के लक्षण उसके दुष्प्रभाव और इससे बचाव के उपाय का विस्तार से जानकारी भी दी गयी। इसके साथ ही कुपोषण उन्मूलन के लिए जागरूकता फैलाने की बात कही। वही मौजूद प्रखंड प्रमुख सविता देवी ने कहा कि सभी जनप्रतिनिधि कुपोषण दूर भगाने में अपनी अहम भूमिका निभायें। बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि गर्मी के मौसम में बच्चों और महिलाओं में पोषण की कमी की समस्या बढ़ सकती है। इसे दूर करने के लिए पोषण युक्त आहार, स्वच्छ पेयजल, नियमित स्वास्थ्य जांच आवश्यक है। प्रशिक्षण में मुखिया विनीता कुमारी, अग्नि उरांव, यशमुनी देवी, रानी उरांव, फिरंगी उरांव सहित जनप्रतिनिधि और कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्पोर्ट्स



पहली पारी में विदर्भ ने 383 और मुंबई ने 270 रन बनाए। दूसरी पारी में विदर्भ ने 292 रन बनाये, पहली पारी की बढ़त के आधार पर उन्होंने 406 रन का टारगेट दिया।

# रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल : 5वें दिन मुंबई को 323 रन चाहिए

आजाद सिपाही संवाददाता



**अहमदाबाद/ नागपुर।** रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल के चौथे दिन मुंबई के खिलाफ विदर्भ ने मजबूत पकड़ बना ली है। टीम ने 406 रन का टारगेट दिया। जिसके जवाब में मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिये। टीम को आखिरी दिन 323 रन की जरूरत है। दूसरा सेमीफाइनल केरल और गुजरात के बीच खेला जा रहा है। पहली पारी में केरल ने 457 रन बनाए। गुजरात ने 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए। टीम 28 रन पीछे हैं।

**सेमीफाइनल 1 : मुंबई बनाम विदर्भ**

नागपुर के वीसीए स्टेडियम में विदर्भ ने बैटिंग चुनी। पहली पारी में विदर्भ ने 383 और मुंबई ने 270 रन बनाए। दूसरी पारी में विदर्भ ने 292 रन बनाये, पहली पारी की बढ़त के आधार पर उन्होंने 406 रन का टारगेट दिया। विदर्भ से यश राठौड़ ने 151 और अक्षय वाडकर ने 52 रन बनाये। मुंबई से शम्स मुलानी ने 6 और तनुष कोटियान ने 3 विकेट लिए। 1 विकेट शार्दूल ठाकुर को भी मिला।

**रहाणे 12 रन बनाकर आउट**

मुंबई ने दूसरी पारी में 83 रन पर 3 विकेट गंवा दिये। आयुष म्हात्रे 18, सिद्धेश लाड 2 और कप्तान अजिंक्य रहाणे 12 रन बनाकर आउट हो गए। शिवम दुबे 12 और आकाश आनंद 27 रन बनाकर नॉटआउट रहे। विदर्भ से हर्ष दुबे ने 2 और पार्थ रेखडे ने 1 विकेट लिया।

**सेमीफाइनल 2 : गुजरात बनाम केरल**

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में केरल ने बैटिंग चुनी। टीम ने 187 ओवर बैटिंग की और 457 रन बना दिये। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 177 रन बनाए। सलमान निजार ने 52 और कप्तान सचिन बेबी ने 69 रन बनाए। गुजरात से अर्जन नागवासवाला ने 3 और चिंतन गाजा ने 2 विकेट लिए।

गुजरात ने स्टंप्स तक 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए हैं। टीम से प्रियांक पांचाल ने 148 और आर्या देसाई ने 73 रन बनाए। मिडिल ऑर्डर में 3 बैटर्स ने 30 प्लस रन बनाए। आखिर में जयमीत पटेल 74 और सिद्धार्थ देसाई 24 रन बनाकर नॉटआउट रहे। टीम ने 7 विकेट खोकर 429 रन बना लिए हैं।

**मैच ड्रॉ हुआ तो पहली पारी की बढ़त जरूरी**

केरल से जलज सक्सेना 4 विकेट ले चुके हैं। एमडी नीधेश, एन बासिल और आदित्य सरवटे को 1-1 विकेट मिला। गुजरात फिलहाल पहली पारी में 28 रन से पीछे हैं।

# 55 वर्षीय महिला ने खाया जहर, मौत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुरदरी थाना क्षेत्र अंतर्गत चोटोंग पाट निवासी 55 वर्षीय सुनीता असुर ने बुधवार की रात 9 बजे कीटनाशक पी लिया। इसके बाद तत्काल उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज चल रहा था। लेकिन गुरुवार की अहले सुबह इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गयी। वहीं गुरुवार की दोपहर 1 बजे शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाबत परिजनों ने बताया महिला घाघरा स्थित मकरा के एक प्राइवेट स्कूल में साफ सफाई का काम करती थी। वहीं घाघरा के टोंका टोली में रहती थी। वहां भी उसका अपना घर है। गुरुवार की रात परिवार के सभी लोग एक साथ खाना खाये और सोने चले गये। रात में ही महिला उल्टी करने लगी जिसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आये।

# करमटोली सरहूल नगर की महिला कुंभ में लापता

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला शहर से सटे करमटोली सरहुल नगर की 65 वर्षीय महिला लोहरी देवी कुंभ मेला में लापता हो गयी। गुरुवार की अपराह्न 3 बजे बेटा सुलाव साय ने बताया शनिवार को परिवार के पांच लोग कुंभ गये थे इसके बाद मंगलवार को वापस गुमला लौट रहे थे। तभी रेलवे स्टेशन नैनी में ट्रेन चढ़ने जा रहे थे इसी बीच मेरी मां जूस पीने की बात कह कर कुछ दूर एक दुकान चली गयी हम लोगों ने काफी मना किया लेकिन उसे जूस पीने की आदत है। कुछ देर बाद वह नहीं लौटी तो उसे खोजने गये लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। इसके बाद मंगलवार को पूरे रेलवे स्टेशन परिसर और आसपास के क्षेत्र में काफी खोजबीन की गयी लेकिन मां का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद बुधवार की रात हम लोग गुमला लौट आये। बेटा ने बताया मां के लापता हो जाने से हम लोग काफी परेशान हैं। वहीं शुक्रवार को फिर से मां को खोजने जाने की बात कही।

# बोकारो जिले के हर पंचायत में पांच हजार नये सदस्य बनाने का लक्ष्य: विक्की महतो

## पिछरी उत्तरी-दक्षिणी पंचायत कमेटी का हुआ पुनर्गठन, सदस्यों को दी गयी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिछरी/बेरमो।** झामुमो के आला कमान के निर्देश पर पार्टी के पंचायत कमेटी का पुनर्गठन किया जा रहा है। इसी के तहत बोकारो जिला संयोजक मंडली आदेश पर पेटरवार प्रखंड संयोजक मंडली की ओर से जिला की ओर से नियुक्त पर्यवेक्षक मुक्तेश्वर महतो की उपस्थित में सर्वसम्मती से पिछरी उतरी/दक्षिणी पंचायत कमेटी का पुनर्गठन किया गया। इस दौरान आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो के पूर्व केंद्रीय समिति सदस्य बनवीर मिश्रा ने


सदस्यता अभियान चलाते झामुमो के पदाधिकारी।

किया। इस अवसर पर जिला संयोजक सदस्य घुनू हांसदा ने कहा कि हेमंत सरकार गरीबों के हित के लिए अनेकों जन कल्याणकारी योजना चला रही है। आज पूरे प्रदेश में आम नागरिकों की जन समस्याओं का समाधान तुरंत हो रहा है। जनता से जुड़े मामले को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन खुद अधिकारियों को आदेश देकर समाधान करवा रहे हैं। वहीं, बिक्की महतो ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में झामुमो का एक-एक कार्यकरता सदस्यता अभियान को सफल बनाने में लगा हैं। हेमंत सरकार की जनकल्याणकारी योजना से प्रभावित और विश्वास कर बड़ी संख्या में लोग झामुमो से जुड़े हैं। बनबीर मिश्रा ने कहा कि केंद्रीय समिति से मिले निर्देश पर सभी पंचायत में कमेटी का पुनर्गठन के साथ सदस्यता अभियान चला रहे रहे है। बोकारो जिला में एक लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है। हमलोग हर पंचायत में कम से कम पांच हजार सदस्य बनाएंगे। वहीं, पिछरी दक्षिणी पंचायत में अध्यक्ष जयलाल महतो, सचिव मोतीलाल हेम्ब्रम, कोषाध्यक्ष जानकी महतो, उपाध्यक्ष महेश बास्के, सगंठन सचिव आबिद हुसैन, सयुंक्त सचिव देवीलाल मांझी, उप सचिव मंसा मांझी को बनाया गया। जबकि पिछरी उतरी पंचायत में अध्यक्ष मगंल हांसदा, सचिव सुरज मिश्रा, कोषाध्यक्ष साहबुदीन अंसारी, उपाध्यक्ष प्रकाश महतो, सगंठन सचिव विजय मांझी, सयुंक्त सचिव मदन मिश्रा, उप सचिव चितमण महतो को बनाया गया। इस मौके पर प्रखंड परिवेक्षक मुक्तेश्वर महतो, प्रखंड संयोजक सदस्य ललन सोनी, आसिफ अंसारी, ललन टुडू, जितेन्द्र मिश्रा, हाकिम टुडू, गोबिंद रजवार, कर्मा रविदास, रामायण मुंडा, कपिलदेव महतो, नरेश मांझी, किशोर हांसदा, चेतलाल सोरेन, शिवनाथ बास्के, नेमचद मांझी, रूपलाल बास्के, महेश बास्के, कृष्णा पाल, नरेश मूर्मू और चितमण महतो आदि उपस्थित थे।

## 10वीं परीक्षा का पेपर लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण : पिंटू महतो



**डुमरी/बेरमो (आजाद सिपाही)।** झारखंड में 11 फरवरी से शुरू हुए जैक बोर्ड की 10वीं की परीक्षा के दौरान हिंदी और विज्ञान का पेपर लीक हो गया है। इस पर आजसू के छात्र नेता सह सांसद प्रतिनिधि पिंटू महतो ने कड़ी निंदा की है। कहा कि इस तरह पेपर लीक होना दुर्भाग्यपूर्ण है। इससे छात्रों का मनोबल टूटता है। बताया कि दो दिन पहले ही पेपर लीक हो गया था। जैक बोर्ड की जांच में इसको सही पाया गया है। इस कारण अब बोर्ड ने पूरे राज्य में परीक्षा रद्द कर दी है। दरअसल, परीक्षा के बाद जब वास्तविक प्रश्न पत्र से मिलान करने पर लिखा हुआ प्रश्नपत्र हूबहू पाया गया। इस कारण से हिंदी और विज्ञान की परीक्षा रद्द हो गई है। बताया कि हिंदी की परीक्षा 18 फरवरी और विज्ञान की परीक्षा गुरुवार को ली गयी। सबसे पहले गिरिडीह और कोडरमा में यह प्रश्न पत्र वायरल होने की सूचना आई थी। बताया कि एक वॉट्सऐप ग्रुप में क्यूआर कोड डाला गया और मैसेज भेजा गया कि मैट्रिक और इंटरमीडिएट की परीक्षा के प्रश्नपत्र चाहिए तो इसके लिए 350 रुपए डालना होगा। मैसेज में 20 फरवरी को होने वाली साइंस की परीक्षा का प्रश्नपत्र देने का दावा किया जा रहा था। कुछ देर बाद पीडीएफ मोड में साइंस का प्रश्न पत्र वहां डाला गया। जिसका स्क्रीनशॉर्ट पूरे राज्य में वायरल हो गया। उन्होंने कहा कि आजसू छात्र संघ इसकी कड़ी निंदा करते हुए दोषी अधिकारियों के खिलाफ अविलंब कार्रवाई की मांग करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से मांग की कि इस मामले पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दोषी अधिकारियों को पदमुक्त किया जाय।

## तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में कल लगेगी विशेष लोक अदालत



**तेनुघाट (आजाद सिपाही)।** झारखंड हाई कोर्ट एवं बोकारो के प्रधान जिला जज सह सत्र न्यायाधीश के निर्देस पर 22 फरवरी को तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में विशेष लोक अदालत लगाया जाएगा। जिसमें मेट्रोमोनियल और चेक बाउंस से संबंधित मामलों का निष्पादन किया जाएगा। विशेष लोक अदालत के सफल निष्पादन के लिए तीन बेंच का गठन किया गया है। पहले बेंच पर कुटुंब न्यायालय प्रेमनाथ पांडेय और अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा, दूसरे बेंच पर जिला जज द्वितीय सूर्य मणि त्रिपाठी एवं अधिवक्ता प्रशांत पाल और तीसरे बेंच पर एसीजेएम मनोज कुमार प्रजापति एवं अधिवक्ता बिनोद कुमार गुप्ता रहेंगें। इसकी जानकारी अनुमंडल विधिक सेवा पदाधिकारी समिति की सचिव सह एसडीजेएम रश्मि अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि अब तक कई मामलों का निष्पादन किया जा चुका है। जिस भी मुवक्किल को अपने मामलों का समझौता के आधार पर मामले का निष्पादन कराना हो वह खुद या अपने अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित हो कर मामले का निष्पादन करवा सकते हैं।

## झामुमो के जरीडीह पूर्वी-पश्चिमी पंचायत का पुनर्गठन



**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** जरीडीह बाजार स्थित अनिल अग्रवाल के आवासीय कार्यक्रम में जरीडीह पूर्वी और पश्चिमी पंचायत के गठन को लेकर बेरमो प्रखंड संयोजक मंडली की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता संयोजक प्रमुख ईकबाल अहमद ने की। बैठक में वरिष्ठ नेता अनिल अग्रवाल, पर्यवेक्षक पान बाबू केवट, संयोजक उपप्रमुख रंजीत महतो, संयोजक मंडली के सदस्य मुन्ना साव, संतोष महतो, गणेश श्रीवास्तव ने सर्व सम्मति से दोनों पंचायत के पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसमें जरीडीह पूर्वी पंचायत से अध्यक्ष रवि रवानी, सचिव सचिव परवेज आलम, उपाध्यक राजू श्रीवास्तव एवं प्रेम कुमार सह सचिव कपिल कुमार, कोषाध्यक्ष आकिब अंसारी और जरीडीह पश्चिमी पंचायत में अध्यक्ष गोपाल ठाकुर, उपाध्यक्ष त्रिवेणी लाल श्रीवास्तव, छोटे ठाकुर, सचिव मुकेश रविदास, संयुक्त सचिव राजेश महतो, संगठन सचिव विनोद महतो, कोषाध्यक्ष कलीम अंसारी सहित दर्जनों कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया गया। सभी नए चुने गए पदाधिकारी को माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## जीतपुर, रामकुंडा और चलकारी अस्पताल में सातों दिन 24 घंटे सेवा उपलब्ध करायी जायेगी : सदानंद



**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** आजसू के जिला संगठन सचिव सदानंद महतो ने राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी से मांग की है कि जीतपुर, रामकुंडा और चलकारी अस्पतालों में सातों दिन 24 घंटों सेवा उपलब्ध कराए जाने की व्यवस्था करें। गुरुवार को सदानंद ने कहा कि धनबाद जिला में टुंडी विधानसभा क्षेत्र के तोपचांची की पूरी आबादी ही इन अस्पतालों पर निर्भर है। बड़ी-बड़ी बिल्डिंगों से नहीं, बल्कि मरीजों का इलाज डॉक्टर ही कर सकता है। इस लिए जीतपुर, रोआम, रामाकुंडा और चलकरी को 24 घंटे सातों दिन की तर्ज पर सेवा उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने बताया कि तोपचांची प्रखंड क्षेत्र में चार अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और एक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र साहूबहियार में स्थित है। वहीं 16 उपस्वास्थ्य केंद्र है। वर्तमान में तोपचांची मुख्यालय में क्षेत्रीय अस्पताल निर्माणाधीन है। जीतपुर गोमो में लगभग 26 करोड़ रुपये की लागत से बना स्वर्गीय नेताजी सुभाष चंद्र बोस अस्पताल है। जबकि तोपचांची चौक पर क्षेत्रीय रोआम अस्पताल 3.47 करोड़, रामाकुंडा अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का नया भवन लगभग छह करोड़ की राशि से बन रही है, जो निर्माणाधिन है। इस तरह तातंरी, आसनासिंहा, रोआम, मदैयडीह जैसे कई पंचायतों में नया भवन उपस्वास्थ्य केंद्र के बनाए गए हैं। तोपचांची प्रखंड सुदूर ग्रामीण क्षेत्र होने की वजह से यहां की जनता सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्था पर ही पूरी तरह निर्भर है। पर रोआम, जीतपुर, चलकरी, रामाकुंडा आदि जगहों पर कोई डॉक्टर नहीं है। अगर कहीं है भी तो उनसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इमरजेंसी ड्यूटी लिया जा है।

## एलआइसी की सभी शाखाओं में एक घंटा तक हड़ताल पर रहे कर्मचारी

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** पूरे देश में नयी बहाली एवं एआइआइइए को मान्यता की मांग को लेकर एआइआइइए के आह्वान पर गुरुवार को धनबाद जिले में भी सभी एलआइसी कार्यालय में एक घंटे की हड़ताल की गयी। वकताओं ने कहा कि एलआइसी में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की भारी कमी है। 31 मार्च 2017 को तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की संख्या 57441 थी, जो घटकर 31 मार्च 2024 को 45762 रह गई है। 2020 में अधिसूचित तृतीय श्रेणी के 8000 पदों में से 2700 से अधिक पद विभिन्न कारणों से भरे नहीं जा सके। चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों की स्थिति और भी गंभीर है। भर्ती के माध्यम से इस मुद्दे को हल करने के बजाय, कुछ स्थानों पर चतुर्थ श्रेणी की नौकरियों को पूरी तरह से आउटसोर्स करने का प्रयास किया जा रहा है। अगले कुछ वर्षों में




कई कर्मचारियों के जाने के कारण, ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं को पूरा करने और पसंदीदा बीमाकर्ता के रूप में अपनी प्रमुख स्थिति को बनाए रखने के लिए भर्ती की तत्काल आवश्यकता है। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की संख्या में तेजी से कमी हमारे घोषित उद्देश्य एक मजबूत भारत के लिए एक मजबूत एलआइसी को साकार करने के रास्ते में सबसे बड़ी बाधा बन रही है। हमारा अखिल भारतीय संगठन, एआइआइइए, केंद्रीय कार्यालय स्तर पर बार-बार इस मुद्दे को उठाता रहा है। पिछले पांच वर्षों से प्रबंधन का लगातार यही कहना है कि रिक्तियों पर काम चल रहा है। प्रक्रिया पूरी होते ही भर्ती शुरू हो जाएगी। पर पांच साल में ऐसा कुछ नहीं हुआ। इस मुद्दे पर कर्मचारियों की निराशा और बेचैनी को एआईआईईए ने आपके साथ अपने अनगिनत पत्राचारों, खासकर 20 दिसंबर 2024 के पत्र के माध्यम से पहले ही अवगत करा दिया है। प्रबंधन से मांग हैं कि संस्थान और पॉलिसीधारकों के हित में तृतीय और चतुर्थ श्रेणी के कैडर में भर्ती की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए। हेमंत मिश्रा ने कहा कि हम प्रबंधन से मांग करते हैं कि एआइआइइए को मान्यता देने की प्रक्रिया तुरंत शुरू की जाए।

## जेलगोड़ा शिव मंदिर में निकली भव्य कलश यात्रा

**झरिया/जोरापोखर (आजाद सिपाही)।** जेलगोड़ा 2 पिट्स स्थित नवनिर्मित शिव मंदिर में भगवान शिव की प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिषर से गुरुवार को गाजे बाजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें 251 महिलाओं ने सिर पर कलश लेकर भक्ति गीत गाते हुए नगर भ्रमण किया। इसके बाद जेलगोड़ा 3 नंबर तालाब से कलश में जल भरकर वापस मंदिर प्रांगण पहुंची। प्राण प्रतिष्ठा में जजमान के रूप में सुरेंद्र वर्मा एवं



उनकी पत्नी मंजू देवी थी। जबकि पुजारी में रंजन पांडेय और बबलू पांडेय शामिल थे। इस अवसर पर 12 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का आयोजन किया गया था। शुक्रवार को भंडारा का भी आयोजन होगा। वहीं. कार्यक्रम को सफल बनाने में गणेश साव, बबन कुमार, गोविंद बाउरी, राज कुमार प्रसाद, मंटू सिंह, रंजीत ठाकुर और सूरज यादव आदि की सक्रिय भूमिका रही।

## मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर शुरू

**करगली/बेरमो (आजाद सिपाही)।** सीसीएल बीएंडके अंतर्गत क्षेत्रीय अस्पताल करगली में तीन दिवसीय निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन सह लेंस प्रत्यारोपण शिविर का शुभारंभ गुरुवार को किया गया। मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी (सीएमओ) डॉ संतोष कुमार ने बताया कि इस शिविर का आयोजन सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के सामाजिक निगमित दायित्व (सीएसआर) मद से किया जा रहा है। प्रथम दिवस 100 से अधिक महिला-पुरुष नेत्र रोगियों ने अपनी आंखों की जांच कराई। इसमें 54 लोगों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के योग्य पाया गया।

## धनबाद जिला एनएसयूआइ की बैठक में संगठन को मजबूत बनाने को लेकर चर्चा

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एनएसयूआई धनबाद की कार्यकारणी बैठक गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में हुई। जिसकी अध्यक्षता धनबाद जिला प्रभारी अमन अहमद ने की। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, धनबाद जिला सह प्रभारी प्रिया गुप्ता, प्रदेश सचिव आकाश प्रमाणिक उपस्थित हुए। इ दौरान धनबाद जिला के एनएसयूआई संगठन को मजबूती को लेकर विशेष चर्चा की गयी। धनबाद बीबीएमकेयू विश्वविद्यालय अंतर्गत सभी कॉलेज में कमेटी बनाने की बात की गई। साथ ही पूर्व में हुए



सांगठनिक कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी दिनों में संगठन के कार्यों को लेकर रणनीति बनाई गई कि किस प्रकार अधिक से अधिक छात्रों को संगठन के विचारधारा से जोड़ा जा सके। मौके पर सनी सिंह, रोहित पाठक, नितेश शर्मा, अरुण दास, साहिल अली, देवेन्द्र पासवास, अनिकेत कुमार, विशाल, देवांश वर्मा, ओम प्रकाश राम, पीयूष कुमार, सौरभ कुमार, शंकर प्रसाद, नवीन कुमार, अमन प्रसाद, सोहेल अली, मयंक कुमार, राहुल राज, आयुष कुमार, मोइन अंसारी, समीर अली, शाहबाज खान, अनीस साबरी, अमन अंसारी आदि दर्जनों छात्र उपस्थित थे।

## सात्विक आइवीएफ को राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर बधाई देने धनबाद पहुंचे विधायक सरयू राय

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** सिटी सेंटर स्थित सात्विक आइवीएफ अस्पताल के 10 वर्ष पूरे होने और इसके संचालिका डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को राष्ट्रीय स्तर पर अवार्ड मिलने पर राज्य के पूर्व मंत्री और जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय बधाई देने धनबाद पहुंचे थे। विधायक ने आइवीएफ की संचालिका डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को आशीर्वाद दिया। गौरतलब हो कि सात्विक आइवीएफ का उद्घाटन भी 10 वर्ष पूर्व सरयू राय ने ही किया था। सिटी सेंटर पहुंचने पर संचालिका डॉ नेहा प्रियदर्शिनी और उनकी पूरी टीम ने विधायक सरयू राय को मधुबनी पेंटिंग एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर विधायक ने विगत 10 वर्ष के क्रियाकलापों की जानकारी ली। प्रगति देख प्रसन्नता भी जाहिर की एवं पूरी टीम को बधाई दी। साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को अवार्ड मिलने पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर डॉ विश्वनाथ चौधरी, विजय कुमार झा, डॉ शिवानी झा, डॉ धीरज चौधरी, अनंत श्रीकृष्णा, न्यूट्रिशयन मनीषा मीनू, सुशील सिंह, पिंटू सिंह, रामस्वरूप यादव,



अरविंद सिंह, नवनीत सिंह, दिनेश धारी, पुष्पा पाण्डेय, सात्विक आइवीएफ के अभिनाश कुमार, धीरज सिंह, राजू दत्ता, अमित पासवान, जीतेंद्र कुमार, मधु कुमारी, अन्नू कुमारी, देवराज कुमार, अनिता सिंह और रतन कुमार आदि उपस्थित थे।

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला।**
rdsdgumla123@gmail.com.

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 199 दिनांक 13.02.2025 द्वारा ई0–टेंडरिंग अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–**RDD/SD/GUMLA/29/2024-25** जिसका पी०आर०(PR)सं०–346487 Rural Development (24-25)#D है, में अपरिहार्य कारणों से निम्न संशोधन किया जाता है। ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 17.02.2025 से दिनांक 22.02.2025 को अपराह्न 5:00 बजे के स्थान पर दिनांक 24.02.2025 से दिनांक 03.03.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक एवं ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय 25.02.2025 अपराह्न 2:00 बजे के स्थान पर 05.03.2025 अपराह्न 2:00 बजे तक पढ़ा जाय। शेष नियम यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,
गुमला।

PR 346844 Rural Development(24-25)D

**अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी का कार्यालय, चतरा, (खाद्य सुरक्षा शाखा)**

**प्रेस विज्ञप्ति**
**खाद्य कारोबार कर्त्ता के लिए आम सूचना**

आगामी त्योहारों के मद्देनजर सभी खाद्य कारोबारियों (मिठाई दुकान संचालक, रेस्टोरेंट/ढ़ाबा/होटल संचालक, थोक विक्रेता, खुदरा एवं फुटकर विक्रेता, वितरक, फल/सब्जी विक्रेता, दवा विक्रेता, मीट/मुर्गा/मछली विक्रेता एवं Fast Food विक्रेता इत्यादि) को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित बिन्दुओं का शत्–प्रतिशत अनुपालन करना सुनिश्चित करेंगे :–

1. मिठाई बनाने वाले खाद्य कारोबारियों को सख्त निर्देश दिया जाता है कि मिठाईयों को सुरक्षित एवं अत्याधिक आकर्शक बनाने एवं रखने के लिए आवांछित केमिकल एवं स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर डालने वाले अखाद्य/औद्योगिक रंगों का उपयोग नहीं करेंगे। साथ ही Fssai द्वारा अधिकृत प्राकृतिक एवं कृत्रिम रंगों का मिठाईयों में उपयोग तय मानक (100 ppm या 100mg/L) के अनुरूप ही करेंगे।
2. विभिन्न प्रकार के मिठाईयों में जैसें:–खोवा/मावा/रसगुल्ला/छेना में आरारोट/आटा/मैदा/सूजी इत्यादि, काजू बर्फी में गुलकोज, आटा, मैदा एवं घी में रिफाइन/तेल इत्यादि का मिलावट नहीं करेंगे।
3. अपने–अपने खाद्य प्रतिष्ठानों में FSSAI License/Registration no का प्रमाण–पत्र अपने परिसर के प्रमुख स्थान पर दर्शाना सुनिश्चित करेंगे।
4. विभिन्न खाद्य पदार्थो का निर्माण करते समय सभी कर्मियों के द्वारा संबंधित मिठाई/रेस्तरा/होटल/ढ़ाबा में Handgloves, Hairnet (बाल ढ़कने का टोपी) एवं Mask आदि का उपयोग करवाना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही खाद्य परिसर का समुचित साफ–सफाई रखना सुनिश्चित करेंगे।
5. यदि किसी कारण वश अभी तक FSSAI License/Registration no नहीं लिया है अथवा Renewal नहीं कराया है, तो 7 दिनों के अन्दर www.foscos.Fssai.gov.in पर जाकर Online वार्षिक कारोबार के अनुसार(<12 Lakh, Fssai Registration, ≥12 Lakh, Fssai License) आवेदन करना सुनिश्चित करेंगे।
6. ज्ञात हो कि बिना Valid Fssai License / Registration के खाद्य कारोबार करने पर अधिकतम 10 (दस) लाख रूपये तक का जुर्माना हो सकता है।
7. पैकेट बंद खाद्य पदार्थ बिना Fssai License No., बनने की तिथि, Expiry की तिथि, Batch no, Nutritional सूचना इत्यादि के क्रय–विक्रय करना FSS Act.2006 की धारा–52 के तहत् दंडनीय अपराध है।
8. सभी खाद्य पदार्थो को केवल लाइसेंस प्राप्त या रजिस्टर्ड विक्रेताओं से ही खरीदने एवे बेचने के साथ ही इसका रिकॉर्ड रखना सुनिश्चित करेंगे।
9. तले भुने हुए गर्म खाद्य पदार्थों जैसे–समोसे, पकौडे, जलेबी, कचरी, बरा, दुसका आदि को अखबार, प्रिन्टेंड पेपर एवं प्लास्टिक/पॉलिथीन में देना सख्त मना है।
10. सभी होटल एवं रेस्टोरेंट के संचालको द्वारा उनके यहाँ कार्यरत कर्मियों का नियमाकुल स्वास्थ्य जाँच कराना एवं मेडिकल फिटनेस प्रमाण–पत्र रखना आवश्यक है।
11. होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई विक्रेता एवं अन्य फास्ट फूड दुकानदार विशेश रूप से दूध, पनीर, खोवा/मावा, इत्यादि फूड लाईसेंसधारी वेंडर से ही लेंगे एवं उक्त वेंडर का फूड लाईसेंस व बिल दुकान में रखना सुनिश्चित करेंगे। निरीक्षण के क्रम में अज्ञात स्रोत से प्राप्त सामग्रियों को जाँच कर, जप्त एवं नश्ट करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जा सकती है।
12. सभी स्ट्रीट फूड वेंडर (मेला क्षेत्र में लगने वाले अस्थाई स्ट्रीट वेंडर सहित) बिक्री किए जाने वाले खाद्य सामग्रियों को ठीक से ढ़क कर रखेंगे एवं वैद्य Fssai फूड लाईसेंस/रजिस्ट्रेशन लेकर ही कारोबार करेंगे।
13. सड़क/नाला किनारे एवं खुले में मुर्गा माँस एव मछली दुकानों का संचालन करना पूर्णतः प्रतिबंधित है। साथ ही सभी मीट विक्रेता अपने खाद्य परिसर में ब्लैक (Black) शीशा लगा करके ही कारोबार करना सुनिश्चित करेंगे।

उपरोक्त सभी दिशा–निर्देशों का अनुपालन नहीं करने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम–2006 की सुसंगत धाराओं के तहत् विधि–सम्मत् कार्रवाई की जायेगी।

Note:- साथ ही उपभेक्ताओं को भी सूचित किया जाता है कि यदि किसी खाद्य कारोबारी के द्वारा मिलावटी, Expiry अथवा किसी प्रकार का अवमानक खाद्य सामग्री दिया जाता है, तो इसकी शिकायत खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, चतरा (मो0–9472453055) एवं Toll Free No-1800112100 तथा Food Safety Connect App पर अवश्य करें।

**इसे अति आवश्यक समझा जाय।**

खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, चतरा।
अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, चतरा।

**PR 346837 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D**

# स्टेट बैंक की बहलदा शाखा से 30 लाख रुपये की लूट, दो कर्मचारी घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** गुरुवार को मयूरभंज बहलदा एसबीआइ बैंक शाखा को ग्राहक बनकर आये और बैंक से 30 लाख लूट कर ले गये। यहां तक कि बैंक के दो कर्मचारियों की भी लुटेरों ने पिटाई की। हमले में दो बैंक कर्मचारी भी घायल हो गये। घटनास्थल पर बहलदा पुलिस मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक,




गुरुवार को सुबह बैंक खुलने के कुछ देर बाद दो बाइक पर 5 लुटेरे बैंक पहुंचे। तीन नकाबपोश लुटेरे बैंक में घुसे, जबकि दो बाहर पहरा दे रहे थे। उन्होंने बैंक में घुसकर कर्मचारियों और ग्राहकों को बंदूक की नोक पर धमकाकर पैसे लूट लिये। काम में बाधा डालने पर उन्होंने बैंक मैनेजर समेत एक अन्य कर्मचारी की पिटाई की। पलक झपकते ही बदमाश नो 30 लाख से ज्यादा रुपये लेकर बाइक से फरार हो गये। रायरंगपुर के एडिशनल एसपी, एसडीपीओ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू की। घायल दो बैंक कर्मचारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# किट ने प्रकृति लामसल की स्मृति में छात्रवृत्ति की घोषणा की

आजाद सिपाही संवाददाता




**भुवनेश्वर।** प्रकृति लामसल का पार्थिव शरीर बुधवार को उनके पिता और मामा को सौंप दिया गया, जिसके बाद किट और किस के संस्थापक डॉ अच्युत सामंत ने परिवार से मुलाकात की और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर डॉ सामंत ने घोषणा की कि प्रकृति की स्मृति में उनके नाम पर एक छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी। नयी दिल्ली स्थित नेपाली दूतावास के वरिष्ठ अधिकारियों ने परिसर में नेपाली छात्रों से मुलाकात की और उन्हें आश्वासन दिया कि इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी। यह दौरा तब हो रहा है जब कई छात्र जो अपने घरों के लिए रवाना हुए थे, उन्होंने परिसर में लौटना शुरू कर दिया है। किट ने उन छातों की वापसी को सुविधाजनक बनाने के लिए सक्रिय उपाय किये हैं जो अभी तक वापस नहीं आये हैं। डॉ सामंत ने नेपाल के विदेश मंत्री अर्जु राणा देउबा और जल आपूर्ति मंत्री प्रदीप यादव से भी बात की और उन्हें आश्वासन दिया कि किट सभी छात्रों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने नेपाल के प्रांत 2 के पूर्व मुख्यमंत्री लालबाबू राउत से भी इस घटना के बारे में बात की और उन्हें बताया कि संस्थान छात्रों को वापस लाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था कर रहा है।

पूर्व मध्य रेल
ई-निविदा सूचना
(मुख्य परियोजना प्रबंधक) गति शक्ति यूनिट पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-
ई-निविदा संख्या : 08-GS-DHN-2024-25.
1. कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि : मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति यूनिट) पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद मंडल के डी एस (कुसुंडा-(टी ई टी) तेतुलमारी (अनुभाग में – केडीएस) कुसुंडा (टी ई टी) तेतुलमारी में सड़क के नीचे पुल) आर यू बी (द्वारा लेवल क्रॉसिंग नंबर 1/C/T और 2/A/3T का उन्मूलन। 12 (महीने)। 2. कार्य की लगभग लागत (रूपये में) : ₹14,68,73,205/-, 3. ब्याने की राशि (रूपये में) : ब्याने की राशि (रूपये में) http://www.ireps.gov.in पोर्टल पर दिखाये राशि के अनुसार लागु। 4. निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख तथा समय : ई-निविदा बंद होने की तारीख 11.03.2025 को 15:30 बजे तक ई-निविदा खुलने की तारीख 12.03.2025 को 12:00 बजे से। 5. वेबसाइट का विवरण : http://www.ireps.gov.in ई-निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।
नोट :- (i) प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई-निविदा की जारी होने की कोई भी परिवर्तन और शुद्धि पत्र की ओर ध्यान देने के लिए निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पंद्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in अवलोकन करें।
मुख्य परियोजना प्रबंधक (गति शक्ति)/ पूमरे/धनबाद
पीआर/02142/डीएचएन/अभि./टी/24-25/44

# टीपीडब्ल्यूओडीएल ने देवगढ़ में नये डिवीजनल कार्यालय का उद्घाटन किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**बुर्ला/देवगढ़।** टाटा पावर और ओड़िशा सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम टीपी वेस्टर्न ओड़िशा डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (टीपीडब्ल्यूओडीएल) अपनी चल रही विकास यात्रा के हिस्से के रूप में पश्चिमी ओड़िशा में अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत करना जारी रखता है। परिचालन दक्षता और कर्मचारी कल्याण को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, टीपीडब्ल्यूओडीएल ने (दिनांकः 20-02-2025) देवगढ़ में एक नये डिवीजन कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में टीपीडब्ल्यूओडीएल के वित्त प्रमुख सतीश कुमार के साथ-साथ



कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। अत्याधुनिक तकनीक और आधुनिक बुनियादी ढांचे के साथ बनाया गया, यह नया कार्यालय टीपीडब्ल्यूओडीएल के कर्मचारियों के लिए एक महत्वपूर्ण परिसंपत्ति के रूप में काम करेगा, जिससे वे एक आरामदायक और अनुकूल वातावरण में काम कर सकेंगे। दीर्घकालिक दृष्टि से डिजाइन किये गो इस कार्यालय का उद्देश्य टीपीडब्ल्यूओडीएल के कर्मचारियों की योग्यता और दक्षता को बढ़ाते हुए अधिक उत्पादक कार्य वातावरण को बढ़ावा देना है। इससे, बदले में, उपभोक्ता सेवा में तेजी आयेगी और अधिक प्रभावी सेवा मिलेगी, ग्राहक संतुष्टि में सुधार होगा, और पूरे क्षेत्र में सेवाओं की बेहतर समग्र गुणवत्ता होगी।

# मैट्रिक परीक्षा आज से शुरू




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक परीक्षा शुक्रवार से राज्य भर के 3133 परीक्षा केंद्रों पर शुरू होगी। 6 मार्च तक होने वाली मैट्रिक, मध्यमा और ओपन स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 5 लाख 22 हजार 336 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा 3133 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की जायेगी और परीक्षा को सुव्यवस्थित करने के लिए 314 नोडल केंद्र बनाये गये हैं। शुक्रवार को परीक्षा सुबह 9 बजे शुरू होगी और छात्र 7: 30 बजे केंद्र में प्रवेश करेंगे। अंतिम तैयारियों को जांचने के लिए बोर्ड ने 600 केंद्रों का लाइव ड्राई रन किया गया है।

# लखनऊ बाजार में दिनदहाड़े व्यक्ति को गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवादाता

**लखनऊ।** लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में गुरुवार रात एक दिल दहला देने वाली घटना में अंकित लोधी नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। अंकित एक दुकान के बाहर खड़ा था, तभी कुछ बदमाशों ने उस पर गोली चला दी, जिससे वह घायल हो गया। बदमाश मौके से फरार हो गये। अंकित को तुरंत ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस दुर्घटना की जांच कर रही है और इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। पुलिस अंकित के परिवार के सदस्यों और दोस्तों से पूछ-ताछ कर रही है ताकि आगे की जानकारी मिल सके। पुलिस की जांच में पता चला है कि हत्या पुरानी रंजिश का नतीजा हो सकती है। पुलिस हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। डीसीपी वेस्ट जोन विश्वजीत श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस हर संभव दिशा से मामले की जांच कर रही है।

FURNITURE PLANET
A Unit of Supreme Techno (India)
Manufacturing Unit of
Revolving Chairs, Office Sofa and Restaurant Furniture



LARGEST SHOWROOM IN JHARKHAND
Web: www.supremetechnoindia.com
Add.: Opp. Hanuman Dharamkanta, Kokar, Ranchi
9570040095, 9570007788

POPKORN cinemas
SUJATA PICTURE PALACE
Now Showing






Schedule For 21st Feb., 2025 onwards!

| | |
|---|---|
| at Screen-1 (Sujata) | |
| Chhaava | : 11.00, 1.45, 4.45, 7.45 |
| at Screen-2 (Miniplex) | |
| Chhaava | : 1.00, 4.00, 7.00 |
| Sanam Teri Kasam | : 10.30 |
| at Popkorn Cinemas | |
| Chhaava | : 12.30, 2.00, 5.00, 6.00, 8.00 |
| Sanam Teri Kasam | : 10.00 |
| Mere Husband Ki Biwi | : 11.15, 3.30, 8.45 |

*Due to security reasons, only mobiles, wallets & ladies handbags allowed. Patrons are requested to reach the cinema 30 mins before the start of the show to avoid any inconvenience.
*All above information is subject to change without prior notice.

# अभिनेता दलीप ताहिल ने ओड़िशा के पूर्व सीएम से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** बॉलीवुड के मशहूर अभिनेता दलीप ताहिल ने गुरुवार को ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक से भुवनेश्वर में मुलाकात की। मुलाकात के बाद 'टार्जन' अभिनेता काफी खुश नजर आये। खबरों के अनुसार, प्रसिद्ध बॉलीवुड अभिनेता दलीप ताहिल ने नवीन निवास में विपक्ष के नेता और बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक से मुलाकात की। रिपोर्ट के अनुसार, पता चला है कि ताहिल के पिता पायलट थे। वह भी बीजू बाबू (ओड़िशा के पूर्व सीएम और तेलुगू देशम पार्टी के नेता) की कलिंगा एयरवेज में। जब फि ल्म की बात आती है, तो दलीप ताहिल एक अनुभवी बॉलीवुड अभिनेता हैं जो अपनी बहुमुखी प्रतिभा और विविधता के लिए जाने जाते हैं। चार दशकों से अधिक के करियर के साथ, उन्होंने कई प्रतिष्ठित फि ल्मों में काम किया है, जिनमें शक्ति, अर्जुन, राजा, बाजीगर, गुलाम और भाग मिल्खा भाग शामिल हैं। ताहिल के अभिनय ने उन्हें लगातार आलोचकों की प्रशंसा दिलाई है, जिससे बॉलीवुड फि ल्म उद्योग में एक सम्मानित चरित्र अभिनेता के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हुई है।

# यूपी बजट : 92 हजार नौकरी, छात्राओं को फ्री स्कूटी

- 9 लाख आउटसोर्स कर्मियों की सैलरी बढ़ाई
- आवारा पशुओं की समस्या खत्म करने का ऐलान



आजाद सिपाही संवाददाता

**लखनऊ।** यूपी की योगी सरकार ने गुरुवार को 2025-26 का बजट पेश किया। बजट में सरकार ने आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का मानदेय बढ़ाने का ऐलान किया है। इससे 9 लाख कर्मचारियों को फायदा होगा। अब उन्हें 16 हजार की जगह न्यूनतम मानदेय 20 हजार रुपए दिया जायेगा। 12वीं में अच्छे नंबर लाने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को फ्री में स्कूटी मिलेगी। इसमें यूपी बोर्ड के अलावा सीबीएसइ की छात्राओं को भी शामिल किया जायेगा। हर जिले में लेबर अड्डे बनायेंगे, जहां कैंटीन, टॉयलेट की सुविधा रहेगी। लखनऊ में अक यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिटी बनायी जायेगी। अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को 365 करोड़ रुपये स्कॉलरशिप मिलेगी। इसमें विधानसभा चुनाव- 2027 की तैयारियां दिखीं। योगी ने बजट 'सनातन को समर्पित' बताया।

**वित्र मंत्री की 5 बड़ी घोषणाएं**

यूपी में मध्यप्रदेश-राजस्थान की तर्ज पर 12वीं में अच्छे नंबर लाने वाली प्रतिभाशाली छात्राओं को फ्री में स्कूटी मिलेगी। इसमें यूपी बोर्ड के अलावा सीबीएसई को भी शामिल किया जायेगा। युवाओं को ब्याजमुक्त लोन दिया जायेगा। प्रतियोगी छात्रों के लिए सभी जिलों में मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना के तहत कोचिंग खोली जायेंगी। हर साल 1 लाख नये छोटे उद्यमों की स्थापना की जायेगी। किसानों को छुट्टा मवेशियों से राहत दिलाई जायेगी। मवेशियों के रख-रखाव के लिए दो हजार करोड़ का बजट दिया है। बड़े गोवंश संरक्षण केंद्र बनाये जायेंगे। मवेशियों की टैगिंग की जायेगी। प्रदेश में 4 नये एक्सप्रेस-वे बनाये जायेंगे। आगरा एक्सप्रेस-वे से गंगा एक्सप्रेस-वे को जोड़ने के लिए नया एक्सप्रेस-वे बनेगा। बुंदेलखंड-रीवा एक्सप्रेस-वे, विंध्य एक्सप्रेस-वे के अलावा गंगा एक्सप्रेस-वे का विस्तार होगा। मथुरा-वृंदावन कॉरिडोर बनेगा। मिजार्पुर के त्रिकोणीय क्षेत्र में मां विंध्यवासिनी मंदिर, मां अष्टभुजा मंदिर, मां काली खोह मंदिर के परिक्रमा पथ को विकसित किया जायेगा। सीतापुर के नेमिषारण्य में वेद विज्ञान केंद्र बनेगा। वित्तमंत्री ने सदन में पढ़ी 8 शायरी, बजट के बीच लगे ठहाके। वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने 1 घंटे 41 मिनट का बजट भाषण दिया। उन्होंने बजट से पहले श्रीरामचरितमानस की चौपाई पढ़ी। बाद में भाषण के बीच शेर-ओ-शायरी से सपा पर निशाना साधते रहे। मंत्री खन्ना ने 8 शायरी पढ़ी। सीएम योगी और अन्य विधायक हंसते नजर आये। वित्त मंत्री ने गुरुवार सुबह घर में पूजा की। इसके बाद वह सीएम आवास पहुंचे। यहां बजट को कैबिनेट की मंजूरी दी गयी। फिर बजट लेकर वित्तमंत्री विधानसभा पहुंचे। सुरेश खन्ना ने आज लगातार छठवीं बार बजट पेश किया। वह 2020 से लगातार बजट पेश कर रहे हैं। यूपी के लिहाज से यह एक रिकॉर्ड है।

JOB VACANCY
सुनहरा अवसर महिलाओं के लिए
एक बड़ी Reputed Company में राँची के लिए Jobs Opportunity है जिसके लिए निम्न योगयताएँ अनिवार्य है :-
- Only Female.
- Age 30 to 45 Years.
- Minimum Qualification Graduation
- Married only.
- Experience को वरियता

Post Applied For
Life planning Officer (LPO)
Fixed Salary : Rs. 12000 to 17000 (Monthly) +Incentive, PF, Gratuity, Medical & Bonus
Eligible Candidates are request to contact immediately with resume & Photograph on below Contact.
Vacancy सिमित है.. ONLY 10 LEFT HURRY UP
नोट : 29 साल से कम एवं 45 साल से उपर उम्र वाले व्यक्ति सम्पर्क न करें।
Address : 2nd Floor, R.S. Tower, Lalpur, Ranchi
M.: 7004800036, 9905678089 (W)

# कैबिनेट संग दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने की वासुदेव घाट पर आरती

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की नयी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार शाम को वासुदेव घाट पर यमुनी नदी की पूजा-अर्चना और आरती की। इस दौरान दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा, आशीष सूद, मनजिंदर सिंह सिरसा, रविंदर इंद्राज सिंह, कपिल मिश्रा, पंकज कुमार सिंह सहित अन्य बीजेपी नेता भी वासुदेव घाट पर पूजा करते नजर आये। दिल्ली में नयी सरकार के गठन के पहले दिन यमुना नदी की आरती तक बीजेपी ने यमुना की साफ-सफाई को लेकर अपने संकल्प को फिर से दोहराया। हालांकि दिल्ली चुनाव जीतने के बाद से ही बीजेपी यमुना



की सफाई को लेकर काफी ऐक्टिव नजर आ रही है। कई मशीनें यमुना की सफाई में लगी हुई हैं।

**यमुना की सफाई दिल्ली सरकार की प्राथमिकता**

बीजेपी नेता और शालीमार बाग विधानसभा क्षेत्र से विधायक रेखा गुप्ता ने दोपहर दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। उनके साथ 6 मंत्रियों ने भी शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह के बाद गुरुवार शाम को मुख्यमंत्री समेत उनकी पूरी कैबिनेट दिल्ली में यमुना नदी के घाट पर पहुंची और पूजा-अर्चना की।

**दिल्ली चुनाव में छाया था यमुना की सफाई का मुद्दा**

इसके बाद दिल्ली की मुख्यमंत्री और उनके मंत्रियों ने यमुना घाट पर साफ-सफाई का जायजा लिया। अपने इस कदम के साथ ही दिल्ली की नयी सरकार ने अपनी प्राथमिकताएं भी स्पष्ट कर दी हैं। दरअसल दिल्ली विधानसभा चुनाव में यमुना की सफाई एक बड़ा मुद्दा बना था। बीजेपी ने इस मामले में अरविंद केजरीवाल को घेरा था। यमुना की सफाई भी आम आदमी पार्टी की हार के कारणों में सबसे प्रमुख है। अब दिल्ली की नयी सरकार इस मुद्दे को काफी गंभीरता से ले रही है।


# ओड़िशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर माओवादियों ने शिक्षक समेत 2 लोगों की हत्या की



आजाद सिपाही संवाददाता

**मलकानगिरी।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों ने कथित तौर पर एक शिक्षक सहित दो लोगों की हत्या कर दी है। यह घटना मलकानगिरी जिले से सटे ओडिशा-छत्तीसगढ़ सीमा पर स्थित कुसलना गांव में हुई। रिपोर्ट के अनुसार, मलकानगिरी जिले की सीमा से लगे छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में माओवादियों ने एक शिक्षक समेत दो लोगों की हत्या कर दी। इलाके में माओवादियों का यह क्रूर हमला पंचायत चुनाव के दूसरे चरण से ठीक पहले हुआ है। कथित तौर पर, माओवादियों ने पहले स्थानीय लोगों को पंचायत चुनावों का बहिष्कार करने की धमकी दी थी। घटना के बाद स्थानीय क्षेत्र में आतंक फैल गया। चुनाव को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने घटना के बाद तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

प्रकाशित
झारखंड अधिविद्य परिषद्, राँची द्वारा आयोजित वर्ग-XI की बोर्ड परीक्षा - 2025 के लिए JCERT, राँची द्वारा जारी नये संशोधित पाठ्यक्रम (बहुविकल्पीय प्रश्न)




मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD.
4, R. G. STREET, THARPAKHNA
RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**